CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 7 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 236 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अशोक सिद्धार्थ का निष्कासन रद्द, बसपा में हुई वापसी पेज 2



पाक आईसीसी महिला विश्व कप उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा खेल टाइम्स



भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन: जिनपिंग पेज 11



फ्लाइट के साथ जुड़ी सान्या मल्होत्रा बॉलीवुड

## ताजमहल तक पहुंचा यमुना का पानी, खतरे का निशान हुआ पार

आगरा, वार्ता

■ हथिनीकुंड बैराज से ढाई लाख क्यूसेक पानी और छोड़ा

**आगरा में** ताजमहल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया था। इससे बाइक-कार डूब गईं। भारी बारिश के बीच हथिनीकुंड बैराज से शुक्रवार को ढाई लाख क्यूसेक पानी और छोड़ दिया गया।

यही नहीं, गोकुल बैराज से शुक्रवार शाम सात बजे 1.22 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना में बाढ़ के हालात बन गए हैं। चेतावनी बिंदु के 3.3 फीट ऊपर (498.3 फीट) बह रही यमुना शनिवार को बाढ़ के स्तर 499 फीट के आंकड़े को पार कर सकती है। बाढ़ के हालात के बीच जिला प्रशासन ने सदर तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले ठार आश्रम के मेहरा नाहरगंज के 40 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। जलस्तर और बढ़ने पर



पांच हजार परिवार चपेट में आ सकते हैं। सिंचाई विभाग के अनुसार यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई क्षेत्रों में झोपड़ी-खेत खलिहान डूब चुके हैं। शहर का नगला बूढ़ी, अमर विहार दयालबाग, मोतीमहल, कटरा वजीर खां, रामबाग बस्ती का क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ सकता है। वहीं, ग्राम तनौरा, नूरपुर, मेहरा नाहगंज, विसारना, कैलाश, स्वामी बाग, फतेहाबाद तहसील में ग्राम-भरापुर, बमरौली, इंदौन, मडायना, मेलीकला, गुडा, मेवली खुर्द, हिमायूपुर, बुर्ज, नगला छीतर सिंह, मेहरा नाहरगंज, महल बादशाही, नगला तल्फी, नगल पैमा, तहसील फतेहाबाद में शाहिदपुर, वीरपुरा, बेहड़, पारौली सिकरवार, बिचौला, गिदौन, तहसील एत्मादपुर में नगला धीमर, बढ़नुपरा, रहनकलां, नगला कटा प्रभावित हो सकते हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में नाले बैक मार रहे हैं। टैपिंग की वजह से भी नालों का पानी पीछे आ रहा है। ऐसे में बारिश के बाद अब उफनाई यमुना की दोहरी मार से शहर के लोगों की परेशानी बढ़ना तय माना जा रहा है।

## राशिद इंजीनियर पर तिहाड़ में हमला



■ पुलिस ने बताया किन्नरों से झड़प हुई, पार्टी ने कहा- हत्या की साजिश

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सांसद राशिद इंजीनियर पर दिल्ली की तिहाड़ जेल में हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन पर एक ट्रांसजेंडर ने हमला तब किया जब वे अपनी बैरक में थे।

जेल अधिकारियों ने बताया कि राशिद को मामूली चोटें आईं। वे सुरक्षित हैं। उधर, राशिद की पार्टी अवामी इत्तेहाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि ये राशिद को जेल के अंदर मारने की साजिश है। एक पैटर्न के तहत जेल के अंदर कश्मीरी कैदियों पर हमला हो रहा है। इससे पहले भी कई कश्मीरियों पर जेल के अंदर हमला हुआ।

## मोदी मैजिक: 12 घंटे में ट्रम्प पलटे
## 'महान दोस्त' कहकर चौंकाया
### बोले- भारत के साथ रिश्ते अहम, रूस से तेल खरीदने पर नाराजगी भी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मोदी की बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया
■ कहा: वह ट्रम्प की भावनाओं का सम्मान करते हैं

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत पर भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों में चल रही तनातनी के बीच पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत के साथ संबंधों को विशेष और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अच्छा दोस्त बताए जाने वाले बयान और उस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सकारात्मक जवाब के बाद इस मुद्दे के समाधान की उम्मीद बढ़ गई है।

श्री ट्रम्प ने शुक्रवार को अपने पहले दिए गए बयान से बारह घंटे में ही पलटते हुए व्हाइट हाउस में भारत के साथ रिश्तों को बेहद खास बताते हुए कहा था कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वह महान प्रधानमंत्री हैं। दोनों देशों के संबंधों के बारे में श्री ट्रम्प ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छी बनती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साथ ही यह भी कहा कि लेकिन उन्हें भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराजगी भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कभी-कभी इस तरह की बातें हो जाती हैं। श्री मोदी ने शनिवार को इसके जवाब पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि वह श्री ट्रम्प की भावनाओं का सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अत्यंत सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

### मोदी ने की फ्रांस के राष्ट्रपति से बात

■ द्विपक्षीय सहयोग से यूक्रेन जंग तक कई मुद्दों पर मंथन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत की है। दोनों नेताओं ने वार्ता में भरोसेमंद और बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने पर जोर दिया।

दोनों नेताओं ने रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, शिक्षा, अंतरिक्ष और क्षेत्रीय- वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान उनके बीच विशेष तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की। दोनों ने युद्ध खत्म कर शांति स्थापित करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा और सकारात्मक मूल्यांकन किया। यूक्रेन में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के प्रयासों सहित अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## उत्तराखंड में फिर फटा बादल
### उत्तरकाशी में उफान पर नाला, घरों व दुकानों में घुसा पानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

लोगों ने खाली किए घर

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जनपद के नौगांव बाजार के स्योरी फल पटी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है।

एक आवासीय भवन गदेरे के मलबे में दब गया। आधा दर्जन से भी अधिक भवनों में पानी भर गया है। देवलसारी गदेरे में एक मिक्चर मशीन और कुछ दुपहिया वाहनों के बहने की भी सूचना है। एक कार भी मलबे में दब गई है। खतरे को देखते हुए कई लोगों ने अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। इससे पहले खबर आ रही थी कि नौगांव के बीच बहने वाला नाला अतिवृष्टि के कारण उफान पर आया है। जिसके कारण कई दुकानों और घरों में पानी घुस गया। वहीं सड़क पर खड़े कई दोपहिया वाहन बह गए। उत्तराखंड के चार पर्वतीय जिलों में भूकंप से भूस्खलन का बड़ा खतरा है। इनमें रुद्रप्रयाग सबसे अधिक संवेदनशील है। पहली बार आईआईटी रुड़की के आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों ने जिलावार अध्ययन करके भूकंप -शेष पृष्ठ दो पर



### दिल्ली के कई इलाकों में भरा पानी

■ यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही, मथुरा में कालोनियां डूबीं
■ पांच दिन से बंद चारधाम यात्रा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। उत्तराखंड में शनिवार से चार धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितम्बर के बीच यात्रा रोक दी थी। शनिवार से चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है। पंजाब के 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की -शेष पृष्ठ दो पर

## गुजरात के पावागढ़ शक्तिपीठ में गुड्स रोपवे टूटा, छह की मौत

■ मरने वालों में लिफ्ट ऑपरेटर व मजदूर शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहाल जिले के पावागढ़ के महाकाली मंदिर शक्तिपीठ में शनिवार को गुड्स (सामान ले जाने वाले) रोपवे के टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक, रोपवे का तार टूटने की वजह से ट्रॉली ऊंचाई से नीचे जमीन में गिर गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर भी है। वहीं, मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिवक्ता अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शनिवार को एक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित यह घोषणा की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल कर एक पोस्ट कर जानकारी साझा की।

## इंडिगो की अबू धाबी फ्लाइट में आई खराबी, वापस लौटी

**कोच्चि/नई दिल्ली।** इंडिगो का कोच्चि से अबू धाबी जा रहा विमान तकनीकी खराबी के कारण वापस कोच्चि लौट आया।

इंडिगो ने एक बयान में बताया कि उड़ान संख्या 6ई 1403 ने छह सितम्बर को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अबू धाबी के लिए उड़ान भरी थी। रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद पायलट ने सतर्कता बरतते हुए विमान को वापस कोच्चि की तरफ मोड़ दिया। कोच्चि हवाई अड्डे पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान को जरूरी जांच के लिए उड़ान भरने से रोक दिया गया है। यात्रियों को दूसरे विमान से अबू धाबी भेजा गया। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताया है और सुरक्षा के प्रति एयरलाइंस की प्रतिबद्धता दर्शाई है।

## उपलब्धि: केरल ने शिशु मृत्यु दर में अमेरिका को पछाड़ा

तिरुवनंतपुरम, वार्ता

■ अमेरिका के 5-6 के मुकाबले 2023 में राज्य में प्रति 1,000 शिशुओं पर पांच मृत्यु दर्ज की गई



**केरल ने शिशु** मृत्यु दर (आईएमआर) को अमेरिका से भी नीचे लाकर इतिहास रच दिया है और बाल स्वास्थ्य के मामले में विकसित देशों के मानकों को हासिल किया है।

नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार आईएमआर 2023 में राज्य में प्रति 1,000 शिशुओं पर पांच मृत्यु दर्ज की गई, जबकि भारत का राष्ट्रीय औसत 25 है। वहीं, अमेरिका में वर्तमान आईएमआर प्रति 1000 शिशुओं पर मृत्यु 5-6 है। इसके साथ ही केरल भारत का पहला राज्य बन गया है, जिसने किसी विकसित देश की तुलना में कम आईएमआर दर्ज किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने इस उपलब्धि का श्रेय डाक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सहायक कर्मचारियों के अथक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि केरल की नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) भी प्रति हजार पर चार से नीचे आ गई है, जबकि इसका राष्ट्रीय औसत 18 है। उन्होंने कहा कि 2021 में, केरल की शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) छह थी, जो अब मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित पहलों के माध्यम से घटकर पांच हो गई है। यह केरल की मज़बूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक और मील का पत्थर है। विज्ञप्ति के अनुसार राज्य ने प्रसव अस्पतालों में सुविधाओं को उन्नत करके मातृ एवं शिशु देखभाल को प्राथमिकता दी है। सोलह अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणन प्राप्त हुआ है और छह अन्य ने मुस्कान मान्यता प्राप्त की है।

### मोदी ब्रिक्स के वर्चुअल समिट में शामिल नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की ओर से बुलाए गए 8 सितम्बर को ब्रिक्स नेताओं के वर्चुअल समिट में भारत का प्रतिनिधित्व पीएम मोदी की जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से इसमें विदेश मंत्री भाग लेंगे। यह सम्मेलन अमेरिका के लगाए गए टैरिफ से निपटने के तरीकों और बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा करेगा। ब्राजील इसे अमेरिका विरोधी शिखर सम्मेलन के रूप में पेश नहीं कर रहा है। हालांकि, एक्सपर्ट्स के मुताबिक मोदी का न शामिल होना यह दिखाता है कि भारत 2026 ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता से पहले सावधानी बरत रहा है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए सांसदों का डिनर कैंसिल

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले 8 सितम्बर को पीएम आवास पर होने वाला एनडीए सांसदों का डिनर कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर बीजेपी सांसदों का डिनर कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है। यह फैसला पंजाब सहित अन्य राज्यों में आई बाढ़ के चलते लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे और रिव्यू मीटिंग लेंगे। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात में बाढ़ के चलते काफी नुकसान हुआ है।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पश्चिमी रेंज-1की टीम द्वारा चलाए गए अभियान में एक अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल छह तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 5.737 किलो गांजा (जिसमें उच्च गुणवत्ता वाला अंतर्राष्ट्रीय ओजी गांजा शामिल है), तीन कारें और दो पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। यह नेटवर्क थाईलैंड से दिल्ली-एनसीआर तक सक्रिय था।

### एक करोड़ का सोने-रत्नों से सजा कलश चोरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक लालकिले के पीछे चल रहे एक कार्यक्रम में रखा गया करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का सोने और कीमती रत्नों से सजा कलश चोरी हो गया। यह कलश एक जैन धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गायब हुआ, जिससे आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### हैदराबाद बालापुर गणेश लड्डू 35 लाख रुपये में नीलाम

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में मशहूर 'बालापुर गणेश लड्डू' की नीलामी पिछले 31 सालों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 35 लाख रुपये में हुई है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### उमर अब्दुल्ला ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अनंतनाग जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया है कि संकट की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है और राहत एवं पुनर्वास के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। अब्दुल्ला ने अनंतनाग जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया और सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी, मंत्री सकीना इत्तु, मंत्री जावेद राणा, मुख्यमंत्री सलाहकार नासिर सोगामी और जिले के विधायक भी मौजूद रहे। सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार शनिवार को झेलम और राज्य की अन्य नदियां खतरें के निशान से नीचे बह रही हैं। अनंतनाग में संगम के पास सुबह 11 बजे झेलम खतरे के निशान से काफी नीचे 11.50 फीट के स्तर पर बह रही है, जबकि श्रीनगर में राम मुंशी बाग में 16.20 फीट के स्तर पर बह रही है, जो खतरे के निशान से नीचे है। वहीं अशाम में झेलम का स्तर 12.55 के स्तर पर था।

### जीएसटी स्कीम के कारण बेहतरीन होगी दिल्ली की दीवाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्कीम और दिल्ली सरकार की सहायता के कारण इस साल दिल्ली में दिवाली बेहतरीन होगी। गुप्ता ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि रामलीला दिल्ली की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर है इसलिए इसे और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# राहत शिविरों में नाश्ते जैसी जरूरी चीजों के लिए तरस रहे लोग: आप

नई दिल्ली, वार्ता



**12:30 बजे तक नाश्ता तक नहीं मिल रहा**

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि कि घरों में यमुना का पानी भरने बाद राहत शिविरों में रहने को मजबूर लोग नाश्ता-पानी जैसी बेहद जरूरी चीजों के लिए तरस रहे हैं।

आप विधायक संजीव झा ने बुराड़ी के प्रधान एन्क्लेव बाढ़ राहत शिविर का शनिवार को दौरा किया, तो वहां लोगों ने बताया कि उन्हें दोपहर बाद 12:30 बजे तक नाश्ता तक नहीं मिला है। झा ने कहा कि उन्होंने एसडीएम से बात की तो उन्होंने बताया कि खाना तो पहुंच गया है, उनके पास फोटो भी आ गयी है। अगर खाना पहुंच गया है और लोगों को नहीं मिला तो खाना कहां गया? इसकी जांच होनी चाहिए। झा ने कहा कि इन राहत शिविरों में मौजूद ज्यादातर छोटे किसान हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार जब थी, तो हर साल बाढ़ में राहत शिविर खत्म होने से पहले ही फसलों के नुकसान का मुआवजा किसानों को दे दिया जाता था, लेकिन इस बार तो अब तक पंजीकरण तक शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार से अपील है कि बंद कमरों में बैठकर मीटिंग करने से कुछ नहीं होगा। मंत्री और अधिकारी खुद इन राहत कैम्पों का दौरा करें पीड़ितों की समस्याएं सुनें और तुरंत फसलों के नुकसान का मुआवजा देने का ऐलान करें। आप नेता ने कहा कि दिल्ली सरकार के इस राहत शिविर में वे लोग हैं, जो खेती करते थे, या यमुना के उस पार रहते थे। उनके लिए हर बार राहत शिविर लगाया जाता है। लगातार लोगों से शिकायतें आ रही थीं कि खाने का उचित इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने आकर पूछा तो लोगों ने बताया कि दोपहर बाद 12:15 बज गए, लेकिन अभी तक नाश्ता भी नहीं मिला। भाजपा सरकार बघी-बघी बातें करती है, लेकिन लोग कह रहे हैं कि पिछले साल इंतजाम बहुत अच्छे थे, इस बार बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि केवल बंद कमरों में बड़ी-बड़ी बातें करने से कुछ नहीं होगा।

### आकाश के ससुर की क्षमा याचना पर पसीजी बसपा प्रमुख

# सिद्धार्थ का निष्कासन रद्द, बसपा में हुई वापसी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**पूर्व सांसद अशोक ने मायावती से माफी मांगी, मायावती की नसीहत: आगे से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी हित में काम करें**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों से एक बड़ी खबर सामने आई है। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के ससुर पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने मायावती से माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखते हुए क्षमा याचना की है।

फर्रुखाबाद निवासी बसपा के पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी। इसमें सबसे पहले उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को चरण स्पर्श लिखा। इसके बाद लिखा कि पार्टी का कार्य करने के दौरान 'जाने-अनजाने' तथा गलत लोगों के बहकावे में आकर मुझसे जो भी गलतियां हुई हैं। उसके लिए बसपा सुप्रीमो से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। आगे उन्होंने हाथ जोड़कर अनुरोध किया कि मायावती उन्हें माफ कर दें। फिर कभी ऐसी गलती नहीं करने की बात भी लिखी। साथ ही हमेशा पार्टी अनुशासन में रहकर कार्य करने की बात कही। सबसे प्रमुख बात यह कि उन्होंने लिखा कि रिश्तेदारी का कभी कोई नाजायज फायदा नहीं उठाऊंगा। पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा कि बीएसपी के महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संदीप ताजने व फिरोजाबाद निवासी हेमंत प्रताप या फिर यूपी के जिन भी गलत लोगों को पार्टी से निकाला गया है, उनको वापस लेने के लिए कभी सिफारिश नहीं करूंगा। आखिर में उन्होंने मायावती से खुद को दोबारा पार्टी में लेने का आग्रह किया। सोशल मीडिया एक्स पर माफीनामा पोस्ट करने के कुछ देर बाद बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को माफ कर दिया। साथ ही उनके पार्टी में वापसी का ऐलान किया। एक्स पर पोस्ट करते हुए मायावती ने लिखा कि कई वर्षों तक पार्टी में कार्यरत रहे और पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कुछ महीने पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अब उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिये सार्वजनिक तौर पर अपनी गलती की माफी मांगी है। आगे से वफादर रहकर काम करने पर बल दिया है। इसको ध्यान में रखते हुए उनके निष्कासन का फैसला तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। उन्हें पार्टी में वापस ले लिया गया है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि उम्मीद है कि आगे से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी हित में काम करेंगे।

### 75-80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी बसें

# ग्रामीण रोडवेज बसों का किराया 20 फीसद घटेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**प्रदेशभर में 250 बसें संचालित की जाएंगी, प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित परिवहन विभाग के कार्यक्रम में पहुंचे। इस मंच से उन्होंने प्रदेश को ग्रामीण जनता सेवा का तोहफा दिया। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेशभर में 250 बसें संचालित की जाएंगी।

प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी। ये बसें 75.80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी। इसका किराया 20 प्रतिशत तक कम होगा। सीएम आरटीओ कार्यालय से जुड़े 48 कामों के आवेदन के लिए डेढ़ लाख जन सुविधा केंद्रों सहित कई श्रेणियों में बसों की भी सौगात दी। इस मौके पर सीएम ने परिवहन मंत्री की चुटकी लेते हुए कहा कि आज मंत्री जी जल्दी आ गए, हम तो सोचे थे कि 12 बजे तक आएंगे। लेकिन आज पहले आ गए। यह प्रमाण है कि परिवहन बदल रहा है। परिवहन विभाग चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार है। फाइल लटकाने की आदत खत्म करनी होगी। समय की प्रतिबद्धता तय करनी होगी।। कुंभ और कोरोना के दौरान परिवहन विभाग ने करके दिखाया है। उस वक्त यूपी वासियों को उनके गांव तक पहुंचाया। उत्तराखंड के प्रवासी को भी पहुंचाया। चालक-परिचालकों ने सफलता पूर्वक पहुंचाया। महाकुंभ में भी परिवहन विभाग ने 45 दिन में तमाम लोगों की सेवा की। उन्हें पुण्य कमाने में मदद की।

रेलवे स्टेशन से लोगों को बाहर पहुंचने में मदद की। परिवहन विभाग हमेशा प्रदेश के अंदर समय का साथी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। आज कई नई परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। कामन सर्विस सेंटर पर लोग परिवहन की सेवा ले सकेंगे। आईआईटी, खड़गपुर के साथ एमओयू होना तकनीकी रूप से समृद्ध करेगा। 149 यात्री के लिए अहम है। यह मददगार साबित होगा।

### मुख्यमंत्री योगी ने किया परिवहन सेवा केंद्रों का शुभारंभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को परिवहन विभाग के सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया। इस दौरान आईआईटी खड़गपुर और परिवहन विभाग के बीच समझौता भी हुआ। योगी ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को लेकर कहा कि ये जनता के हित में है और लोगों को इसके प्रति जागरुक होना चाहिए।

जन सेवा केंद्रों के माध्यम से परिवहन सेवाओं के शुभारंभ एवं बस स्टेशनों एवं कार्यशालाओं के डिजिटल लोकार्पण और शिलान्यास और प्रमाण व नियुक्ति-पत्र वितरण हेतु लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की सराहना करते हुए कहा लखनऊ विकास प्राधिकरण को यहां होने वाले कार्यकर्मों से काफी राजस्व मिला है। उत्तर प्रदेश के लिए सामाजिक कार्यक्रमों यह प्रतिष्ठान रीढ़ की तरह है। योगी ने कहा कि परिवहन विभाग का यह पहला कार्यक्रम है, जो जुपिटर हाल के नवीनीकरण के बाद हुआ है।

# जीएसटी दरों में छूट का लाभ आम लोगों को मिले: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती करके आम लोगों को फायदा पहुंचाने का प्रयास हुआ है, लेकिन अब यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस पहल से खास लोग ही नहीं बल्कि जन सामान्य लाभान्वित हों।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सरकार को इस बात पर भी नजर रखनी है कि क्या जीएसटी दरों में कटौती से सामान्य उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में कमी आ रही है। इस पर नजर रखने के लिए उसे फिर से राष्ट्रीय मुनाफाखोरी निरोधक प्राधिकरण-एनएए को सक्रिय करना पड़ेगा। इस प्राधिकरण को एक अधिसूचना के माध्यम से सरकार ने ही लगभग निष्क्रिय कर दिया था और अब उम्मीद की जानी चाहिए कि जीएसटी की नयी दरें लागू होने के बाद एनएए को फिर से सक्रिय कर दिया जाएगा। रमेश ने कहा कि केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 171 के तहत एनएए की स्थापना इस बात पर नज़र रखने के लिए की गई थी कि क्या जीएसटी दरों में कटौती से कीमतों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि दिक्कत यह है कि एनएए को निष्क्रिय कर दिया गया है।

## अर्थ व्यापार

**सेंसेक्स** 79809.65
**निफ्टी** 24426.85

**सोना रु.** 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

**चांदी रु.** 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधारों पर सीतारमण ने राज्यों का जताया आभार

नई दिल्ली, वार्ता



**कहा: जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए।

3 सितम्बर को जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी सुधार के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी। इस पैनल की अध्यक्षता सीतारमण कर रही हैं और इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल थे। पैनल को केंद्र द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए 3 सितम्बर से दो दिनों के लिए बैठक करनी थी, लेकिन एक दिन की मैराथन बैठक के बाद पहले ही दिन इसे मंजूरी दे दी गई। जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितम्बर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि कल मैंने प्रत्येक वित्त मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंतत: परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। परिषद का कार्य वास्तव में उल्लेखनीय है। सीतारमण ने कहा कि इसलिए सदन की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। इसके खिलाफ खड़े होने का कोई मतलब नहीं है, आखिरकार सभी लोग एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि परिषद ने अपने सदस्यों द्वारा दी गई प्रत्येक टिप्पणी और सुझाव को धैर्यपूर्वक सुना है। आम सहमति पर पहुंचने से पहले सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने कहा कि राज्य हमेशा से कर कटौती के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे अपील भी की थी कि भारत के लोगों के हित में, कृपया ऐसा करें। यह सिर्फ राज्य नहीं हैं। केंद्र भी इस कटौती से प्रभावित होने वाला है। लेकिन हम इसकी भरपाई कर देंगे, क्योंकि एक बार दरें कम हो जाएंगी, तो लोग खरीदारी के लिए बाहर आएंगे और इससे राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई हो जाएगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 694.23 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में कुल भंडार 4.386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया था।। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.686 अरब डॉलर बढ़कर 583.937 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.766 अरब डॉलर बढ़कर 86.769 अरब डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि स्पेशल ड्राइंग राइट्स द्धएसडीआरत्र 40 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.775 अरब डॉलर हो गए। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्धआईएमएफत्र में भारत की आरक्षित स्थिति भी 18 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.749 अरब डॉलर हो गई।

# चावल मजबूत, गेहूं-चीनी नरम, दाल खाद्य तेलों में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की कीमतों में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी का रुख रहा। खाद्य तेलों, दालों और चीनी के दाम भी टूट गए।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 26 रुपये बढ़कर 3,776.83 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं पांच रुपये सस्ता हुआ और 2,848.96 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 14 रुपये टूटकर 3,312.11 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। तेलों में आज मंदी का रुख रहा। सरसों तेल औसतन 65 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 328 रुपये और सोया तेल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गयी। सूरजमुखी तेल 41 रुपये और वनस्पति 163 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल भी 89 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में भी नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 110 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। चना दाल 37 रुपये और मसूर दाल 60 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। मूंग दाल की कीमत में 45 रुपये और उड़द दाल में 41 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में भी मंदी रही।

गुड़ की औसत कीमत 52 रुपये प्रति क्विंटल और चीनी की 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7893.92 रुपये, मसूर काली 8092.38 रुपये, मूंग दाल 10051.69 रुपये, उड़द दाल 10404.63 रुपये, अरहर दाल 10560.87 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.96 रुपये और चावल 3776.83 रुपये प्रति क्विंटल।

# नए बाजार तलाशेंगे आईआईटी और आईआईएम

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने राज्य के निर्यात क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। निर्यात नीति 2025-30 के तहत पहली बार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में मार्केट रिसर्च चेयर स्थापित की जाएगी। इसके लिए विशेष रूप से पांच करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

इन रिसर्च चेयर का मकसद राज्य के निर्यातकों को एक्शन योग्य मार्केट इंटेलिजेंस उपलब्ध कराना है, जिससे वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बन सकें। साथ ही निर्यातकों की मदद के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन किया गया है। इसके लिए 10 करोड़ का बजट रखा गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड...** से भूस्खलन के खतरों पर शोध रिपोर्ट जारी की है जो दो अगस्त को ही अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुई है। आईआईटी रुड़की के अक्षत वशिष्ठ, शिवानी जोशी और श्रीकृष्ण सिवा सुब्रमण्यम ने यह शोध किया है। उन्होंने बताया है कि हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय गतिविधियों के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। यहां आए दिन भूस्खलन की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने यह चेतावनी दी है कि भूकंप से प्रेरित भूस्खलन भविष्य में उत्तराखंड के लिए और भी बड़े खतरे का कारण बन सकते हैं। अध्ययन में पहली बार उत्तराखंड के अलग-अलग जिलों में भूकंप से होने वाले भूस्खलनों के जोखिम की जिला-स्तरीय जोनिंग की गई है। इसमें अलग-अलग भूकंपीय तीव्रता परिदृश्यों और भूकंप की वापसी अवधि के आधार पर जोखिम का विश्लेषण किया गया। रुद्रप्रयाग जिला सभी परिदृश्यों में सबसे ज्यादा संवेदनशील पाया गया है। इसके बाद पिथौरागढ़, चमोली और उत्तरकाशी जिलों में भारी भूस्खलन की आशंका जताई गई है।

**दिल्ली के...** जान जा चुकी है। करीब 1.72 लाख हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद हो गई है। पंजाब में अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड के कारण जम्मू- श्रीनगर राजमार्ग और सिंथन रोड वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। कठुआ से कश्मीर तक करीब 3700 से ज्यादा वाहन फंस गए हैं। श्रीनगर और बड़गाम में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 11 दिन से बंद है। 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। गुजरात में सूरत और वडोदरा जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। नर्मदा और किम नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# बेटी की हत्या करके पिता पहुंचा थाने

## बाप-बेटी के बीच हुआ था विवाद, पुलिस ने शव पीएम को भेजकर की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना खालापार के मौहल्ला किदवईनगर में लडकी की हत्या से सनसनी फैल गई। लोग उस वक्त तरह-तरह के कयास लगाने लगे जब हत्या करने के बाद पिता खुद ही थाने में जाकर पेश हुआ और पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूला, ऐसी क्षेत्र में चर्चा है। शव कई घंटे तक घर में ही पड़ा रहा शाम को जब इस मामले की पडौसियों को भनक लगी तो कुछ ही देर में यह खबर आग की तरह क्षेत्र में फेल गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खालापार थाना क्षेत्र के मौहल्ला किदवईनगर में दोपहर के समय हत्या की एक घटना घटी, हालांकि हत्या की इस घटना की खबर शाम करीब पांच बजे फैली और यहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। बताया जाता है कि किदवईनगर निवासी गय्यूर पुत्र राशिद थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसने अपनी बेटी आरजू की हत्या कर दी है और शव घर में ही पड़ा है। हत्या करके थाने में आना और ऊपर से कत्ल का जुर्म कबूलना यह सुनकर पुलिस दंग रह गई। आरोपी अपनी इस दुखद घटना को बोलता जा रहा था और पुलिसकर्मी उसकी बातों को सुनकर अचम्भित हो रहे थे। इस मामले से तुरंत ही आला अफसरों को अवगत कराया गया जिसके बाद पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुंची तो यहां देखा कि घर में लड़की का शव पड़ा हुआ था। इस समय इस घर पर लोगों की भीड़ इकट्ठा थी पुलिस ने चंद लोगों से ही इस घटना के संबंध में बात की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गय्यूर के बच्चों में मृतका सबसे बड़ी थी

पुलिस सूत्रों की माने तो हत्या दम घुटने से हुई है और क्षेत्र में भी यही चर्चा है। सच्चाई क्या है और घटना के पीछे क्या कारण है यह तो पुलिस जांच का विषय है। सूत्रों का कहना है कि किसी बात को लेकर बाप-बेटी के बीच तीन दिन से विवाद हो रहा था। परिवार के लोग मामले को सुलझाने में लगे रहे, लेकिन धीरे-धीरे यह विवाद इतना बढ़ गया कि पिता को यह रास्ता चुनना पड़ा। हत्या के पीछे का कारण क्या है यह तो आरोपी या पुलिस जाने, लेकिन क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाए फैल रही है। लोगों का कहना है कि गय्यूर मेहनत मजदूरी करके परिवार का पेट पालता है और वह मिलनसार व अच्छे लोगों में गिना जाता है। आज की घटना ने सभी के रोंगटे खडे कर दिए आम लोग ही नहीं हत्या की सनसनी खेज घटना से पुलिस भी सख्ते में है अब पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करती है यह तो आने वाला वक्त बताएगा, लेकिन इस परिवार के लिए यह घटना एक दुख दाई है।

# पुत्रवधु पर लाखों की नकदी चोरी करने का आरोप

## एसएसपी को दिया शिकायती पत्र, पीड़ित को मिली मुकदमें में फंसाने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला लद्दावाला के एक वृद्ध ने अपनी पुत्रवधु पर लाखों की नगदी चोरी करने और अपनी मां और भाई को देने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। कोतवाली पुलिस ने घर में रखी लाखों की नगदी चोरी करने की तहरीर पर कार्यवाही शुरू कर दी है। शिकायत कर्ता ने पुलिस को यह भी बताया कि जब उसने अपनी पुत्रवधु पर पैसे देने का दबाव बनाया तो उसे रेप में फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी दी है।



शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला लद्दावाला निवासी शाहनवाज ने शहर कोतवाली पुलिस को एक शिकायत की जिसमें बताया गया कि उसकी पुत्रवधु ने घर में रखी लाखों की नगदी चोरी कर ली है। शिकायत कर्ता ने बताया कि उसके बेटे की शादी देवबंद में हुई थी। और ससुराल में उसके ससुर बीमार था इसलिए वह अपने परिवार के साथ बीमार को देखने के लिए गया था। और कई दिन तक वहां पर तीमारदारी में लगा रहा। बारह दिसम्बर 2024 को ससुर का इंतेकाल हुआ। इस दौरान उनकी पुत्रवधु घर पर थी आरोप है कि उनकी पुत्रवधु ने घर में अकेले पन का फायदा उठाते हुए घर में रखी साढ़े उन्नीस लाख की नगदी अलमारी के लॉकअप से चोरी कर ली। शिकायत कर्ता का कहना है कि उसने यह मोटी रकम अपने परिवार के लोगों को दी है। पीड़ित का कहना है कि घर में रखी नगदी उन्होने जीपीएफ एकाउंट से मकान के निर्माण के लिए निकलवाए थे। पुलिस ने बताया कि बैग में रखा रूपया अलमारी के लोकर में था और पुत्रवधु ने उक्त रूपयों का बैग अपने परिवार के लोगों को दे दिया। पीड़ित ने यहां की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी पुलिस को सौंपी है जिसमें पीड़ित का कहना है कि इस फुटेज में पुत्रवुध का भाई बाइक पर ले जाते हुए दिख रहा है। इसके अलावा भी पीड़ित ने रूपये चोरी होने के कई सबूत दिए है। पुलिस को बताया गया कि लोकर खुलने पर जब उसको चोरी की जानकारी हुई तो उसको दुराचार के मुकदमें मे फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित ने यह भी बताया कि उसने घटना के दिन भी इस संबंध में तहरीर दी थी लेकिन कोतवाली पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की थी। इस बार इस मामले की शिकायत एसएसपी से की गई तो पुलिस कप्तान के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चोरी के इस मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।



मुजफ्फरनगर:डीएवी कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केन्द्र के बाहर लगा जमावड़ा।

# पीईटी परीक्षा: 22 केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा में हुई परीक्षा

## दोनों पालियों में 4277 ने छोड़ी परीक्षा, डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की पीईटी परीक्षा शनिवार को कड़ी सुरक्षा में संपन्न हो गई। दोनो पालियों के लिए 10080 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, लेकिन पहली पाली में 2148 ने परीक्षा छोडी तो वहीं दूसरी पाली में 2129 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

सघन तलाशी के बीच हुई परीक्षा में परीक्षार्थी कठिन सवालों में उलझकर रह गए। इतिहास और करेंट अफेयर्स के सवाल तो सरल,लेकिन अन्य सवालों में परीक्षार्थी उलझ गए। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय वर्मा ने अन्य अधिकारियों के साथ परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर वहां की व्यववस्थाओं का जायजा लिया। जिले में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी शनिवार को कड़ी सुरक्षा में संपन्न हो गई।

22 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा में परीक्षार्थियों को सघन तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने शहर के एसडी इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहित कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, जैमर, बायोमैट्रिकस्तर, जल, शोचालय की व्यवस्था को परखा। किसी भी अभ्यर्थी को

इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबा. इल केंद्र में नहीं ले जाने दिया गया। साथ ही परीक्षा देने आए पोक्षार्थयों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने एसडी इंटर कालेज, एसडी डिग्री कालेज, डीएवी इंटर कालेज, दीपचंद ग्रैंड चैंबर, जैन का इंटर कालेज और वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज में सुरक्षा सुविधाओं का अलोकन किया।

# सर्कुलर व आर्य समाज रोड़ पर लगा रहा जाम

**मुजफ्फरनगर।** 22 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में हुई पीईटी परीक्षा के दौरान सर्कुलर रोड व आर्य समाज रोड पर बनाए गए परीक्षा केंद्रों के बाहर सवेरे से ही परीक्षार्थी पहुंचना शुरू हो गए थे, परीक्षा संपन्न होने और दूसरी पाली में शामिल होने आए परीक्षार्थियों के यहां पहुंचने से काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही।

महिला परीक्षार्थियों को लेकर अपने निजी वाहनों से आए उनके अभिभावकों का भी यहां जमावड़ा लगा रहा और परीक्षा केंद्र के बाहर लोग परीक्षा समाप्त होने का इंतजार करते रहे जिससे काफी देर तक दोनों क्षेत्रों में जाम की स्थिति बनी रही।

सभी परीक्षा केन्द्रों में पुलिस बल के साथ-साथ स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए थे। इस बार परीक्षा केन्द्र दूर होने के कारण दूसरे स्थानों से आए परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

# होमगार्ड शमशाद की हार्ट अटैक से आकस्मिक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** एसपी सिटी कार्यालय पर ड्यूटी कर रहे होमगार्ड शमशाद मलिक की अचानक ही हृदय गति रूकने से मौत हो गई। एसपी सिटी मृतक होमगार्ड के पैतृक गांव पहुंचे और जनाजे में शामिल होकर परिजनों को सांत्वना दी। शुक्रवार को वह रोजाना की तरह ड्यूटी खत्म कर अपने गांव तिसंग कस्बा जानसठ लौट गया था। शनिवार की सवेरे शमशाद के घर में उस वक्त रोना पीटना पड़ गया जब अचानक ही उसकी मौत हो गई। कुछ ही देर में गांव के लोग शमशाद के घर इकट्ठा हो गए लोगों का कहना है कि हृदय गति रूकने से शमशाद की मौत हुई है। परिजनों का कहना है कि शमशाद सवेरे के समय रोजाना घुमने के लिए निकलता था और वह आज भी जब घुमने के लिए निकला तो उसकी सांसे थम गई। इस घटना में पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है।

# महिला ने दोस्ती के नाम पर युवक से लाखों ठगे

**खाता किया फ्रीज, खोलने के नाम पर मांगे साढ़े सात लाख**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महिला ने फेसबुक पर एक युवक को दोस्ती के जाल में फंसाया और रोजाना बाते कर उसका विश्वास जीता। जब युवक पूरी तरह महिला के जाल में फंस गया तो ऑनलाइन ट्रेडिंग में फंसाकर युवक से एक माह के भीतर ही बारह लाख रूपये की नगदी इन्वेस्ट कराकर हड़प ली। इतना ही नहीं जब युवक ने एकाउंट से पैसा निकालना चाहता तो उसका खाता फ्रीज मिला। थक हार कर पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की।

जानसठ कस्बा क्षेत्र के एक मौहल्ला के रहने वाले युवक जानसठ थाने पहुंचा और साइबर थाने के नाम लिखे एक शिकायती पत्र द्वारा बताया कि उसके साथ ऑनलाइन ठगी की घटना हुई है। पीड़ित ने बताया कि एक माह पूर्व फेसबुक पर एक महिला से उसकी पहचान हुई थी। पीड़ित का कहना है कि उसने सोशल साइट फेसबुक पर युवक के नाम से अपनी आईडी बनाई थी इसी आईडी पर उसके मोबाइल पर अज्ञात महिला का फोन आया। महिला ने अपना नाम सिमरन कौर बताया और नाम बताने के साथ उसने दोस्ती करने के लिए रिक्वेस्ट भेजी। पीडित का कहना है कि उसने रिक्वेस्ट को एक्सपट कर लिया। इसके बाद उक्त महिला ने रोजाना उससे बाते करनी शुरू कर दी और कुछ दिन बाद महिला ने उसको अपने परिवार की परेशानी के संबंध में बताना शुरू किया। महिला की परेशानी सुनकर युवक का महिला ने युवक का भरोसा जीता उसके बाद सिमरन नामक महिला ने पीड़ित को ऑनलाइन ट्रेडिंग का ऑफर दिया। महिला ने काफी बाते बनाने के बाद उसको अपने जाल में फंसा ही लिया, हालांकि पीड़ित युवक सिमरन कौर के ऑफर को लगातार नजर अंदाज करता रहा, लेकिन आखिर महिला ने युवक को अपने जाल में फंसा ही लिया। फेसबुक मैसेंज से बात की और उसने टेलीग्राम आईडी जिसके बाद ट्रेड लिंक भेजकर सिमरन ने युवक की आईडी बनाई और एक ग्रुप बनाया इस ग्रुप में तीन लोग शामिल किए गए। ट्रेड पूरी होने पर युवक से सिमरन और ग्रुप सदस्य बीस प्रतिशत कमीशन के रूप में रूपया लेने लगे। बारह जुलाई से उन्नीस जुलाई तक युवक ने ऑनलाइन ट्रेडिंग की जिसमें कमीशन के रूप में युवक से बारह लाख रूपये ठग लिए गए। पीड़ित को जब ठगी का आभास हुआ तो उसने एकाउंट से पैसा विड्रॉल करने का प्रयास किया, लेकिन उसका खाता फ्रीज मिला। जब पीड़ित ने महिला से इस संबंध में बात की तो खाता खोलने के नाम पर भी करीब साढ़े सात लाख रूपये की मांग की गई। साइबर थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# शहजाद अली नेशनल उर्दू अवार्ड से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ इंडिया के शिक्षक सम्मान समारोह में देशभर के उर्दू शिक्षको को उनकी कार्य कुशलता एवं उर्दू के लिए दिए गए योगदान को देखते हुए उन्हें नेशनल उर्दू अवार्ड से सम्मानित किया गया।शिक्षक दिवस पर दिल्ली ग़ालिब अकादमी में आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न प्रदेशों जम्मू कश्मीर, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, कोलकाता, राजस्थान, केरल, महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश की यूनिवर्सिटी, महाविद्यालय सहित बेसिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पुरूस्कार के लिए प्रतिवर्ष जनवरी से मार्च के बीच आवेदन कराये जाते हैं केन्द्रीय कमैटी की जांच के बाद पुरस्कार से चयनित शिक्षकों के नाम को अंतिम रूप दिया जाता है। मुजफ्फरनगर के तावली उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शहजाद अली को भी उनकी तीन किताबें प्रकाशित होने और वर्तमान में जनपद में उर्दू साहित्य में योगदान करने पर नेशनल उर्दू अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा मुजफ्फरनगर में उर्दू भाषा के प्रचार प्रसार व शिक्षा के क्षेत्र में लम्बे समय से महत्वपूर्ण योगदान दे रहे फिरोजाबाद में प्राथमिक विद्यालय एका में प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत मनसब अली बालियान कसेरवी को भी स्वर्ण मेडल से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वासिल,राष्ट्रीय महासचिव विकास कुमार,प्रदेश अध्यक्ष तनवीर अहमद एवं अन्य अतिथि गण जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मुजफ्फरनगर के मंत्री अलीनवाज ,जमीर हसन, डाक्टर कलीम अहमद,ने शहजाद अली को राष्ट्रीय उर्दू अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर उनकी सराहना करते हुए कहा कि उर्दू के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए शहजाद अली इस अवार्ड के वास्तवत में हकदार है उन्होंने कहा कि आगे भी उनसे इसी तरह उर्दू के क्षेत्र में कार्य करने की कोशिश करते रहने की उम्मीद की जाती है।

# शिव सेना का कोतवाली पर प्रदर्शन

## वीडियो एडिट करने पर भड़के हिन्दू संगठन के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त हिन्दू महासभा और शिव सेना के नेताओं ने कोतवाली पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सोशल मीडिया पर शिव सेना के एक प्रदर्शन की वीडियो को एडिट कर मोदी और अमित शाह की माता को गाली दी गई। यह वीडियो एडिट का आरोप अनीस भाई 538 की फेसबुक पर बताया गया। हिन्दू संगठन के लोगों ने इस संबंध में मुकदमें के लिए एक तहरीर भी दी जिस पर कोतवाली पुलिस ने तुरंत ही मुकदमा दर्ज कर लिया।

शहर कोतवाली पहुंचे संयुक्त हिन्दु मोर्चा के अध्यक्ष मनोज सैनी ने बताया कि शिव सेना ने दो माह पूर्व सपा सांसद इकरा हसन द्वारा हिन्दू संगठनों के खिलाफ आपत्तीजनक बयान देने पर उसके खिलाफ शिव चौक पर विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होने बताया कि किसी अनीस भाई 538 की फेसबुक की आईडी से मोदी और अमित शाह को गाली देने की नारेबाजी का वीडियो एडिट कर शेयर किया है जिसमें लग रहा है कि शिव सेना नेता मोदी और अमित शाह को गाली दे रहे है शिव सेना मण्डल अध्यक्ष लोकश सैनी और विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश ने बताया कि इस एडिट वीडियो से शिव सेना नेताओं की छवि खराब करने का प्रयास किया गया है। और एक षडयंत्र के तहत उक्त वीडियो को एडिट कर हिन्दू संगठन के नेताओं को भी बदनाम करने का कार्य किया है। शहर कोतवाली पहुंचे हिन्दू संगठन शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन यह बर्दाश्त नहीं होगा उन्होने इस संबंध में मुकदमें दर्ज करने की तहरीर दी और पुलिस ने तुरंत ही मामला दर्ज कर लिया।

इस दौरान डॉक्टर योगेन्द्र शर्मा, भागेश अग्रवाल, गौतम कुमार, शैंकी शर्मा, राजेश कश्यप, आशिष शर्मा, बसंत कश्यप, सचिन कुमार, शिवम पंडित, कार्तिक कुमार, मोनू खटीक, जितेन्द्र गोस्वामी, रविन्द्र शर्मा, सूरज शर्मा, राहुल वाल्मिकी आदि शामिल रहे।



मुजफ्फरनगर: शहर कोतवाली में प्रदर्शन करते संयुक्त हिन्दू संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता।

# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**नई मंडी पुलिस ने चोरी की छह बाइकें भी की बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की छह बाइके बरामद की है। यह गिरोह आसपास के क्षेत्र व जनपद के चोरी की बाइकों को एक खण्डर में छिपाकर उन्हे सस्ते दामों पर बेच देते थे। इस मामले की जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक ने देते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी शातिर किस्म के है।

पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पांच सितम्बर को हर्षित त्यागी पुत्र गजेन्द्र




त्यागी निवासी सोहजनी तंगान मंसूरपुर ने नई मंडी पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया था कि बदमाशों ने उसकी भोपा रोड स्थित एक हॉस्पिटल की पार्किग से बाइक चोरी कर ली है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और बिलासपुर चौराहे के निकट से तीन लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से हाईवे पर स्थित एक बंद खण्डर मकान से मोटरसाईकिल बरामद की। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की छह बाइक बरामद होना बताया है। एसपी सिटी ने जानकारी दी कि थाने लाकर की गई पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अरूण पुत्र रामसिंह थाना मुण्डाली मेरठ, अभिषेक तोमर पुत्र अशोक कुमार तोमर निवासी ग्राम पचगांव थाना भावनपुर जनपद मेरठ व रितिक तोमर पुत्र वीर सिंह बताए।

एसपी सिटी ने जानकारी दी कि पूछताछ में उक्त लोगों ने बताया कि वह मोटर साईकिल व बुलेट चोरी करते है। और हाल ही में उन्होने अस्पताल की पार्किग से दस दिन पूर्व बाइक चुनाई थी। और उक्त स्थान पर लाकर उन्हे छिपाने के बाद सस्ते दामों में बेच देते थे।

पुलिस ने लिखापढ़ी कर आरो. पियों को जेल भेज दिया है। एसपी सिटी का कहना है कि यह गिरोह अन्तर्राजीय वाहन चोर है।

# जनपद मुजफ्फरनगर को मिला बड़ा तोहफा

## मीरांपुर विधानसभा में एक करोड़ की लागत से बनेगा कश्यप स्मारक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा जानसठ में अब भगवान महर्षि कश्यप का भव्य स्मारक बनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक योजना के लिए प्रदेश सरकार ने 1 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

यह प्रस्ताव प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप द्वारा रखा गया था। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सहमति जताते हुए बजट जारी करने की मंजूरी दी।

**धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व:** जानसठ का यह क्षेत्र धार्मिक दृष्टि से पहले से ही खास पहचान



रखता है। अब महर्षि कश्यप स्मारक के निर्माण से यहां न सिर्फ क्षेत्रीय लोगों की आस्था और मजबूत होगी बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यवसाय के अवसर बढ़ने की संभावना है।

**जनमानस की भावनाओं का सम्मान:** प्रदेश सरकार का यह निर्णय पिछड़े वर्ग और समाज की भावनाओं को सम्मान देने वाला कदम माना जा रहा है। स्मारक के निर्माण के बाद यह स्थान सांस्कृतिक धरोहर के रूप में उभरेगा और आने वाली पीढ़ियां भी महर्षि कश्यप के आदर्शों से जुड़ सकेंगी। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जताया आभार

**राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा**-'मैं प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मेरे प्रस्ताव को स्वीकार कर महर्षि कश्यप स्मारक की स्थापना हेतु 1 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की।'

**पर्यटन मंत्री को धन्यवाद:** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का भी विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सहयोग और समर्थन से यह योजना मूर्त रूप ले रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि पर्यटन मंत्री के मार्गदर्शन में स्मारक एक आकर्षण का केंद्र बनेगा। इससे पहले भी पर्यटन विभाग की सूची में यह परियोजना दर्ज की जा चुकी है, जिसके तहत जानसठ के शिव मंदिर के पास महर्षि कश्यप स्मारक की स्थापना की जाएगी।

# छेड़छाड़ के विरोध में दो पक्षों में चले लाठी डंडे, आधा दर्जन से अधिक घायल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुढ़ाना रोड स्थित नाहरिया धर्म कांटा के सामने शनिवार देर शाम छेड़छाड़ के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते लाठी-डंडों से जमकर मारपीट शुरू हो गई। इस संघर्ष में महिलाओं समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को मोहल्ले वासियों ने उपचार के लिए खतौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

पीड़ित पक्ष की महिला नूरजहां, मुस्कान और परवीन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले युवक जफर ने उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर



परिजन मौके पर पहुंचे तो जफर पक्ष के करीब आधा दर्जन लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसमें महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। तहरीर में जफर, इस्लामुद्दीन, सुहेल, इमराना, इकरा आदि पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायल लोगों का उपचार शुरू कराया गया। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ जारी है।

# चरथावल को कब मिलेगी सब्जी मंडी की सौगात पूछते हैं क्षेत्रवासी

**चरथावल।** पिछले काफ़ी दिनों से चरथावल मे सब्जी मंडी बनाने की चली आ रही मांग वर्षो से पूरी नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियो सहित मंडी के आढ़तीयों मे भारी रोष है चरथावल मे जहाँ थानाभवन रोड पर पुल के पास प्राइवेट जगह मे सब्जी मंडी लगती हैस और चरथावल क्षेत्र मे देहात के अनेको स गांव जुड़ने के बाद भी चरथावल को आज तक सब्जी मंडी की सौगात नहीं मिली है और अनेको बार सब्जी मंडी बनाने की मांग उठी लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा आज तक क्षेत्रवासियो को यह सौगात नहीं दी गयी हैस करोना काल से पहले तो चरथावल मे सब्जी मंडी चरथावल थानाभवन मुख्य मार्ग पर ही लगती थी जिस कारण मुख्य मार्ग पर जाम के हालत बने रहते थेस करोना काल मे प्रशासन द्वारा सब्जी मंडी मुख्य मार्ग से हटाकर लड़वा रोड पर शि"ट कर दी गयी थी जिसके बाद फिर प्राइवेट जगह मे चरथावल की सब्जी मंडी चली गयी और अबकी बार भारी बरसात के चलते सब्जी मंडी का बुरा हाल है क्योंकि सब्जी मंडी का मुख्य रास्ता आज भी कच्चा है सऔर इस बार वर्षा अधिक होने के कारण कच्चे रास्ते से वाहनों का आगमन होने के कारण रास्ते का बुरा हाल हो चूका है और सब्जी मंडी के रास्ते से निकलना बड़ा मुश्किल काम हो गया हैस सब्जी मंडी मे जहाँ देहात क्षेत्र से भारी संख्या मे लोग सब्जी खरीदने आते है और अनेको लोगो को सब्जी मंडी के द्वारा रोजगार मिलता हैस वही चालीस के करीब आढ़ती मंडी मे फ्लो और सब्जी की आढ़त का कार्य करते हैस हालांकि नगर पंचायत चेयरमेन मास्टर इस्लाम द्वारा अनेको बार रास्ते को पक्का कराने की बात कही जा चुकी है लेकिन सब्जी मंडी की जगह प्राइवेट होने के चलते नगर पंचायत द्वारा रास्ता के निर्माण भी नहीं कराया जा सकता है मंडी के अभी आढ़तीयों ने सरकार से सब्जी मंडी बनाने की मांग की है

## मेलों में भारतीय संस्कृति की झलक: अभिषेक बंसल

**चरथावल।** कस्बे में जाहरवीर गोगा म्हाडी पर शनिवार को दो दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी व भाकियू नेता प्रसिद्ध समाजसेवी अभिषेक बंसल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शनिवार को चरथावल कस्बे में रोहाना मार्ग पर स्थित गोगा म्हाड़ी पर जाहरवीर मेले का उद्घाटन करते हुए अभिषेक बंसल ने कहा कि ग्रामीण अंचल में आदिकाल से मेले लगते आ रहे है। मेलों में भारतीय संस्ख्रति की झलक देखने को मिलती है। मेले आज में भारतीय परम्पराओ का निर्वहन कर रहे है। मेले में प्रसाद चढ़ाकर गोगाजी का आशीर्वाद लिया।मेले में दूरदराज से स्वजन के साथ आये श्रद्धालूओ ने श्रद्धा व विश्वास के साथ नीले रंग का निशान व प्रसाद चढ़ाकर अपने स्वजन की सुख-शांति की कामनाएं की। श्रद्धालुओ ने म्हाड़ी पर माथा टेकते हुए गुरु गोरखनाथ व गोगाजी का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पवन भगत,दीपक त्यागी,विशाल त्यागी, राजू त्यागी, सतीश फौजी, अमरीश त्यागी, अनुज त्यागी का सहयोग रहा।

## एक्टर नईम राणा का हाथरस में हुआ स्वागत

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मोहल्ला नई बस्ती के निवासी फिल्म एक्टर और निर्माता नईम राणा विगत दिवस उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस में पहुंचे। जहां पर उनका लकी दाऊजी महाराज के 114वें मेले में आयोजित एक भव्य समारोह में सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उर्जा मंत्री रामवीर सिंह उपाध्याय के सुपुत्र चिराग वीर उदय उपाध्याय ने अपने कर कमलों के द्वारा फूलों की माला से स्वागत करते हुए शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान लगातार छह साल तक रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष रहे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद्र रतन ने भी एक्टर नईम राणा का स्वागत किया। दोनों अतिथियों ने नईम राणा की आगामी बालीवुड फिल्म राजपाल हज्जाम की सफलता की एडवांस में ही शुभकामनाएं दी। एक्टर और निर्माता नईम राणा ने मीडिया को उक्त समारोह मे बताया कि अब जल्दी ही उनकी बालीवुड फिल्म हज्जाम राजपाल देश के बडे प्लेटफार्म ओटीटी पर ही रिलीज होगी। उल्लेखनीय है कि एक्टर नईम राणा इससे पूर्व कई फिल्मों और सोंग्स में काम करके अपनी एक्टिंग की वाहवाही प्रशंसकों से कई बार लूट चुके हैं। अब उनका सपना किसी बड़ी बालीवुड फिल्म में आने का है। जिसके लिए वे रात दिन मेहनत कर रहे हैं।

## नए कोतवाल सुभाष अत्री ने मीडिया से साझा की अपनी प्राथमिकताएं

**बुढ़ाना।** मूल रुप से जिला अलीगढ़ के रहने वाले बुढ़ाना कोतवाली के नये प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने शनिवार को यहां के पत्रकारों से शिष्टाचार भेंट की। यहां पर सभी पत्रकारों ने परिचय साझा किया व आपसी संवाद स्थापित किया। उन्होंने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में प्रमुख प्राथमिकताएं साझा की। जिसमें महिला सुरक्षा संबंधी अपराधों की रोकथाम सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। शांति और सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। मादक पदार्थ और गौकशी पर अंकुश और जनता और मीडिया से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र मे सतर्कता बढ़ाई जाएगी। साइबर अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष जागरुकता व साइबर साक्षरता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। सभी पत्रकारों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जाएगी और वे अपनी या जनता की समस्याएं सीधे मुझ तक भी पहुंचा सकते हैं। जन शिकायतों को प्राथमिकता देंगे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास करेंगे। वे इस जिले में करीब 3 साल से भी अधिक समय से हैं। वे मंसूरपुर व भोपा थानों के प्रभारी के अलावा एसओजी में भी रह चुके हैं। वे इससे पहले मेरठ जनपद में भी रहे। उन्होंने एसओजी में रहते बुढ़ाना क्षेत्र में हुई एक दो घटनाओं का भी खुलासा किया।

## ध्वजारोहण एवं पूजन का भव्य आयोजन

**खतौली।** शहर में शनिवार को श्री रामलीला कमेटी ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण एवं पूजन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिक. ारी, समाज के गणमान्य लोग, व्यापारी, समाजसेवी और सैकड़ों श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिभाव और उत्साह से ओतप्रोत रहा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि श्री रामलीला कमेटी ठाकुर पिछले कई वर्षों से लगातार रामलीला का आयोजन करती आ रही है। इस मंचन के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन मूल्यों, धर्म, मर्यादा और मानवीय संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, सांस्कृतिक चेतना और पारिवारिक एकता को बढ़ावा देते हैं।ध्वजारोहण के समय श्रद्धालुओं ने 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ सामूहिक पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष ने कहा कि रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देने वाला संस्कार केंद्र है। उन्होंने आशा जताई कि इस प्रकार की गतिविधियाँ आने वाली पीढ़ी में धर्म, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुखद्ध करेंगी। इस अवसर पर प्रधान गणेश शंकर पालीवाल, राजेन्द्र जैन द्धपूर्व प्रधानाचार्यद्भ, वेदप्रकाश अग्रवाल, दुष्यंत शर्मा, आदर्श नागर, प्रवीण, रामकिशन सैनी, हितेश शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, नवीन गुप्ता, कन्हैया, मित्तल, कुलबीर, कर्णवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने रामलीला के आयोजन की सराहना की और भविष्य में ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का सशक्त मंच भी सिद्ध हुआ।

# छत गिरी, मलबे में दबकर 2 बकरियों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव विज्ञाना में बीती शुक्रवार की देर सायं एक मकान की छत अचानक से भरभराकर गिर गयी। जिसमें छत के मलबे में दबकर 2 बकरियों के मौत हो गयी।

यह मकान कय्यूम उर्फ मुन्ना त्यागी पुत्र निजाम हसन का बताया गया है। यह तो गनीमत रही कि जब मकान की छत गिरी तो कमरे में परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। नहीं तो कोई भी बड़ी घटना हो सकती थी। सूचना मिलने पर लेखपाल ने आज शनिवार की सुबह मौके पर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि इससे पूर्व इन पिछले 08 दिनों में बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के 10 गांवों में 19 स्थानों पर कई लाख रुपयों की संपत्ति का नुक्सान हुआ। जिसमें तीन महिला और एक पुरुष घायल हो गये और 05 पशुओं की मौत हो गयी।

लगातार कई दिनों से चल रही बरसात के चलते बीती 28 अगस्त की सायं से नुकसान की शुरुआत गांव अलीपुर अटेरना से हुई। जिसमें विधवा कविता कश्यप के मकान की छत गिर गयी। उसके बाद दूसरी घटना गांव परासौली में हुई। जिसमें अकबर मिरासी का मकान गिर गया। उसके बाद 03 दिन पहले ही गांव लोई में जितिन कोरी, सत्यपाल, शोयब, सुनंदा, बबलू, बाबू सिंह, गांव सराय में प्रदीप प्रजापति, गांव डुंगर में विधवा जाहिदा, बुढ़ाना में स्वर्णकार समाज की धर्मशाला की दीवार, गांव जौला में मुनसेद राणा, इंतजार अली राणा, आस मौहम्मद, गांव मंदवाडा में अकरम अली, आजाद अली और कामिल अहमद के मकान की छत भरभराकर गिर गयी जबकि बीती शुक्रवार की देर सायं गांव रायपुर अटेरना में श्री प्यारे जी मंदिर में स्थित कुंज गली नामक एक किले का कुछ हिस्सा जमीन पर गिर गया। ये ऐतिहासिक किला बताया जाता है। जिसका निर्माण नवरंग शाह नामक शासक द्वारा कराया गया था। कुल मिलाकर भयंकर बारिश के चलते कुल 08 दिनों में 10 गांवों में 19 जगहों पर कई लाख रुपये की संपत्ति का नुक्सान हुआ है।

## युवक से चोरी का माल बरामद

**बुढ़ाना।** पुलिस ने एक युवक को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल सुभाष अत्री के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस चौकी के इंचार्ज संदीप कुमार ने अपने अधीनस्थों की मदद से किसी एक खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर मंदवाडा रोड से एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तब बुढाना पुलिस ने उसकी निशानद. ेही पर चोरी किया हुआ सामान जिसमें प्लास्टिक के आधा दर्जन बंडल और चोरी की घटना में प्रयुक्त एक पिकअप भी बरामद की। पूछताछ के दौरान चोर ने अपना नाम श्याम पुत्र सुरेश निवासी ग्राम सहावली थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर बताया। इस मामले में पीड़ित मनोज ठाकुर पुत्र राकेश सिंह निवासी ग्राम नगवा ने बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए बताया था कि उसके बुढ़ाना कस्बे के चंधेडी रोड पर स्थित प्लास्टिक के एक प्लांट से प्लास्टिक के 6 कीमती बण्डल चोरी हो गये।

# जलभराव से लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पानी की निकासी नही होने के चलते सड़क पर कई फुट भरे गंदे पानी के कारण आज शनिवार के दिन बुढ़ाना वाया कांधला मार्ग पर लम्बा जाम लग गया।

जिसके चलते आने जाने वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। जरा सी बरसात होते ही इस मार्ग पर कई फुट पानी भर जाता है और फिर आने जाने वाले लोगों की दुर्गति होती है। खासकर पैदल चलने वालों और चौपहिया वाहन चालकों को बहुत समस्या आती है। यह नहीं कि इस मार्ग से प्रशासनिक अधिकारी नहीं गुजरते हैं। वह गुजरते तो हैं लेकिन इस समस्या की और कोई भी ध्यान नहीं देते। जब संबंधित अधिकारी ही इसके प्रति गंभीर नहीं हैं तो फिर समस्या का समाधान कैसे होगा यह भी सोचने वाली बात है। कुल मिलाकर उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग की सुध लेने वाला कोई भी नहीं है। जन प्रतिनिधि भी बिल्कुल चुप हैं। बस वह तो चुनाव के समय पर भोले भाले वोटरों का बेवकूफ बनाकर उनकी वोटें हड़पकर अपना उल्लू सीधा करते हैं और वोटर भी ऐसे ही है जो चुनाव के समय इनकी चाल. बाजी में आकर फंस जाते हैं और फिर पूरे पांच साल तक अपनी किस्मत को कोसते हैं। आज शनिवार को सडक पर भरे गंदे पानी के कारण कई घंटों तक लंबा जाम लगा रहा और संबंधित अधिकारी पूरी तरह से बेखबर ही रहे।

## दिन दहाड़े खेत से किसान की बाइक ले उड़े चोर

**मोरना।** चौरावाला गांव निवासी किसान की बाईक को चोर उस समय ले उड़े जब वह खेत मे काम कर था। सरेआम बाईक चोरी की घटना से ग्रामीण जहां दहशत मे हैं वहीं पीड़ित ने बाईक बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी वीरसिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह खरपौड़ मार्ग पर स्थित अपने खेत में काम करने गया था। वह अपनी प्लेटिना बाइक खेत से बाहर चकरोड़ पर खड़ी कर खेत में काम करने लगा। थोड़ी देर बाद उसे बाइक स्टार्ट होने की आवाज आई। बाहर आकर देखा तो दो अज्ञात युवक उसकी बाइक लेकर खरपौड़ गांव की ओर जाते दिखाई दिये। वीरसिंह ने बहुत शोर मचाया किन्तु चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गये। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी की। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामदगी गुहार लगाई है। थाना पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाईक की तलाश की जा रही है।

# खेतों में भरा पानी खादर में गहराया हरे चारे का संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र मे लगतार हो रही बारिश के कारण खेतो मे फ़सले जलमग्न हैं।खादर क्षेत्र मे धान व गन्ने की फसलों के बर्बाद होने की आशंका किसानो ने व्यक्त की है तो वहीं हरे चारे के समाप्त हो जाने से पशु पालक चिंतित हो गये हैं।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर, महाराज नगर,खैर नगर,सिताबपुरी, बिहारगढ़, शुक्रताल, फिरोजपुर, धारीवाला, हाजीपुर, योगेन्द्र नगर,खुशिपुरा आदि के अनेक किसान गंगा व सोलानी के खादर मे खेती करते हैं। इस वर्ष भारी वर्षा से आम जन जीवन प्रभावित हुआ वहीं बारिश का पानी खादर के जंगल मे भरा हुआ है।

गन्ना व धान की फसले पानी मे डूबी हुई हैं तो वहीं ज्वार,बाजरा,मक्का जैसी चारे की फसलें पानी मे डूबकर समाप्त हो चुकी हैं। चारे की फसले समाप्त होने से पशुओं के लिए हरे चारे का संकट पैदा हो गया है। पशु पालको ने बताया की लगातार भूसे का चारा खाने से पशु कमजोर हो रहे हैं।तथा दुधारू पशुओं के दूध की क्षमता कम हो रही है। दूध उत्पादन घटने व भूसे के चारे की अतिरिक्त व्यवस्था करने से आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। पशुओं का दूध बेंचकर परिवार की आजी. विका चलाने वाले मजदूर परिवारो के लिए आर्थिक संकट की आशंका उतपन्न हो गयी है।

# श्री रामलीला भवन नई मंडी से निकली ध्वज यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला भवन नई मंडी में 20 सितंबर से शुरू होने वाले भगवान श्री राम के मंचन से पूर्व आज रामलीला भवन में धर्म ध्वज एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना एवं आरती के पश्चात ध्वज यात्रा निकाली गई ध्वज यात्रा नई मंडी के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री रामलीला भवन पहुंची ध्वज यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल ने बताया कि इस वर्ष नई मंडी श्री रामलीला के मंचन को 99 वर्ष पूर्ण हो रहे है ।

उन्होंने बताया श्री रामलीला का भव्य मंचन मथुरा की श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा किया जाएगा इस अवसर पर कमेटी के मंत्री अशोक गर्ग, आदित्य भरतिया, राजीव अग्रवाल, कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, अशोक कुमार तायल, राजकुमार भीम, अभिषेक कुच्छल, कुलदीप शर्मा, प्रवीण कुमार एडवोकेट, उपेंद्र मित्तल, विद्युत गुप्ता, राजेश गोयल, संजय जिंदल काका, विनोद संगल, राकेश खंडेलवाल, विदित गुप्ता, प्रदीप जैन, श्याम सुंदर, शरद गोयल, विवेक बंसल, राजकुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# शुकतीर्थ में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मोरना।** प्राचीन तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर दूर दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के बीच गणेश जी की आरती व पूजा के बाद भगवान गणेश जी की मूर्तियों को गंगा में विसर्जित किया। क्षेत्र व दूर दराज से आये श्रद्धालुओं ने गणेश जी की विशाल प्रतिमाओं सहित छोटी प्रतिमाओं को लेकर गंगा घाट पर पहुंचे। एक दूसरे को गुलाल लगाकर भजनों पर नृत्य किया।वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस मौके पर तैनात रहा। गंगा घाट पर क्षेत्र व दूर दराज से आये श्रद्धालु बैंड बाजों के बीच गणेशजी की मूर्तियों को ट्रेक्टर ट्रॉली व पिकअप जैसे वाहनों मे लेकर पहुंचे। महिला,पुरुष व बच्चों का उत्साह देखते बनता था।वहीं श्रद्धालुओं के द्वारा विधि-विधान से गणपति जी की आरती पूजा अर्चना की।


### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सचिन व उसकी पत्नी श्रीमती रेनू मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए इनसे तंग आकर मैने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं, इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे

**हरीकिशन पुत्र श्री टोलर राम**
**निवासी- म.नं. 166 गाजावाली**
**पुलिया कच्ची सडक,**
**थाना सिविल लाईन तहसील**
**व जिला मुजफ्फरनगर**



अदालती समन
संख्याक-1
वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये समन
(आदेश 5 नियम 1 और 5)
**न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर।**
वाद संख्या 652 सन् 2024

1-आलोक स्वरूप, 2-अनिल स्वरूप पुत्रगण स्व0 कुंवर विनोद कुमार सिंह, 3-श्रीमति सुरेन्द्रा रानी पत्नि स्व0 कुंवर विनोद कुमार सिंह, समस्त निवासीगण राजभवन भोपा रोड जिला मुजफ्फरनगर। .......**वादीगण**

**बनाम**

1-कु0 अदाअली रजा पुत्री डॉ0 मौहम्मद जाहिद, 2-श्रीमति रिहाना नाहिद पत्नि श्री डॉ0 मौहम्मद जाहिद, समस्त निवासीगण मकान नम्बर 47 सिविल लाईन दक्षिणी मुजफ्फरनगर हाल निवासी मकान नम्बर 805/4 योगेन्द्रपुरी शहर मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। .....**विपक्षीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादीगण ने आपके विरूद्ध नल एण्ड वायॅड घोषित कराने के लिये वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तरपत्र आदि प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात उपस्थित होने के लिये दिनांक 09 माह 09 सन् 2025 को 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाती (उपस्थिति) के लिये जो उक्त तिथि नियत की गई है। वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत है इसलिये आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियों को या उन से सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रों साक्ष्यो का पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नहीं होगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आप की अनुपस्थिति में गुणदोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 29 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया। नियत तिथि वास्ते प्रतिवाद पत्र व तनकी

आज्ञा से
मुन्सरिम/रीडर
सिविल जज (सी0डि0)
मुजफ्फरनगर।



### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा लडका मेहरबान पुत्र आसमौहम्मद मेरे व मेरे अन्य पुत्रों के कहने सुनने में नही है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने मेहरबान से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज के बाद मेहरबान के द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन अथवा किसी भी कृत्य की मै अथवा मेरे अन्य दो पुत्र जिम्मेदार नहीं होंगे। मै मेहरबान से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूॅ। मेहरबान अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**श्रीमती शमशीदा पत्नी आसमौहम्मद**
**निवासी नया सुभाष नगर,**
**थाना नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर**



### Name Change

I hereby inform that my son Akshu's name has been wrongly entered as "Akshu Royal" in his educational records. As per his Aadhaar card number 6318 6023 3506, his correct and official name is Akshu. I request the education administration to please update his name in the educational records and enter his actual name as per Aadhaar card as "Akshu" to avoid any inconvenience in future. I hereby declare that the information given above is true to the best of my knowledge and belief.

**Ankur S/O Shri Omveer Singh, 86, Akhlour, Rohana Mill, Muzaffarnagar. 251202**


# बछड़े को जिंदा बरामद नहीं कर सकी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मुखबिर अगर कुछ देर पहले ही सूचना कर देता तो शायद एक गाय के बछड़े की जान बच जाती मगर फिर भी बुढ़ाना पुलिस ने गौमांस बैंचने की योजना बना रहे छह गौतस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को मुखबिर ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि ग्राम रसूलपुर दभेडी से ग्राम टोडा को जाने वाले रास्ते पर करीब 500 मीटर आगे कुछ लोगों ने एक गाय के बछडे को पकडकर काट दिया है। गौमांस को अब कटो में भरकर बुढ़ाना में बैंचने के लिए जाने वाले हैं। जल्दी की जाये तो पकडे जा सकते हैं। तब मुखबिर की सूचना पर नये कोतवाल सुभाष अत्री ने उमरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज को साथ लेकर बताए हुए स्थान को घेरकर मौके से छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से लगभग 50 किलोग्राम गौमांस, गौकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण जिनमें 4 छुरी, एक दाब, एक लकड़ी का गुटका, अन्य उपकरण व एक मोटर साइकिल बरामद की। पूछताछ में सबने अपने नाम नूर मोहम्मद पुत्र मजीद, शकील, जाहिद और परवेज पुत्रगण नूर मोहम्मद निवासीगण रसूलपुर दभेडी, मुन्ना पुत्र अब्दुल अजीज और वाजिद पुत्र युसुफ निवासीगण ग्राम कल्याणपुर थाना रतनपुरी बताए हैं वहीं दूसरी और सातवां आरोपी ईख का फायदा उठाकर फरार हो गया

# पुण्य तिथि पर याद किए गए किसान नेता जगबीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय किसान मोर्चा के संस्थापक स्व. चौधरी जगबीर सिंह की 22वीं पुण्यतिथि को किसान बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चौ. योगराज सिंह व लेखराज सिंह ने अपने निजी निवास दक्षिण सिविल लाइन्स पर शांति यज्ञ का आयोजन किया।

यज्ञ का संपादन डा. नीरज शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व चेयरमैन दल सिंह वर्मा ने चौ. जगबीर सिंह के सरल और सादगीपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें किसानों-मजदूरों का सच्चा हमदर्द बताया। पूर्व मंत्री चौ. योगराज सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. चौ. जगबीर सिंह सदैव किसानों व मजदूरों की लड़ाई लड़ते रहे, इसलिए



वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर ने भी उन्हें नमन करते हुए कहा कि चौ. जगबीर सिंह गरीबों व वंचितों के सच्चे हितैषी थे। श्रद्धांजलि यज्ञ में पूर्व विधायक राव वारीस , अरविंद आर्य, संजीव प्रधान, ब्रजबीर सिंह मलिक, ओमबीर सिंह (भौरा कला), चौ. कल्याण सिंह, चौ. बिजेंद्र सिंह, राजपाल त्यागी (सोहजनी तगान), धूम सिंह (मुढ़भर), रविकरण प्रमुख, अमरपाल प्रमुख सहित सैकड़ों गणमान्य व परिजनों ने आहुति देकर स्व. चौधरी जगबीर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मीरापुर रोड पर बंद पुलिया से खेतों में जलभराव, फसलें बर्बादी की कगार पर

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के मीरापुर रोड पर भारी बारिश के बाद किसानों की फसलें बर्बाद होने के कगार पर हैं। लगातार हो रही बारिश से खेतों में लगभग दो फीट तक पानी भर गया है, जिससे धान सहित अन्य खड़ी फसलें जलमग्न हो गई हैं। किसानों ने उपजिलाधिकारी राजकुमार भारती को प्रार्थना पत्र देकर मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

किसानों ने बताया कि मीरापुर रोड के नीचे बनी गिमेडिंग पुलिया से बरसाती पानी की निकासी होती थी, लेकिन कुछ लोगों द्वारा पुलिया को मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया। जब ग्रामीणों ने इसे खोलने का प्रयास किया तो विरोध का सामना करना पड़ा। इससे खेतों में जमा पानी और बढ़ गया है।

# सभासद ने हरी झंडी दिखा डाक्टर्स भेजे पंजाब

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी ने विगत दिवस पंजाब प्रांत में आई भयंकर बाढ से परेशान लोगों के लिए दरिया दिली दिखाते हुए अपनी टीम को खाद्य सामग्री, नगद रुपये और डाक्टरों की टीम को पंजाब भेजा।

सभासद इमरान कुरैशी अपनी टीम सदस्यों को पंजाब लेकर रवाना हुए और बाढ़ पीड़ितों के लिए 2 ट्रक दवाइयां, खाद्य सामग्री व कुछ नगदी लेकर गये। उन्होंने टीम को अपने कर कमलों द्वारा हरी झंडी दिखाकर पंजाब के लिए रवाना किया और कहा कि कोई भी पीडित उनके वहां जाने पर परेशानघ न दिखे और उनके साथ अच्छा व्यवहार करें ताकि उन्हें लगे कि उनकी मदद यूपी के लोगों की तरफ से अच्छी तरह से हुई है। पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए इमरान कुरैशी ने इंसा. नियत और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए लाखों रुपये की दवाइयां




पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए रवाना की। उनका यह कदम मानवता की सेवा का बेहतरीन उदाहरण ही नहीं है बल्कि बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए एक बड़ी राहत भी साबित होगा। इस दौरान इमरान कुरैशी ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा में जरूरतमंदों की मदद करना हम सबका फर्ज़ है। इस दौरान उनकी टीम में डॉक्टर मुजम्मिल ठाकुर, डॉक्टर नाजिम अली, डॉक्टर आजाद पुंडीर, डॉक्टर मोहसिन, डॉक्टर फारूक सैफी, सुहैल सैफी, शाहरुख सैफी, सोयब सैफी व कुंवर अफरोज आदि लोग रहे।

# अपराधियों पर काल बनकर टूट रही चरथावल पुलिस

**सादिक**

**चरथावल।** सीओ सदर का कार्यभार ग्रहण करने के बाद जहाँ चरथावल क्षेत्र मे अपराधियों सहित वारंटियों की शामत आयी हुई है वही अपराधियों पर धड़ाधड़ कार्यवाही होने से अपराधी खौफ मे आ गए है और पुलिस की चुस्ती का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है की कल शाम हुए झगड़े मे आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी से अपराधियों मे भय बन गया है।

थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि कई दिन पूर्व ग्राम सिकंद. रपुर गांव के कुछ बच्चों के बीच मामूली विवाद हो गया था। इसी विवाद को निपटाने के लिए शुक्रवार को पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत के दौरान पहले तो दोनों पक्षों में बातचीत हुई, लेकिन देखते ही देखते कहासुनी तेज हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इस दौरान एक पक्ष ने लाठी-डंडों, धारदार हथियारों और पत्थरों से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले में एक पक्ष के तीन लोग और दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सूचना पर पुलिस ने तत्काल गांव में पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि सुखपाल की तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर गांव से छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जयकुमार, रविंदर , नरेंद्र , विवेक, हर्ष और अक्षय



के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बच्चों की कहासुनी ने लिया खूनी संघर्ष का रूप, तीन घायल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली इस्लामनगर में खेलते समय बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। बच्चों के विवाद के बाद उनके परिजनों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले, जिसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

इस्लामनगर निवासी जफर पुत्र जुम्मा मजदूरी करता है। शनिवार को वह मजदूरी पर गया हुआ था। इस दौरान उसका बेटा अपने हमउम्र दोस्तों के साथ मोहल्ले में खेल रहा था। खेल के दौरान बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और मारपीट भी हुई। मारपीट के बाद जफर का बेटा घर पहुंचा और पूरी घटना बताई। जानकारी मिलते ही जफर मौके पर पहुंचा और बच्चों के साथ मारपीट करने वाले बच्चों के परिजनों से विरोध जताने लगा। इसी दौरान दूसरे पक्ष के बच्चे का पिता तहसीम भी मौके पर आ पहुँचा। दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ती गई और देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया गया। इस हमले में जफर और उसका भाई सन्नवर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया और सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए। जफर घायल अवस्था में अपने भाई के साथ कोतवाली पहुँचा और तहसीम व अन्य लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जफर को उपचार हेतु खतौली सीएचसी में भर्ती कराया, जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश कर रही है।

## दस साल से फरार गैंगेस्टर गिरफ्तार

**खतौली।** दस वर्षों से पुलिस की पकड़ से दूर चल रहे गैंगेस्टर के आरोपी को शनिवार को पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत बागपत जिले के मुगलपुरा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर वाहन चोरी सहित दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें वह कई बार जेल भी जा चुका है। गैंगेस्टर एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। खतौली अलुमिल, सद्दीकनगर निवासी शहजाद पुत्र मुस्तकीम 2013 में पुलिस से बचने के लिए अपना मकान बेचकर परिवार सहित बागपत के मुगलपुरा में छिप गया था। पुलिस कई बार दबिश देकर उसे पकड़ने का प्रयास कर चुकी थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर ढाकन चौक पुलिस चौकी प्रभारी आरिफ अली ने हेडकांस्टेबल उमेश मावी और कॉन्स्टेबल विवेक सिरोही के साथ बागपत में छापा मारा। पुलिस के आने की भनक मिलते ही आरोपी घर से भाग निकला, लेकिन पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी से कड़ी पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहजाद के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# आपीईटी कॉलेज में बीएड छात्रों को दिए टेबलेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** आपीईटी कॉलेज मीरापुर में शनिवार को आयोजित भव्य समारोह में बी.एड. उत्तरायण वर्ग के छात्र-छात्राओं को टेब वित. रित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह एवं राष्ट्रीय महासचिव शरीर ललित राणा रहे। इनके साथ संगठन के अन्य पदाधिकारी भी मंच पर उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर में नवीन मान्यता प्राप्त स्नातक स्तर आधुनिक एवं वेदांत संस्कृत महाविद्यालय, मीरापुर के शिक्षण सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुल 73 टेब पात्र छात्र-छात्राओं को प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मीरापुर व आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। प्रमुख रूप से महाविद्यालय के महासचिव ओमपाल सिंह, हिमांशु राणा एडवोकेट उच्च न्यायालय दिल्ली, नरेश पाल सिंह, विनोद चौहान सहित कई वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अमित राजपूत ने किया। संस्थान के शिक्षक सचिन कुमार ने कार्यक्रम के दौरान संस्कृत महाविद्यालय के निदेशक आचार्य ब्रह्मानंद का स्वागत किया। आचार्य ब्रह्मानंद ने अपने विचार रखते हुए संस्कृत भाषा एवं भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत हमें परिवार व समाज के प्रति अपने कर्तव्यों के पालन की प्रेरणा देती है। संस्कृत संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ समाज के प्रति दायित्व निभाते हुए आदर्श जीवन यापन का संदेश देती है। इस अवसर पर आचार्य ब्रह्मानंद ने छात्रों से आग्रह किया कि वे शिक्षा को केवल रोजगार का साधन



न मानकर जीवन मूल्यों के उत्थान हेतु भी अपनाएं। उन्होंने संस्कृत एवं संस्कृति के माध्यम से समाज सेवा की प्रेरणा लेने पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रेमपाल सिंह राणा, हिमांशु राणा, वेदपाल, ओमपाल सिंह, नाहर सिंह, सेवा. निवृत्त प्रधानाचार्य सचिन शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## भक्तिमय माहौल में हुआ गणेश विसर्जन

**जानसठ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में कई दिनों से बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक भक्ति भाव से गणेश जी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई तथा शुक्रवार की रात्रि में मन्दिर परिसर में जागरण का भी आयोजन किया गया जागरण के दौरान आए कई कलाकारों ने सुन्दर सुन्दर भजनो की प्रस्तुति दी जिसके चलते वहां का माहौल पूरी तरह से भक्तीमय हों गया उसके उपरांत शनिवार की सुबह सीएचसी परिसर में स्थित शिव मंदिर प्रांगण में विद्वान पंडितो के द्वारा वैदिक मंत्रों उचरण के साथ यज्ञ किया गया जहां गणमान्य लोगों एवं श्रद्धालुओं ने आयोजित यज्ञ में आहुति दी। मुख्य मार्ग से शोभायात्रा निकाली गई और श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल एक दूसरे के ऊपर फेंकते हुए श्रद्धालु गणपति बाबा मोरिया के विभिन्न भक्ति गीतों के साथ नृत्य कर रहे थे उसके उपरांत गणेश विसर्जन किया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र श्गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से गूंज उठा।

## सेवानिवृत्त होकर लौटे सूबेदार का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र के गांव फहीमपुर खुर्द निवासी सूबेदार सुधीर चौहान पुत्र मदन सिंह, जो रेजिमेंट 64 आमंड में मेरठ में तैनात थे, शनिवार को सेवा सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में ग्रामीणों और परिजनों ने मिलकर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया।

मेरठ में अन्य फौजियों द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद जैसे ही सुधीर चौहान खतौली बाईपास पहुँचे, सैकड़ों ग्रामीणों ने भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया। डीजे पर देशभक्ति के गीतों की धुनों के बीच फूलमालाओं से स्वागत कर जलूस निकाला गया। यह जलूस जीटी रोड, जानसठ रोड, भूड़ और फलावदा रोड होते हुए उनके गांव पहुँचा, जहाँ अन्य ग्रामीणों ने भी उन्हें फूलमालाओं से सम्मानित किया।गांव में स्थित बाबा दूधाधारी गणेश गिरी महाराज मंदिर पर विशाल सभा आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणों ने सूबेदार सुधीर चौहान के 28 वर्षों की सैन्य सेवा को याद करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। रिटायर फौजी ने अपने अनुभव साझा कर युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। सभा के पश्चात मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधीश पुंडीर (भाजपा नेता) रहे जबकि सभा का संचालन इनाम सिंह ने किया। कार्यक्रम में मूलचंद पूर्व प्रधान, राजेन्द्र पूर्व प्रधान, रमेश, दीपचंद, नर सिंह पाल, बल्लभ सिंह, मोहन गिरी, शम्भ, सुनील पंडित, मास्टर विनेश, मामराज, विपिन शर्मा, ब्रजेश, सिंधु सिंह, सत्यपाल, कुँवरपाल, नरेंद्र, भीम सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। यह स्वागत समारोह क्षेत्र में सेना के प्रति सम्मान और राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूकता का प्रतीक बन गया।

# शिक्षक समाज का दर्पण होता है:श्याम सुंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** सुखलाल सनातन धर्म इंटर कालेज में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने कविताओं के माध्यम से शिक्षकों की महिमा का गुणगान किया कक्षा 8 की छात्रा जोया ने अपनी स्पीच में बताया कि कैसे शिक्षक स्वयं दीपक की तरह जलकर अपने विद्यार्थियों के जीवन को प्रकाशमान करते है। कालेज के प्रबंधक श्याम सुंदर व अध्यक्ष डाक्टर बी बी गुप्ता ने सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और भरपूर सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता बताया। मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक धीरज कुमार गर्ग ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, धीरज



गर्ग,राकेश शर्मा,विनोद पाल, राजीव त्यागी,अनिल कुमार नितिन अग्रवाल, सलोनी त्यागी,भावना त्यागी,अर्चना देवी,सोनम,आयुषी गुप्ता आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा का आयोजन

**मीरापुर।** भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा मीरापुर में बैंड बाजो के साथ पंजाबी कालोनी से शुरू होकर गंगा बेराज तक पहुंची। मार्ग में जगह जगह भक्तो ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मीरापुर के पंजाबी कालोनी में नीरज वर्मा के आवास पर भगवान गणेश की 11 दिवसीय पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। शनिवार को प्रात: गणेश भगवान की मुख्य अर्चना के लिए यजमान शशांक शर्मा व नीरज वर्मा सपरिवार रहे। पं. दीपक कृष्णोत्रय ने वैदिक मंत्रो द्वारा गणेश जी की पूजा अर्चना करायी इसके उपरांत यज्ञ किया गया। यज्ञ के उपरांत लोगो को प्रसाद बाटा गया तदोपरांत बैंड बाजो से गणेश जी की विसर्जन यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई जहां यात्रा का नगर में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा गंगा बेराज पहुंचने पर भगवान गणेश को श्रद्धापूर्वक वैदिक मंत्रो के साथ गंगा में विसर्जित किया गया। इस दौरान भक्तो की आंखे भगवान को विदा करते समय नम हो गई थी। शोभा यात्रा में संजय माहेश्वरी, मंगत खुराना, मुकेश गोयल, अखिल गुप्ता, शुभम रस्तोगी, कोमल शर्मा, पं. अशोक शर्मा मौजूद रहे।

### व्यापार एकता मंडल की कार्यकारिणी गठित



**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल की नव गठित मुजफरनगर जिला इकाई का भव्य शपथ समारोह द ऑर्किड पार्टी हॉल में संपन्न हुआ। व्यापार मंडल के मुजफरनगर प्रदेशमंडल अध्यक्ष संजय कर्मा के नेतृत्व में उक समारोह में संदीप जैन ने जिलाध्यक्ष का कार्यभार संभालते हुए पद व गोप. नीयता की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा, प्रदेश महासचिव अनुज गुम्रा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भारती भालु एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार एवं प्रदेश प्रभारी अखिल प्रसाद सम्मिलित हुए जिनका प्रदेश मंडलाध्यक्ष संजय वर्मा, जिलाध्यक्ष संदीप जैन और जिला संयोजक मनोज सोली में पुष्पमाला और अंगवसला पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का आरंभ प्रदेश अध्यक्ष द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात प्रदेस अध्यक्ष द्वारा लव गठित इकाई को सपथ दिलाई गई तथा नियुकि पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर सैकड़ों व्यापारियों ने व्यापार मंडल की नीतियों से प्रभावित होकर व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने मंच से सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाई देते हुए उन्हें लगन और मेहनत के साथ व्यापार मंडल के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एकजुट होकर व्यापारी हित के लिए कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में व्यापार करना कठिन हो गया है। विभिन्न विभाग मौका देखकर व्यापारी का उत्पीड़न करने लगते हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं किया जाएगा और व्यापारी को समस्या से निदान दिलाने के लिए पूरा व्यापार मंडल जी जान से लड़ जाएगा। व्यापारी हित सर्वोपरि है। व्यापारी से बड़ा कोई पदाधिकारी भी नहीं है। संदीप जैन एक कर्मठ और जुझारु व्यक्ति है जिनकी मुजफरनगर के व्यापारियों के बीच एक अच्छी और सम्मानित छति है। उन्होंने प्रदेश इकाई को विश्वास दिलाया कि जिला इकाई उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगी। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष संदीप जैन ने प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारी शामिल रहे।

# दशलक्षण पर्व का विधि विधानपूर्वक समापन

**शाहपुर।** पिछले दस दिन से चल रहे जैन धर्म के दशलक्षण पर्व का अनंत चतुर्दशी के दिन हुआ समापन। अनंत चतुर्दशी व श्री वासु पूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस कस्बे मे भव्य रथयात्रा निक. ाली गई।

अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर प्रात: काल सभी जैन मंदिरो मे मंत्रोच्चार के बीच श्री जी अभिषेक व विश्व शांति हेतु शांतिधारा की गई। उसके पश्चात दोपहर रथयात्रा से पूर्व श्री शांतिनाथ मंदिर के प्रांगण मे सी डी ओ कमल किशोर जैन द्वारा ध्वजारोहन किया गया। जिसमे समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे व जैन समाज द्वारा श्री जैन का पटका व पगड़ी पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। उसके पश्चात श्री जी रथयात्रा प्रारम्भ हुई।रथयात्रा के पात्रों का चयन बोली द्वारा की गई। बोली सारथी जयंती प्रसाद सतीश जैन सोरम वाले, ख्वाशी रिखब दास जनेश्वर दास जैन, कुबेर अनुज जैन, दिवेश जैन, सौधर्म इंद्र उमंग जैन, पुनीत जैन, इशान इंद्र वीरेंद्र जैन दीपक जैन ने ली।रथयात्रा श्री पदमप्रभु जिनालय से प्रारम्भ होकर मोहल्ला महाज़नान, मैन बाजार, मैन चौराहा से होती हुई मंगलापुरी मंडी स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय पहुंची। मंदिर मे पहुंचकर मंत्रोच्चार के साथ श्री जी अभिषेक किया। इससे पूर्व आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित बालेश जैन, ललित जैन, पुनीत जैन द्वारा किया गया। रथयात्रा मे देश प्रदेश के मशहूर बैंड द्वारा जैन भजनो क़ी सुंदर प्रस्तुति दी। रथयात्रा मे सम्मितलित झांकी द्वारा भी सुंदर संदेश दिया गया। जिसमे सिंदूर ऑपरेशन झांकी ने देश के प्रति अपनी बलिदानी देने वाले भारत माँ के रक्षक को सलाम व गर्व महसूस करा रही थी। व एक झांकी ने



जैन संत आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज द्वारा स्वदेशी अपनाओ व इंडिया नही भारत बोलो जैंसे संदेश को दर्शा रही थी। इस दौरान बालेश जैन, राकेश जैन, मदन जैन, सतीश जैन, जीवेन्द्र जैन, अरविन्द जैन, अमित जैन, ललित जैन, उमंग जैन, वैभव जैन, अभिषेक जैन, पुनीत जैन, श्रेनिक जैन, आगम जैन, संदीप जैन, अरिहंत जैन अनंत जैन, शुभम जैन, हर्षित जैन, रजत जैन, पंकज जैन, पारस् जैन, बिट्टू जैन, संजीव जैन, सात्विक जैन, निविन जैन आदि महिला पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

## पंजाब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की मदद को आगे आए मीरांपुर के लोग

**मीरापुर।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए कस्बे के सर्वसमाज ने सराहनीय पहल की है। बाढ़ ने पंजाब में लाखों लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हजारों परिवार बेघर हो गए हैं, किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं और व्यापार पर गहरा असर पड़ा है। खाने-पीने की वस्तुओं की किल्लत ने पीड़ितों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। ऐसे कठिन समय में मीरापुर के समाजसेवियों ने आगे आकर मानवता का परिचय दिया। कस्बे के सर्वसमाज ने घर-घर जाकर धन और खाद्य सामग्री एकत्रित की। इस अभियान में जानू अंसारी, परवेज, सुबोध, जितेन्द्र, राशिद, धर्मेन्द्र, इकराम और अहमद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी के सामूहिक प्रयास से लगभग दो लाख रुपये की खाद्य सामग्री एकत्रित की गई। उससे 350 राहत किट तैयार की गईं, जिनमें दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। शुक्रवार को यह किटें एक पिकअप वाहन के माध्यम से पंजाब के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के लिए रवाना की गईं। पहल का नेतृत्व कर रहे जानू अंसारी ने बताया कि इस संकट की घड़ी में समाज के हर वर्ग को एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उनका कहना था कि जब सभी मिलकर कार्य करेंगे तभी प्राकृतिक आपदाओं जैसी बड़ी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। मीरापुर के लोगों की यह पहल न केवल राहत सामग्री तक सीमित है, बल्कि यह सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों का भी मजबूत संदेश देती है। कस्बे के युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि आपदा के समय एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत होती है।

## सपा नेता नवाब खाद्य सामग्री लेकर पंजाब रवाना

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नवाब इम्तियाज लाखों रुपये की कीमत की खाद्य सामग्री दो ट्रकों में भरकर पंजाब प्रांत के कई जिलों के लिए लेकर शनिवार की देर शाम अपने समर्थकों के साथ रवाना हुए।

जिसमें मिनरल वाटर की बडी 500 बोतलें, गेंहू के आटे के 500 कटे, बासमती चावल, सरसों का तेल, तीन तरह की दालें, माचिस, नमक, मसाले, चीनी और चाय की पत्ती सहित अन्य खाद्य सामग्री भी शामिल है। उनके साथ इनाम अल्लाह मेहर कुरैशी, इंजि. नियर शहजाद कुरैशी, अब्दुल्ला इम्तियाज और अकबर कुरैशी सहित अन्य लोग भी शामिल हैं।

वहीं राजपुर छाजपुर गांव से भी बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी गई। जिसमें सब ग्रामवासियों का



फुल सहयोग देखने को मिला। यह जानकारी सुनील कश्यप ने दी और बताया कि हमारे गांव के सभी लोगों ने पंजाब के लोगों के लिए खुलकर दान किया। इसके अलावा ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के लगभग सभी गांवों और खासकर कस्बा बुढ़ाना से भी काफी मात्रा में खाद्य सामग्री पंजाब प्रांत के विभिन्न जिलों में जा रही है। कस्बा बुढ़ाना के वार्ड नंबर नौ से शाहिद सिद्दीकी व राशिद रंगरेज भी डोर टू डोर घूमकर पीड़ितों के लिए चंदा एकत्रित कर रहे हैं जो कि पंजाब बाढ पीड़ितों को भेजा जाएगा।

# लाखों रुपये की सामग्री पंजाब लेकर रवाना हुई जमीयत

**बुढ़ाना।** कस्बे से जमीयत उलमा ए हिंद के तत्वावधान में पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए 2 लाख रुपये की राहत सामग्री रवाना की गयी। पंजाब में आई भीषण बाढ़ ने जहां हजारों परिवारों को बेघर किया वहीं लाखों लोग खाने पीने व ज़रुरी सामान की किल्लत से जूझ रहे हैं। इस कठिन परिस्थिति में जमीयत अध्यक्ष हज़रत मौलाना अरशद मदनी के विशेष निर्देश पर देशभर की तरह कस्बा बुढ़ाना की स्थानीय इकाई ने भी राहत अभियान तेज़ किया है। शनिवार को कस्बे से एक ट्रक भरकर करीब 2 लाख रुपए की राहत सामग्री रवाना की गई। इस सामग्री में आटा, चावल, दालें, तेल, चीनी, चाय, बिस्कुट, मसाले, साबुन, सर्फ, माचिस, मोमबत्तियां, आलू, प्याज व अन्य जरुरत का घरेलू सामान है। राहत सामग्री को रवाना करने से पूर्व जमीयत बुढ़ाना इकाई के पदा. धिकारी व सदस्यों की मौजूदगी में दुआ की गई। मौलाना इमरान हुसैनपुरी ने दुआ कराई और अल्लाह से इल्तिज़ा की कि ये सहायता प्रभावित परिवारों की तकलीफ़ें कम करने का ज़रिया बने। उन्होंने कहा कि जमीयत बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है। जमीयत उलमा ए हिंद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद आसिफ कुरैशी व मौहम्मद नवेद फरीदी अपने साथियों संग राहत सामग्री लेकर पंजाब के प्रभावित इलाके के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि ये हमारी इंसानी व ईमानी जिम्मेदारी है कि हम मुश्किल में फंसे अपने भाइयों बहनों के साथ खड़े हों। जमीयत की पहचान हमेशा इंसानी खिदमत व मुल्क में भाईचारे को मजबूत करने की रही है। राहत सामग्री जुटाने व उसे रवाना करने में विशेषकर नवेद फरीदी का सहयोग रहा। उन्होंने न केवल राहत सामग्री एकत्र करने में सक्रिय भूमिका निभाई बल्कि हर स्तर पर जमीयत की इस मुहिम को कामयाब बनाने में विशेष योगदान दिया। जमीयत के ज़िम्मेदारों ने कहा मौलाना अरशद मदनी की रहनुमाई व रहबरी में जमीयत ने हमेशा देश की हर आपदा व संकट की घड़ी में राहत व इंसानी सेवा का फरीज़ा निभाया है। उन्होंने स्थानीय लोगों से कहा की वे खुलकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करें और जो कुछ हो सके उसे इस राहत कार्य में शामिल करें। राहत सामग्री रवाना करते समय कस्बे व आसपास से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। लोगों ने जमीयत के इस कदम की भरपूर सराहना की और इसे इंसानियत व गंगा



जमुनी तहज़ीब की शानदार मिसाल बताया। आसिफ कुरैशी ने बताया कि ये पूरी जानकारी जिला अध्यक्ष मौलाना मुकर्रम अली क़ासमी को दे दी गयी जो प्रांतीय कार्यालय को बता रहे हैं। दुआ में मौलाना आसिफ इस्लाही, अशरफ़ कुरैशी, शाहिद कुरैशी, दीन मुहम्मद व परवेज अंसारी आदि मौजूद थे।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए सभी 61 क्षेत्र पंचायत, ब्लाक प्रमुख एक महीने का देंगे मानदेय

**जानसठ।** पंजाब में बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए एक सराहनीय पहल के तहत जानसठ ब्लॉक कार्यालय में क्षेत्र पंचायत प्रमुख चौधरी नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में और सभी ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को जानसठ ब्लाक परिसर में जानसठ ब्लाक प्रमुख नरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई जिसमें पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद करने हेतु सुझाव मांगा तथा बैठक में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों ने अपने अपने विचार रखें इसके उपरांत बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया, कि सभी 61 ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत प्रमुख नरेंद्र सिंह, पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए अपना एक महीने का मानदेय दान करेंगे। यह धनराशि जनपद मुजफ्फरनगर के जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। सभी ने सहमति जताई कि सोमवार 8 सितंबर, 2025 को सभी क्षेत्र पंचायत प्रमुख और ग्राम प्रधान मिलकर अपना एक महिने का मानदेय जिलाधिकारी को सौंपेंगे। यह पहल बाढ़ से प्रभावित लोगों को आपातकालीन राहत प्रदान करने के लिए एक सामूहिक प्रयास है।इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान सलारपुर राजू धीमान ,रवि कुमार, अनिल कुमार, पंकज कुमार (प्रधान पति ग्राम कासुमपुर खोला,( राजकुमार, राकेश कुमार सुरेंद्र सिंह राजन कुमार रवि कुमार संदीप कुमार, सुभानी, नवाब अली, नरेंद्र कुमार, आदि बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव उपस्थित रहें।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने छात्रों को किया जागरुक

**बुढ़ाना।** शिक्षक दिवस पर यूनिफाइड आईएएस एकेडमी गुवहाटी में छात्र छात्राओं को देश के विकास हेतू व उनके भविष्य के लिए जागरूक किया और शिक्षक दिवस पर भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर जाफरीन ने बताया की भारत में शिक्षक दिवस भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है।

सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत में एक महान शिक्षक और दार्शनिक के रूप में जाने जाते हैं। उनका जन्म तमिलनाडु के एक छोटे से गांव तिरुमनी में 5 सितंबर 1888 को हुआ था। एक बेहद ही साधारण परिवार से आने वाले सर्वपल्ली राधा कृष्णन को उनकी उपलब्धियों के लिए 27 बार नोबेल पुरस्कार के लिए नामित भी किया गया। इसके साथ ही उन्हें भारत रत्न पुरस्कार से



भी सम्मानित किया जा चुका है। शिक्षक दिवस सर्वपल्ली राधा कृष्णन की याद को समर्पित है। यह दिन सिर्फ एक उत्सव नहीं बल्कि उन गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है जो हमें ज्ञान के साथ साथ जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। उनकी शिक्षा, धैर्य व स्नेह हमारे व्यक्तित्व को गढ़ते हैं और हमें जीवन भर सही राह दिखाते हैं। इस खास मौके पर हम अपने सब शिक्षकों को दिल से धन्यवाद देते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर उन्हें सम्मानित कर देश के प्रति केंद्र सरकार की विकास की नीतियों से स्टूडेंट्स व शिक्षको को अवगत कराया। यूनिफाइड आईएएस एकेडमी के स्टाफ और छात्र यहां मौजूद थे।

## सूचना के अधिकार के प्रति जागरूक कर रहे सभासद अहसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** संविधान के तहत सूचना का अधिकार मिला हुआ है। देश की जनता को यह अधिकार अक्टूबर 2005 में मिला था। इसके माध्यम से आम आदमी भी प्रशासन से कोई भी सूचना हासिल कर सकता है। इसे आम आदमी का हथियार कहा जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। सूचना के अधिकार को जन-जन तक पहुंचाकर जागरूकता फैलाने का काम जानसठ के मोहल्ला जन्नताबाद निवासी सभासद मोहम्मद अहसान कर रहे हैं। सभासद मोहम्मद अहसान का कहना है कि आम आदमी को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की सख़्त ज़रूरत है ताकि वह सूचना के अधिकार का लाभ उठा सके।

जब वर्ष 2005 में सरकार द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 द्धआरटीआईऋ कानून बनाया गया तो वे तभी से सूचना के अधिकार के लिए कार्य कर रहे हैं और लोगों में इस अधिकार के प्रति जागरूकता फैला रहे है।

आजकल नगर पंचायत जानसठ में बतौर सभासद सामाजिक कार्य कर रहे मोहम्मद अहसान ने बताया कि उन्होंने करीब पचास आरटीआई स्वयं और अन्य लोगों द्वारा लगवाई है। उन्होंने बताया कि यह बात अधिक मायने नहीं रखती है मैंने कितनी आरटीआई लगाई बल्कि यह बात अधिक मायने रखती है कि मैंने कितने लोगों को आरटीआई के प्रति जागरूक किया है। सभासद मोहम्मद अहसान बताते हैं कि उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र मुजफ्फरनगर के पूर्व सांसद द्वारा पार्लियामेंट में कितने प्रश्न और मुद्दों को उठाया गया है इसकी जानकारी भी उन्होंने आरटीआई के तहत हासिल की है, और देश की राजधानी दिल्ली में संचालित होने वाले हक्क्स्पिटलों में गरीब लोगों के इलाज के संबंध में भी आरटीआई के तहत जानकारी हासिल कर जागरूकता फैलाई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विवाहिता का फंदे में लटका शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** संदिग्ध परिस्थितियो मे 30 वर्षीय महिला का शव घर में फंदे से लटका मिलने से गांव मे सनसनी फैल गई । परिजनो द्वारा जलालाबाद पुलिस व महिला के मायके मे सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुचकर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

जलालाबाद के ग्राम सोहजनी उमरपुर डेरा मे शनिवार की सुबह 7 बजे 30 वर्षीय विवाहिता ममता पत्नी राजेन्द्र का शव घर मे ही फंदे से लटका मिलने से हडकम्प मच गया। महिला के बच्चो द्वारा शव लटका देखा तो घर मे मौजूद परिवार के अन्य सदस्यो को जानकारी दी। जिसके बाद परिजनो ने फोन पर काम पर गए राजेन्द्र को घटना की सूचना दी जिसके बाद राजेन्द्र घर लौटा व जलालाबाद पुलिस चौकी पहुचकर घटना की सूचना चौकी प्रभारी पवन उपाध्याय को दी साथ ही पत्नि के परिजनो को भी फोन पर जानकारी दी जिसके बाद परिजन मौके पर पहुच गए व घटना की जानकारी ली पुलिस ने मौके पर पहुचकर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया व घटना की जांच मे जुट गई घटना से परिवार मे कोहराम मचा है । पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। अभी घटना के सम्बन्ध मे कोई तहरीर नही मिली है । तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। महिला के परिवार के लोगो का कहना हे कि आठ साल पहले ममता की राजेन्द्र से विवाह हुआ था राजेंद्र शामली मे एक निजी चिकित्सक के यहां कार्य करता है। पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र यादव व एस ओ भवन बिजेन्द्र रावत ने मौके पर पहुचकर मामले की जानकारी जुटाई है।

## मानवता वेलफेयर ट्रस्ट ने विभिन्न समस्याओं को लेकर रेलमंत्री से मिल सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** मानवता वेलफेयर ट्रस्ट एनजीओ के चेयरमैन मुजम्मिल थानवी ने दिल्ली में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को उन्होंने एक ज्ञापन भी सौंपा। दिल्ली-शामली-सहारनपुर जनता एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 14545) प्रतिदिन शाम 5 बजे दिल्ली से सहारनपुर के लिए रवाना होती है, जबकि सहारनपुर-शामली-दिल्ली जनता एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 14546) सुबह 6 बजे सहारनपुर से दिल्ली के लिए चलती है। वहीं इन क्षेत्रों से रोज सुबह हजारों यात्री शामली, कैराना, कांधला, बड़ौत होते हुए दिल्ली ओर भी यात्रा करते हैं। एनजीओ के चेयरमैन मुजम्मिल थानवी ने बताया कि दोनों ट्रेनों का थानाभवन टाउन स्टेशन पर ठहराव न होने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इन दोनों ट्रेनों का थानाभवन टाउन स्टेशन पर स्टॉपेज देने की मांग की। चेयरमैन ने यह भी आग्रह किया कि क्षेत्र में बढ़ते रेल यातायात को देखते हुए दिल्ली-सहारनपुर रूट पर एक नई ईएमयू ट्रेन चलाने की आवश्यकता है, जिससे दैनिक यात्रियों को राहत मिल सके। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने हर संभव कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आज समर्पण सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में जगत बन्धु सेवा ट्रस्ट व निफा टीम शामली के सहयोग से पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा में पंजाब में जिन भाइयों बहनों की फसलों का भारी नुकसान हुआ ओर उनके घर भी पूर्ण रूप से खत्म हो गए उनके सहयोग के लिए शामली से राहत सामग्री एक गाड़ी के माध्यम से आज प्रात: 9 बजे बुढ़ाना रोड शामली से पंजाब रवाना की गई। इसमें सभी जरूरत की सामग्री जैसे गेहूं, डाल , तेल, चावल, बिस्किट पानी की बोतले एवं आवश्यकता की दवाईयां, बच्चों के पैम्पर्स, आदि नैतिक जीवन में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री सभी क्षेत्र वासियों के सहयोग से पंजाब रवाना की गई।



इस सामग्री की समर्पण सेवा ट्रस्ट की पूरी टीम के द्वारा एकत्रित किया गया जिसमें से अधिक सामग्री थानाभवन के ग्राम यूनिसपुर, ग्राम बनत, ओर शामली से एकत्रित की गई। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अमन नामदेव ने बताया कि ए समय पंजाब के लिए एक मुश्किल का समय है, जिसमें हमारा कर्तव्य बनता है कि हम मानवता के नाते अपने पंजाब के भाइयों बहनों का सहयोग करे। इस अवसर पर उपस्थित रहे अमन नामदेव, संस्था के जिला अध्यक्ष संदीप उपाध्याय, वासु उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी राहुल बेदी, पुनीत कुमार,हर्षित गुप्ता, सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहें।

# संगम ने 14 शिक्षक सम्मान शिक्षक दिवस पर किया







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम शामली द्वारा आयोजित कैराना रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस रूप में मनाया। जिसमें शहर शामली के निशुल्क समाज को सेवा देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि चंचल जैन विद्या प्रकाशन, कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बंसल समाजसेवी, मुख्य वक्ता अंकित गोयल उद्योग व्यापार मंडल मंडल अध्यक्ष, वशिष्ठ अतिथि पुनीत द्विवेदी जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी शामली, अध्यक्ष अनुराग जैन ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन अजय गर्ग एवं अतुल वास्तव ने किया।

अतिथियों का पटका डालकर संगम सदस्यों ने सम्मान किया। शहर के शिक्षक सम्मानित संजय गोयल पुस्तक विक्रेता, छवी शर्मा सत्यनारायण इंटर कॉलेज सहायक अध्यापिका, लाल सिंह लचक संगीत टीचर, लेखक, गायक, इंदु जैन योग शिक्षक, तूलिका गोयल उप प्रधानाचार्य सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल शामली, आनंद प्रकाश प्रिंसिपल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली, रेशु रूहेला स्कॉटिश नेशनल स्कूल नृत्य शिक्षक, अरविंद शर्मा सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल शामली, संगीता सिंघल सरती देवी राजाराम पब्लिक स्कूल शामली, डॉ कृष्ण गोपाल पूर्व प्रवक्ता डिग्री कॉलेज शामली। समस्त अतिथियों ने पटका डालकर वह स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। एवं संगम के समस्त सदस्य अध्यापकों को भी स्मृति चिन्ह देकर शिक्षक के रूप में सम्मानित किया। अंकित गोयल ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। और संगम को सुंदर कार्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। और कहां की शिक्षक से ही हमारा देश चलता है। क्योंकि शिक्षक ही देश की रीड की हड्डी है। और कहा कि कोई बच्चा जरूरतमंद हो पढ़ना चाहता हूं। उसकी व्यवस्था की जाएगी। वह हमारी इंडस्ट्री करती है। दो स्कूल हमने शामली में गोद लिए हैं। जिनकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से हर तरह की हम निभाते हैं।

पुनीत द्विवेदी ने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षक दिवस पर अपने गुरु के पास जाकर कुछ ना कुछ ले जाकर सम्मान करना चाहिए। यह हौसला उनके परिवार वाले पैदा करें। जैसे हम हर उत्सव पर करते हैं। यह भी मुख्य उत्सव है। यहीं से बच्चे को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। सत्र संयोजक, अनुज जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन कराया। शिक्षक सम्मान में सहयोग किया। सचिव मनीष भटनागर ने सभी अतिथियों का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक मुकेश गर्ग एडवोकेट, कोषाध्यक्ष वैभव संगल, डॉ राजीव बंसल, मनोज मित्तल, प्रदीप बंसल, अनिल बंसल, अजय जैन, ललित जैन, शरद जैन, रवि संगल, विकास कौशिक, बृजपाल शर्मा, सुधीर सिघल, अनिल कश्यप, मोहन कुमार, रामपाल सिंह, मनोज गोयल, दिव्या प्रभाकर, डॉक्टर अजय चौधरी, राकेश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

**शामली।** लायंस क्लब शामली सिनेर्जी द्वारा शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 10 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष डॉ। अजय वर्मा ने की। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हशिक्षक समाज की रीढ़ हैं, जो विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण करते हैं। प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रियांक गोयल रहे। इस अवसर पर सिद्धार्थ गर्ग, रुचिर संगल, तुषार धवन, अनंत गुप्ता, विश्वस कुमार तेहरी, अमन शर्मा, शिवम विश्वकर्मा आदि शामिल रहे।

**शामली।** शनिवार को शहर के बीएसएम स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्ष, उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डा। सर्वपल्ली राधाकृष्णन को स्मरण किया गया, जिनका जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्कूल के चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने बताया कि डॉ। सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था। वे एक महान विद्वान, आदर्श शिक्षक और उत्कृष्ट दार्शनिक थे। उनका मानना यह था कि शिक्षक ही समाज का वास्तविक निर्माता होता है। जब वे राष्ट्रपति बने तो उनके शिष्यों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा जताई, तब उन्होंने कहा कि यदि आप मेरे जन्मदिन को मनाना चाहते हैं तो उसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाइए। तभी से 5 सितंबर का दिन पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। तदोपरांत विद्यालय की अन्य शिक्षिका पिंकी बालियान और शालिनी ने शिक्षक दिवस के महत्व को बताया। कार्यक्रम के अंत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का पुरस्कार गुलशन सैनी को दिया गया।

**झिंझाना।** शामली करनाल रोड स्थित एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल शिक्षक दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गयाद्य इस उपलक्ष में ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता तथा अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन तीन समूह प्री . प्राइमरी, प्राइमरी व् जूनियर सेकंडर स्तर पर किया गया तथा सीनियर अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्यप्री प्राइमरी समूह में प्रथम स्थान आदित्य व् अमानत द्वितीय स्थान अब्दुल व कुंज सरोहा तथा तृतीय स्थान फतेहवीर व अद्विक ने प्राप्त किया द्य प्राइमरी समूह में प्रथम स्थान आरव व महेश द्वितीय स्थान अनिका सरोहा तथा तृतीय स्थान हर्ष ने प्राप्त किया द्य जूनियर स्तर पर प्रथम स्थान माही , द्वितीय स्थान चंचल व नवजीत तथा तृतीय स्थान तुषार व विधि ने प्राप्त किया द्य अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम, जिया शर्मा द्वितीय, तथा, नवजोत सिंह तृतीय स्थान पर रहे द्य

ग्रीटिग कार्ड प्रतियोगिता के उपरांत विद्यालय चेयरमैन लोकेश तोमर, प्रबंधक पाल आर्य तथा प्रधानाचार्य सतीश कुमार भटनागर ने संयुक्त रूप से सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया द्य इस अवसर , सुमित चौहान ऋतिक चौहान , पंकज गर्ग, प्रदीप शर्मा , डिंपल सरोहा ,दीपक कुमार, भुज्वीर सिंह, अलका सैनी, हरप्रीत कौर,मोहित गर्ग,महिमा आदि सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एक नजर

### कनियान में स्व: अजीत सिंह खेल स्टेडियम, उद्घाटन करेंगे जयंत चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** क्षेत्रवासियों का वर्षों पुराना सपना अब साकार होने जा रहा है। खंड विकास क्षेत्र के गांव कनियान में बनकर तैयार हुआ स्व। चौधरी अजीत सिंह खेल स्टेडियम का रविवार को उद्घाटन के लिए सजधज कर पूरी तरह तैयार है। इस ऐतिहासिक मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी स्वयं स्टेडियम का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन समारोह को लेकर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल है। इस दौरान सदर विधायक प्रसन्न चौधरी अपने काफिले के साथ गांव कनियान पहुंचे। उन्होंने सभा स्थल और स्टेडियम परिसर का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर उन्होंने एसपी शामली नरेंद्र प्रताप से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जयंत चौधरी के आगमन को लेकर कार्यकर्ता कई दिनों से गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को आमंत्रित कर रहे हैं। ऐसे में रविवार को होने वाले समारोह में भीड़ उमड़ने की पूरी संभावना जताई जा रही है। जयंत चौधरी उद्घाटन के बाद खेल स्टेडियम के महत्व और युवाओं के भविष्य को लेकर अपने विचार रखेंगे। साथ ही गांव में नुक्कड़ सभा कर जनता को संबोधित भी करेंगे।

### ईट भट्टा मुनीम के साथ हुई मारपीट के मामले में अभियोग दर्ज

**कांधला।** कस्बे की दोनों नहरों के बीच तीन दिन पूर्व ईट भट्टा मुनीम के साथ अज्ञात बाइक सवार के द्वारा की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए बाइक सवार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव झाल निवासी पप्पन ने बताया था कि वह थाना क्षेत्र के गांव भारसी के ईंट भठे पर मुनीम है। शुक्रवार को वह अपने साथी सुदेश पाल निवासी कनियान के साथ बाइक पर सवार होकर दोनों नहरों के बीच स्थित एक दुकान से समोसे लेने के लिए आया था और जब वह वापस जा रहा था तो बड़ी नहर पुल के समीप विपरीत दिशा से आए बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। जब पीड़ित व उसके साथी के द्वारा विरोध किया गया तो आरोपी ने लोहे के कड़े से हमला करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया था। और शौर शराबा होने पर आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया था। पीड़ित मुनीम ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी थी। शनिवार को पुलिस ने पीड़ित भट्टा मुनीम की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है जल्दी सीसीटीवी कैमरे की मदद से बाइक सवार को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जाहरवीर गोगा माढ़ी पर भव्य मेला, हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**कांधला।** क्षेत्र के गांव आट्टा में परंपरा के अनुसार जाहरवीर गोगा माढ़ी पर भव्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद ही नहीं बल्कि अन्य जिलों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मेले का शुभारंभ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री सुरेश राणा, प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सैनी तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। थाना क्षेत्र के गांव अटटा में लगभग 60 वर्षों से लगातार लग रहे इस मेले में श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में पहुंचकर प्रसाद अर्पित किया और मनोकामनाएं मांगी। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। मेले में मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सुरेश राणा ने कहा कि आट्टा गांव का यह मेला सनातन धर्म की संस्कृति और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस मेले को पर्यटन की .ष्टि से विकसित करने के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास किया जाएगा, जिससे इसकी भव्यता और अधिक बढ़े। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कहा कि पूर्व की सरकारें धार्मिक आयोजनों पर रोक लगाती थीं, लेकिन योगी सरकार सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे आयोजनों को पूरा संरक्षण मिल रहा है।मेले में विशेष तौर पर विधायक सदर प्रसन्न चौधरी, पानीपत की मेयर कौमल सैनी, प्रमोद सैनी, डॉ। अंजलि सैनी, जयपाल सैनी, संजीव आडवाणी, डॉ। जीत सिंह, अंकित सैनी, तरुण अग्रवाल, विकास सैनी, बाबा नाहर सिंह, सौरभ चौधरी, कपिल पंवार, पुनीत द्विवेदी, दामोदर सनी, अजय सैनी, रोहित विश्वकर्मा, अनुज राणा, पूनम राणा, रवि गोयल, सोमपाल सैनी, राजेश सैनी, जगपाल कश्यप, विपिन कश्यप आदि रहे।

### डीएम ने मामौर पहुंचकर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** डीएम ने मामौर पहुंचकर झील पर बनाए गए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट को नियमित रूप से संचालित करने तथा सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। एक दिन पूर्व सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने भी मामौर झील व प्लांट का जायजा लिया था। शनिवार को डीएम शामली अरविंद चौहान मामौर झील पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने झील के पानी को ट्रीट करने हेतु नमामि गंगे परियोजना के तहत जल निगम द्वारा स्थापित किए गए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने प्लांट परिसर में भरे अतिरिक्त पानी को साफ करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्लांट को नियमित रूप से संचालित करने को कहा ताकि झील को ओवरफ्लो होने से रोका जा सके। जिलाधिकारी ने जल निगम के उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता करके प्लांट को रेगुलर ऑपरेट करने को कहा। विगत दिनों झील के निकटवर्ती किसानों ने ट्रीटमेंट प्लांट को नियमित रूप से संचालित न किए जाने की शिकायत की थी। इसी के मद्देनजर सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने भी मामौर झील व प्लांट का निरीक्षण किया था। उन्होंने जिलाधिकारी को प्लांट पर मिली खामियों से अवगत कराया था। इस दौरान एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री आदि मौजूद रहे। वहीं, एसडीएम ने बताया कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया है। प्लांट को नियमित संचालित करने तथा साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया है।

# 56 सेमी और घटा यमुना नदी का जलस्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** यमुना नदी के जलस्तर में गिरावट का सिलसिला निरन्तर जारी है। शनिवार को भी यमुना के जलस्तर में 56 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई। वहीं, हथिनीकुंड बैराज से अधिकतम 54,391 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया। यमुना का जलस्तर घटने से तटवर्ती क्षेत्र के बाशिंदे राहत महसूस कर रहे है।

पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार वर्षा के चलते हथिनीकुंड बैराज से विगत सोमवार को वर्तमान मानसून सत्र का सर्वाधिक 3,29,313 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया था, जिससे कैराना खादर क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए थे। सामान्य रूप से बह रही यमुना एकाएक खतरे के निशान को पार कर गई थी। खादर क्षेत्र के किसानों की हजारों बीघा फसल को यमुना के पानी ने अपने आगोश में ले लिया था। इसी पानी के चलते यमुना नदी क्षेत्र में दो दिनों तक खतरे के निशान से ऊपर बहती रही, जिसके चलते प्रशासन व तटवर्ती क्षेत्र के बाशिंदों की धड़कने बढ़ी रही। हालांकि दो दिन बाद ही यमुना नदी का जलस्तर घटना शुरू हो गया था। यमुना के बहाव में गिरावट का सिलसिला निरन्तर बरकरार है। शनिवार को भी यमुना के जलस्तर में 56 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई। जलस्तर घटने से तटवर्ती क्षेत्र के बाशिंदों ने राहत महसूस की है। हालांकि हथिनीकुंड बैराज से यमुना में छोड़े जाने वाले पानी का सिलसिला अभी भी जारी है, लेकिन बैराज से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा में भारी कमी आई है। बैराज से शुक्रवार शाम छह बजे 54,391 क्यूसेक तथा शनिवार प्रात: दस बजे 50,450 क्यूसेक व शाम चार बजे 48,413 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया। वहीं, शनिवार शाम चार बजे तक कैराना में यमुना नदी का जलस्तर घटकर 230।32 मीटर पर आ गया, जबकि शुक्रवार को शाम छह बजे जलस्तर 230।88 मीटर पर था। वहीं, ड्रेनेज विभाग के एक्सईएन सुधांशु सिंह ने बताया है कि यमुना के जलस्तर में करीब 56 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। कैराना में यमुना नदी का चेतावनी बिंदु 231।00 मीटर तथा खतरे का निशान 231।50 मीटर निर्धारित है। हथिनीकुंड बैराज से यमुना में छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा में भारी कमी आई है, जिससे जलस्तर अभी और नीचे आएगा।

### दुकान खोलने पर जानलेवा हमले की शिकायत, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**झिंझाना।** कस्बा ऊन के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी बर्तन दुकानदार विनोद कुमार ने पुलिस में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि मोहल्ले के ही तीन युवकों ने उस पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ऊन स्थित मोहल्ला आर्यपुरी में अपनी बर्तनों की दुकान खोल ही रहा था कि तभी कस्बा निवासी मोहित, रोहित और काला तीनों ने हथियारों से लैस होकर उस पर हमला बोल दिया। पीड़ित का आरोप है कि तीनों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# ट्राली में पंचर लग रहे दो लोगों को बाइक सवार ने मारी टक्कर तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित गांव जिडाना के समीप सड़क किनारे खड़ी ट्राली में पंचर लगा रहे दो युवकों को बाइक सवार का संतुलन बिगड़ जाने से टक्कर लग गई। हादसे में बाइक सवार सहित पंचर लग रहे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों का उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा निवासी रिजवान और शाहरुख कस्बे की नवीन सब्जी मंडी के निकट पंचर की दुकान कर लगाने का कार्य करते हैं। शुक्रवार की देर रात दोनों युवक गांव असदपुर जिडाना निवासी एक ग्रामीण की ट्राली में गांव के समीप पंचर लगाने गए हुए थे। और दोनों सड़क किनारे खड़ी ट्राली में पंचर लग रहे थे तभी कैराना की ओर से आ रहे कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान निवासी बाइक सवार आजम पुत्र वाहिद की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और पंचर लग रहे दोनों लोगों को टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से बाइक सवार सहित पंचर लग रहे दोनों लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने बाइक सवार को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जबकि पंचर लग रहे दोनों लोगों को कस्बे के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

## सीओ ऑफिस के सामने से बाइक चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद



**कैराना।** कस्बे के मुख्य मार्ग पर सीओ कार्यालय के सामने स्थित जिम के नीचे से युवक की बाइक चोरी हो गई। बाइक चोरी की घटना जिम पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

क्षेत्र के गांव रामड़ा निवासी फारुख ने कोतवाली पर तहरीर दी है। बताया कि विगत शुक्रवार को शाम करीब साढ़े चार बजे वह बाइक से कस्बे के मुख्य मार्ग पर सीओ कार्यालय के सामने स्थित जिम में आया था। वह अपनी बाइक खड़ी करके जिम में ऊपर चला गया। आरोप है कि दस मिनट बाद जब वह वापिस आया तो उसे बाइक वहां नही मिली। किसी अज्ञात चोर ने उसकी बाइक को चुरा लिया। पीड़ित युवक ने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज करके चोरी हुई बाइक बरामद करने की मांग की है। वहीं, बाइक चोरी की घटना जिम पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें ब्लैक लोअर व टीशर्ट पहने तथा सिर पर लाल गमछा बांधे युवक बाइक चोरी करके ले जाते हुए नजर आ रहा है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि बाइक चोरी की तहरीर उन्हें नही मिली है। घटना की जानकारी करके विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

# जाहरवीर गोगा म्हाड़ी पर अनंत चतुर्दशी के दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर शनिवार को गूगल माढी पर विशाल मेला आयोजित हुआ। तड़के सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु हाथों में प्रसाद, ध्वज व निशान लेकर दरबार की ओर पहुंचने लगे। सूर्योदय से पूर्व ही माढ़ी परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वातावरण ह्जाहरवीर गोगा वीर की जयह्व के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा।श्रद्धालु जन कतारबद्ध होकर लंबी-लंबी लाइनों में खड़े रहे और अपनी बारी आने पर आस्था के साथ गोगा वीर के दरबार में प्रसाद अर्पित किया। मेले में दूरदराज से आए श्रद्धालु शामिल हुए। दिल्ली, हरियाणा, देहरादून, सहारनपुर व मेरठ सहित कई जनपदों से भक्तजन गूगल माढ़ी पहुंचे।



भक्तों का मानना है कि यहां सच्चे मन से की गई मनौती अवश्य पूरी होती है, इसी कारण हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।मेले के दौरान छड़ी पूजन और धार्मिक अनुष्ठान विधिविधान से संपन्न हुए। श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत गाए और जाहरवीर गोगा वीर के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नगर पंचायत की देखरेख में चल रहे 15 दिवसीय गुगाल मेले का यह मुख्य दिन रहा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की।मेला परिसर में दुकानों की सजावट, झूले व बच्चों के खेलकूद के साधन भी आकर्षण का केंद्र बने रहे। श्रद्धालुओं ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ मेले की रौनक का भी आनंद लिया।इस अवसर पर मंदिर प्रांगण भक्तों से खचाखच भरा रहा। आस्था और श्रद्धा का ऐसा .श्य देखने के लिए नगर व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जाहरवीर गोगा माढ़ी पर उमड़ा यह जनसैलाब आस्था का अद्भुत प्रतीक रहा।

# फंदे पर लटका मिला ससुराल आए युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गांव कोलकी कला मे ससुराल में आये युवक का शव फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई।मौके पर पहुँची पुलिस घटना की जाँच में जुट गई और युवक की पत्नी व पत्नी प्रेमी को हिरासत में लेकर पुछताछ की जा रही है।




जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव कोलकी कला में ससुराल में आये युवक का शव फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई वही सूचना पर पहुँची पुलिस घटना की जांच में लगी है।थान देवबन्द क्षेत्र निवासी सोनू का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है मर्तक के परिजनों ने मर्तक की पत्नी बेबी व प्रेमी शौरभ और पत्नी के घरवालो पर गंभीर आरोप लगाए है। मर्तक सोनू थाना देवबन्द क्षेत्र के गांव कपुरी गोविन्दपुर का निवासी है। जिसकी शादी लगभग 14 साल पहले बेबी पुत्री सेन्धु निवासी कोलकी से हुई थी।मर्तक के चार बच्चे बताए जा रहे है। थाना प्रभारी प्रवेश कुमार ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है।शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।मर्तक के परिजनों से तहरीर ले ली गई है।उसी के आधार पर मुकदमा लिख कार्रवाई की जा रही है।

# पेस्टीसाइड का छिड़काव करते किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** खेतों में पेस्टिसाइड का छिड़काव करने के दौरान किसान बेहोश हो गया। उपचार के लिए ले जाते समय किसान की मौत हो गई।

गांव डूभर किशनपुर निवासी 60 वर्षीय किसान पदम सिंह दोपहर के समय धान के खेत में कीटनाशक दवा का स्प्रे कर रहे थे। स्प्रे करने के दौरान पदम सिंह को अचानक चक्कर आ गए जिसके कारण वह मौके पर ही गिर पड़े। जब पदम सिंह बेहोश होकर गिरे तो ग्रामीणों ने देख लिया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने परिजनों को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे। परिजन पदम सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगोह में उपचार के लिए ले गए लेकिन हालत ज्यादा खराब होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। इसी बीच पदम सिंह ने कीटनाशक का असर ज्यादा होने के कारण रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# बाढ़ पीड़ितों को भेजा 15 लाख का राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भारी बारिश के कारण उफनाई नदियों से पंजाब में भीषण बाढ़ का कहर देखने को मिला है। पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए ऑल इंडिया मिल्ली काऊंसिल, जामिया रहमत अरेबिक कॉलेज और क्षेत्रीय लोगों ने करीब पंद्रह लाख रुपए का राशन व अन्य सामान भेजा है।



उत्तर भारत के हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड सहित उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जीवन अस्त व्यस्त है, पंजाब में हालात भयावह है। पंजाब में बाढ़ के कारण लोगों को भारी परेशानियों एक सामना करना पड़ रहा है। पंजाब के बाढ़ ग्रस्त इलाकों के लोगों की मदद के लिए ऑल इंडिया मिल्ली काऊंसिल, जामिया रहमत अरेबिक कॉलेज और बेहट क्षेत्र के ग्रामीण आगे आए है। क्षेत्रीय लोगों द्वारा आपस में करीब दस से पंद्रह लाख रूपए का सामान जैसे आटा, चीनी, चाय पत्ती, चावल, रिफाइंड तेल, दाल, बिस्किट, कपड़े, मच्छरदानी, चप्पल जूते, तिरपाल, छतरी, टॉर्च, बिस्तर, साबुन, हेयर ऑयल, फर्स्ट एड मेडिशन, बच्चों के डायपर, महिलाओं व बच्चों के कपड़े आदि समान इकठ्ठा कर करीब 6 वाहनों में लादकर पंजाब भेजा गया है। ऑल इंडिया मिल्ली काऊंसिल के सेक्रेट्री मौलाना अब्दुल मालिक मुगीशी का कहना है कि इन्सान और इंसानियत की सेवा करना सबसे बड़ा सवाब का काम है, पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए क्षेत्र के सभी धर्मों के लोगों ने भागीदारी की है और वे स्वयं इस राहत सामग्री को लेकर पंजाब जाएंगे और जरूरतमंद लोगों को वितरित करेंगे। इस दौरान मौलाना अब्दुल कादिर नानौली, हाफिज सादिक नानौली, बुरहान भाई नानौली, कघरी अयूब तिरफवाह, चौधरी नदीम दबकोरा, हाजी मुकर्ररम टोडरपुर, आमिर चौधरी टोडरपुर, नोशाद भाई चेंची, मिस्त्री अमजद लोदीपुर, चौधरी हाशिम घघरौली आदि लोग मौजूद रहे।

# विकास के नाम पर रूपये हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों के नाम पर आये सरकारी खर्च के रुपयों को हड़पने का आरोप लगाते हुए डीएम व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

शनिवार को गांव दभेडा कलां निवासी जाकिर पुत्र अब्दुल वहीद, इस्फाक पुत्र जमालुद्दीन, सादिक पुत्र इलियास, साबिर पुत्र अख्तर व राशिद पुत्र इलियास आदि ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाया है। गांव में जाने आने के लिए नदी से होकर गुजरना पड़ता है जिस पर कोई पुल नहीं बना है जिससे आते जाते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए गांव के कंई लोगों ने मिलकर अपने खर्च पर नदी में बम्बे व मिट्टी आदि डालकर आने जाने के लिए अस्थाई पुल का निर्माण किया। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने उक्त कार्य को सरकारी निर्माण में दिखाकर सरकारी पैसा हड़प लिया। इतना ही नहीं ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि गांव में एक खडंजे को हटाकर उसकी जगह आरसीसी डलवायी गयी थी जिससे निकलने वाली ईंटों को ग्राम प्रधान ने अपने भाई के मकान में लगवा दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम समाज की भूमि में तीन दुकानों का निर्माण कराया गया जिनमें से दो दुकानों को राशन डीपों व तीसरी दुकान को अपने निजी कार्य के इस्तेमाल में लाया जा रहा है।

# लगातार पंजाब में राहत सामग्री भेज रहा हैप्पी क्लब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेडा अफगान।** जनपद में कई ऐसे सामाजिक संगठन हैं जो जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे हैं।ऐसा ही एक संगठन है हैप्पी क्लब है।यह संगठन भी पिछले लगभग 6 वर्षों से जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहा है।पूरे जनपद में यह संगठन गरीब बेसहारा जरूरतमंद लोगों के लिए एक बड़ी आस है।6 सालों में यह संगठन लगभग 65 लोगों की आर्थिक मदद कर चुका है और लगभग 600 लोगों के निशुल्क आंखों के ऑपरेशन भी करवा चुका है।

संगठन के अध्यक्ष अक्षय प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि आज से लगभग 6 साल पहले 2019 में 25 सदस्यों से इस संगठन की शुरुआत की गई थी जिसमें आज लगभग 100 सदस्य शामिल हैं।जब भी किसी जरूरतमंद की मदद करनी होती है तो संगठन से जुड़े सभी लोग थोड़ा-थोड़ा सहयोग करके पैसा इकट्ठा करते हैं और मदद करने का काम करते हैं।अक्षय प्रधान ने बताया कि हमारे जनपद में ही बहुत से ऐसे लोग हैं जिनका अपना कोई नहीं है या फिर कुछ लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं।ऐसे लोगों की हैप्पी क्लब मदद करने का काम करता है।चाहे मामला बच्चों की पढ़ाई का हो या फिर किसी गरीब के इलाज का,मामला किसी गरीब की बेटी की शादी का हो हैप्पी क्लब अपने स्तर से हर संभव मदद करने का प्रयास करता है।



संगठन के संरक्षक सुदेश प्रधान और संजय चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके संगठन में किसी भी प्रकार की जाति या धर्म देखकर मदद में भेदभाव नहीं किया जाता।संगठन हिंदू मुस्लिम सिख इसाई आपस में है भाई भाई के अपने सिद्धांत पर कार्य करता है।संगठन ने अब तक जिन लोगों की मदद की है उनमें हिंदू भी हैं,मुस्लिम भी हैं।उन्होंने यह भी बताया कि जब संगठन के किसी भी व्यक्ति या उनके परिवार से किसी भी सदस्य का जन्मदिन होता है तो वह जन्मदिन कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों के साथ मनाया जाता है ताकि रोगियों को भी यह एहसास हो सके कि वह अकेले नहीं है बाहर की खुशियां भी उनके साथ हैं।उन्होंने यह भी बताया कि संगठन से ज्यादातर किसान परिवार के लोग जुड़े हुए हैं तो आम के सीजन में आम भी कुष्ठ आश्रम में मरीजों को बांटे जाते हैं।

संगठन के कोषाध्यक्ष जयकुमार प्रधान और सचिव राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए भी संगठन के द्वारा राहत सामग्री भेजी गई है।उन्होंने बताया कि राहत सामग्री से भरे हुए ट्रक संगठन से जुड़े लोग पंजाब लेकर गए।पीडित लोगों से मुलाकात की और उनकी जरूरत का सामान उन्हें वितरित किया।संगठन के कोषाध्यक्ष जयकुमार प्रधान ने बताया कि अब तक संगठन लगभग 15 लाख रुपये से जरूरतमंद लोगों की सहायता कर चुका है।उन्होंने यह भी बताया कि परमात्मा के आशीर्वाद से जरूरतमंद लोगों की मदद का यह कार्य चलता रहेगा और बढ़ता रहेगा।

## कथा का समापन

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में श्री सिद्धि विनायक सेवा दल के तत्वाधान में आयोजित श्री शिव महा. पुराण कथा के समापन अवसर पर आचार्य विजयकांत भारद्वाज ने भगवान शिव और माता पार्वती से संबंधित जीवन वृतांतों को भक्ति भाव से सभी भक्तजनों को सुनाया।

शनिवार को कथा समापन अवसर पर आचार्य ने कहा कि भगवान शिव के प्रति सच्ची भक्ति ही व्यक्ति को जीवन में भवसागर से पार उतरती है। इस दौरान उनके द्वारा गाए गए भगवान शिव व भगवान गणेश के सुंदर भजनों से श्रद्धालु भाव विभोर हुए और उठकर नृत्य करने लगे। कथा समापन पर श्री सिद्धिविनायक सेवा दल के सभी सदस्यों व पदाधिकारीयों द्वारा आचार्य को अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आरती डॉक्टर हुकम चंद सैनी व अजय सैनी के द्वारा संपन्न कराई।

# फिर चर्चाओं में आई विवादित भूमि

**साास, दामाद सहित चार लोगों पर लगाया हेराफेरी कर जमीन बेचकर करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे के शाकंभरी रोड स्थित विवादित भूमि एक बार फिर चर्चाओं में है। पूर्व में कई मुकदमों की मार झेल रही भूमि को लेकर एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। इस बार सास, दामाद सहित चार लोगों पर कागजों में हेराफेरी कर षडयंत्र के तहत जमीन बेचने के नाम पर करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप लगा है। पुलिस मामले को लेकर तफ्तीश में जुट गई है।

दरअसल, कोतवाली बेहट कस्बे के शाकंभरी रोड पर हाजी वजीर की करोड़ों रुपए की चर्चित भूमि है, जिस पर विरासत को लेकर विवाद चला आ रहा है और कई मुकदमे भी चल रहे है। अब सहारनपुर के थाना मंडी इलाके के झोटे वाला निवासी मोहम्मद इस्लाम पुत्र नूर हसन ने कोर्ट के आदेश पर थाना मंडी में भूरिया पत्नी रुस्तम निवासी गांव चिम्माबांस, अकरम पुत्र इकराम व आजम पुत्र अकरम निवासीगण अहमदनगर, मिर्जा वाला बाग, थाना मंडी सहारनपुर तथा मुल्ला सूफी उर्फ रहमान निवासी भंगी कालोनी, प्रिंस कालोनी कोतवाली मंडी के खिलाफ षडयंत्र कर रुपए हड़पने और कागजों में हेराफेरी करने और इकरार नामा वापस ना करने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी भूरिया ने जमीन में अपनी हिस्सेदारी बताई और खुद को विरासत में जमीन मिलना बताकर सौदा किया और मोटी रकम ले ली, जबकि जिस जमीन को अपने पति से विरासत में मिलना बताया गया, उस पति से महिला का करीब 35 वर्ष पहले तलाक हो गया था लेकिन लालचवश कागजों में हेराफेरी कर उसे इकरारनामा कर मोटी रकम ऐंठ ली और अब इकरारनामा वापस करने का दबाव बना रहे है।

पीड़ित की तहरीर और कोर्ट के आदेश पर थाना मंडी में सास भूरिया, दामाद अकरम और धेवते आजम और मुल्ला सूफी उर्फ रहमान के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (2), 336 (3), 338, 340(2), 61 (2), 352, 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

## शातिर आरोपी दबोचा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने एक शातिर आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। आरोपी के खिलाफ एन डी पी एस के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

आपरेशन सवेरा अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम ने मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले एक शातिर आरोपी नशा तस्कर आजम पुत्र इदरीश निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को दुमझेडा मोड़ जंगल ग्राम दुमझेडा से 13 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ पर आरोपी ने बताया है कि वह बाहर से सस्ते दामो में स्मैक खरीदकर लाता है व पुडिया बनाकर अलग अलग गांव मे जाकर स्मैक पीने वालो लोगो को महंगे दाम पर बेच देता है जिससे कि उसे काफी मुनाफा हो जाता है।

# मुल्क व कौम के लिए मांगी दुआ, बांटा लंगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** ईदुल मिलादुलनबी के मौके पर नगर मे शाह अब्दुल्ला शाह का मजार ( दादा पीर ) में मुल्क और कोम के लिए दुआ की गई इस मौके पर लंगर भी बांटा गया।

नगर की शाह अब्दुल्ला शाह दरगाह (दादा पीर) में ईदुल मिलादुलनबी के मौके पर कलाम पाक की तिलावत की गई और मुल्क की तरक्की खुशहाली, के लिए दुआ की गई।इस मौके नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान ने कहा कि हम सबको हुजूर के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिएऔर झूठ और नशा खोरी से दूर रहना चाहिए उन्होंने कहा कि कुरान पढ़ने का हुक्म भी देता है इसलिए सब मुसलमान को ज्यादा से ज्यादा इल्म हासिल करना चाहिए जिस से कि हमारे मुल्क और कोम की तरक्की हो।। उन्होंने इस अवसर पर अपील करते हुए कहा कि पंजाब हमारा पड़ोसी राज्य है जहां पर भयानक बाढ़ आने से वहां के लोगों के कारोबार और घर तबाह गए है हम सभी को अधिक से अधिक उन लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए उन्होंने कहा की जामा मस्जिद में पंजाब के पीड़ितों के लिए चंदा इकट्ठा किया जा रहा है ज्यादा से ज्यादा लोग वहां पर जाकर समान या पैसे और जरुरत का समान देकर उन लोगों की मदद करनी चाहिए । कार्यक्रम के बाद मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। और लंगर बांटा गया।



कार्यक्रम में पीरुं मियां,हाजी आफताब पीरजादा, एम ए काजमी, पीरजी जमील,शाह मौहम्मद अशरफ,डॉक्टर आबिद,तमहीद पीरजादा, जमाल अहमद,कमाल अहमद,अजीज अहमद,जैनुल, मुर्तजा सैय्यद,मियां सैफी,नवीद पीरजादा, एस एम हुसैन जैदी, इकबाल खान, सत्तार शेख ,परवेज आलम, खुर्शीद आलम ,परवेज आलम मारूफ मिर्जा, गुड्डू पीरजादा, आदि के अलावा जमुर्रद हुसैन, मुदस्सिर हुसैन, मुकर्रम हुसैन, कलीम अहमद, शिबली, फरदीन आदि मौजूद रहे।

# नकुड, सरसावा, रामपुर मनिहारान, चिलकाना व अम्बेहटा में निकाली पालकी शोभायात्रा












**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड।** जैन धर्म के अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व के अवसर पर नगर में परंपरागत भव्य जल कलश यात्रा धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ निकाली गई। बच्चों ने इंद्रो का रूप धारण कर सहस्त्र कलशों द्वारा श्रीजी का अभिषेक किया।

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सुबह से ही जैन श्रद्धालुओं द्वारा जैन मंदिरों में पूजा अर्चना की गई।।श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भव्य जल कलश यात्रा बैंडबाजों के साथ नगर के मुख्य बाजारों से होकर निकाली गई, जिसमें समाज के बच्चों सहित युवाओं और बुजुर्गों ने इंद्रो का रूप धारण कर नगर में भ्रमण करते हुए लोगों अहिंसा का संदेश दिया। जल कलश यात्रा में जैन श्रद्धालुओ ने नंगे पांव चलकर जैन भजन गाते हुए वातावरण को भक्तिमय कर दिया। जल कलश यात्रा के चंद्रप्रभु चौतालय पहुंचने पर जैन श्रद्धालुओं ने श्री जी के सम्मुख नीरथ करते हुए जलाभिषेक किया। चंद्रप्रभु चौतालय से चलकर जल कलश यात्रा वापस श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची जहां पर इंद्र बने श्रद्धालुओं ने अपनी लुटिया में जल भरकर श्री जी का अभिषेक किया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जैन श्रद्धालुओं ने निर्जल व्रत रखकर महावीर भगवान से समाज के कल्याण की कामना की और जियो और जीने दो का संदेश दिया।

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्यूषण पर्व के दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा करते हुए मुनिसुव्रत नाथ भगवान एवं अनंतनाथ भगवान की आराधना, पूजा, अर्चना, शांतिधारा करते हुए वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया गया।

दशलक्षण पर्व के दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य के गुणों का पालन किया जाता है, जिसमें आत्म शुद्धि, इंद्रियों पर नियंत्रण और ब्रह्मचर्य के गुणों को अपनाने पर जोर दिया जाता है। अपनी आत्मा में रमन करते हुए इंद्रियों को वश में करना आत्मज्ञान और मोक्ष प्राप्ति का एक सरल साधन है। दशलक्षण पर विगत रात्रि जैन मिलन द्वारा जैन अतिथि भवन में जैन नीरथ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें प्रतियोगियों ने जैन धर्म के चादनपुर के गांव में बुला ले वीरा, सज रहा सोना दरबार, वीरा तेरे चरणों की, मधुबन के मंदिरों में आदि भजनों पर नीरथ कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतियोगियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जैन मिलन, महिला जैन मिलन और संपूर्ण जैन समाज का सहयोग रहा।

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज के दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व का दसवां दिन वासुपूज भगवान् के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के साथ उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के रूप में मनाया गया।

प्रात: मंदिर में श्री वासुपूज्य भगवान की प्रतिमा को पाण्डुकशिला पर विराजमान कर अभिषेक और शांतिधारा की गई। तत्पश्चात 12 किलो का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। श्री जी की शांतिधारा करने और निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य श्री सलेक चंद सुधीर कुमार जैन ललित जैन और आदिश जैन शुभम को प्राप्त हुआ।इसके बाद नित्य नियम पूजा, दशलक्षण पर्व पूजा , रत्नत्रय पूजा ओर तेरह द्वीप विधान का आयोजन किया गया। दोपहर के समय मां जिनवाणी की पालकी यात्रा निकाली गई।यात्रा बैंड बाजों के साथ बड़े जैन से प्रारम्भ होकर विभिन्न मोहल्लों से होते हुए बड़े जैन मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। जहां पर श्री जी का 108 कलशों से अभिषेक किया गया। शाम के समय प्रतिक्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन विद्यासागर जैन,शशांक जैन, अतुल जैन, प्रशांत जैन, ललित जैन, विजय जैन,अभिषेक शास्त्री, संजय जैन, सुधीर जैन, राहुल जैन,आकाश जैन, अर्पित जैन, आर्जव जैन, नवीन जैन, ललित जैन, शुभम जैन, पुष्पेन्द्र जैन, वीरेंद्र जैन, वीरेश जैन,नीरज जैन, अमित जैन मौजूद रहे।

**सरसावा।** जैन समाज द्वारा दसलक्षण पर्व के दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा की गई। भगवान वाष्पूज का मोक्ष कल्याणक एवं अनंत चतुर्दशी पर्व मनाते हुए जल कलश यात्रा भी निकाली गई।

शनिवार को जैन धर्मावलंबियों द्वारा अनंत चतुर्दशी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम सुबह नित्य नियम पूजा अभिषेक शांतिधारा प्रक्षाल के उपरांत दसलक्षण धर्म उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म आदि पूजा की गई। विद्वान रितेश जैन ने कहा कि ब्रह्मचर्य का अर्थ केवल शारीरिक ब्रह्मचर्य से नहीं अपितु भावना से है यदि आप शारीरिक रूप से ब्रह्मचर्य का पालन कर रहे हैं परंतु आपका मन अशांत है तो ऐसे ब्रह्मचर्य का कोई लाभ होने वाला नहीं है मन वचन काया से किया गया ब्रह्मचर्य व्रत पालन ही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है।

दोपहर 3 बजे पंचायती जैन मंदिर में अनंत चतुर्दशी कथा हुई इसके उपरांत परंपरागत रूप से जल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें इंद्र वेशधारी बच्चे मानिक जैन,सिद्ध जैन,लगन जैन,आरव जैन रहे। शाम 4:30 बजे शुभ मुहूर्त में पंचायती जैन मंदिर में शोभायात्रा संपन्न हो गई जहां घंटे घड़ियाल की ध्वनि के बीच अर्घ पढ़कर पांडुकशिला पर श्री जी का अभिषेक हुआ। आकर्षित जैन ने अभिषेक क्रिया संपन्न कराई। सांयकाल पंचायती जैन मंदिर में संगीतमय आरती हुई। जिसमें बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में जैन समाज के लोगों द्वारा आज दसलक्षण पर्व के दसवें दिन अनंत चतुर्दशी पर्व पर पालकी शोभायात्रा निकालते हुए उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के रूप में मनाया गया।

शनिवार प्रात: काल को श्री दिगंबर जैन मंदिर चिलकाना में सांगानेर जयपुर से आये पंडित अरिहंत जैन शास्त्री के नेतृत्व में जैन समाज के लोगों द्वारा शान्तिधारा व विशेष पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात जैन समाज के लोगों द्वारा चांदी की पालकी में जैन धर्म का पवित्र ग्रंथ जिनवाणी को विराजमान कर इंद्र के रूप में बने बच्चों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के लोग धार्मिक नारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा श्री दिगंबर जैन मंदिर से आरंभ होकर नगर के मोहल्लों, गलियों व मेन बाजारों से होते हुए श्री दिगंबर जैन मंदिर पर श्री जी के अभिषेक के साथ संपन्न हुई।

इस अवसर पर पंडित अरिहंत जैन ने बताया कि उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का अर्थ ब्रह्मचर्य जीवन के साथ अपनी शारीरिक इच्छाओं पर नियंत्रण रखकर अपनी आत्मा में लीन होना है। इस अवसर पर जैन समाज चिलकाना के अध्यक्ष राकेश जैन, तरसैन जैन, जिनेंद्र जैन, अभिनंदन जैन, प्रमोद जैन, पवन जैन, अनुपम जैन, अनमोल जैन, विपुल जैन, अनुज जैन, संजय जैन, अंकुर जैन, मन्नू जैन, राजीव जैन, विनय जैन, श्रेयांश जैन, नितिन जैन, सचिन जैन, सौरभ जैन, मन्नू जैन, नीरज जैन, अमित जैन, अनमोल जैन, आशीत जैन,रक्षित जैन, रजनी जैन, साधना जैन, पायल जैन, वर्षा जैन, अनीता जैन, बालेश जैन, ललित जैन, नेहा जैन, पूनम जैन आदि बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

**अंबेहटा।** जैन समाज द्वारा अनंत चतुर्दशी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर में अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर जैन समाज द्वारा एक भव्य शोभायात्रा का निकाली गई शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे की धुनों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ जैन मंदिर से हुआ, जो मुख्य बाजार से होते हुए पुन: जैन मंदिर पर समाप्त हुई।

इस दौरान जैन बाग में पूजा-अर्चना का विशेष आयोजन भी किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने भक्ति भाव से भाग लिया। शोभायात्रा में जैन समाज के प्रमुख अरुण कुमार जैन, वीरेंद्र कुमार जैन, अखिलेश जैन, शुभ्रांश जैन, शुभम जैन, डॉ. विजय जैन,संजय जैन, योगेश जैन,अनिल जैन, अंकित जैन,हर्ष जैन। साधना जैन, स्वाति जैन, सीमा जैन,चारुल जैन, सरिता जैन,सुनिया जैन शामिल रहीं। सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए उपनिरीक्षक रणवीर शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल प्रथम, सहारनपुर**

ई-निविदा सूचना

निविदा सं. एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 34/डब्लू/2025-26-विद्युत वितरण खण्ड- देवबन्द के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड देवबन्द टाउन के कार्य क्षेत्र में रनिंग कान्ट्रेक्ट के माध्यम पूर्ण जमा योजना के कार्य। निविदा मूल्य 1180.00 धरोहर राशि-5000.00
2. 35/डब्लू/2025-26-विद्युत वितरण खण्ड- सरसावा के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड चिलकाना टाउन के कार्य क्षेत्र में रनिंग कान्ट्रेक्ट के माध्यम पूर्ण जमा योजना के कार्य। निविदा मूल्य 1180.00 धरोहर राशि-8000.00
3. 36/डब्लू/2025-26-विद्युत वितरण खण्ड- बेहट के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत कार्य। निविदा मूल्य 1180.00 धरोहर राशि-7500.00
4. 37/डब्लू/2025-26-विद्युत वितरण खण्ड- बेहट के कार्यक्षेत्र में ए.बी. केबिल बदलना, वितरण परिवर्तकों की एल.टी. रॉड बदलना, वीसीबी बदलना एवं कार्य। निविदा मूल्य 1180.00 धरोहर राशि-3000.00

ई-निविदा 34 से 36/डब्लू/2025-26 की अंतिम तिथि 03.10.2025 समय 12 बजे, अल्पकालीन ई-निविदा 37/डब्लू/2025-26 की अंतिम तिथि: 22.09.2025 समय 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# शिविर में महिलाओं की जांच कर दी दवाइयां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में आयोजित महिला सम्बंधी रोगो की जांच शिविर का उद्घाटन प्रधान प्रति. निधी मोंटी त्यागी व कॉलेज के सचिव डा. अखतर सईद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में गोद लिए गए गांव साखन खुर्द में पूर्व प्रधान हरिभूषण के घर पर आयोजित महिला संबंधी रोगों की जांच के लिए विशेष शिविर में 225 महिला रोगियों की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। शिविर का उदघाटन करने के उपरांत कॉलेज के निदेशक डा. अनवर सईद ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं असहाय व जरूरतमंद लोगो की मदद के लिए जामिया तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा समय समय पर इस प्रकार के शिविर लगाये जाते रहें हैं ताकि बिमार लोगो को भारी दवाईयों के बोझ से राहत मिल सके। उन्होने कहा कि बिमारियों से बचाव के लिए लोगो को जागरूक किया जाना चाहिए जामिया तिब्बिया के डिपार्टमेंट ऑफ निस्वां द्वारा लगाए गए शिविर में डा. निगहत सज्जाद, डा. जुवेरिया हाशमी ने महिला रोगियों की जांच कर दवाइयां दी। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों और उनके बचाव के बारे में जागरुक किया।





इस दौरान दीपक कुमार, गुड्डू त्यागी, आयशा मुसर्रत, इलमा, जैनब, उमामा जमाल, मनोज कुमार, आमिर सईद, शाजिया, हुस्ना, समरीन, जमशीद अनवर, आदि चिकित्सक व कर्मी शामिल रहे।

# पर्यूषण पर्व पर धूमधाम से निकाली भव्य जन कलश यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन श्रावक-श्राविकाओं ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का पालन किया और अनंत चतुर्दशी पर भगवान अनंतनाथ की वंदना की। शनिवार को तीर्थंकर वासुपूज्य का निर्वाणोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया साथ ही जैन समाज द्वारा नगर में परंपरागत भव्य जल कलश यात्रा निकाली गई।

श्री 1008 दिगंबर पारसनाथ सरागवाड़ा में आचार्य श्री अरुण सागर महाराज के सानिध्य में प्रातः बेला में मुनिसुव्रतनाथ भगवान व वासुपूज्य भगवान का अभिषेक, शांतिधारा की गई। श्रीकी शांतिधारा करने का सौभाग्य रविंद्र कुमार रजत जैन सजल जैन, मुकेश जैन, अंकित जैन को प्राप्त हुआ। इसके उपरांत नित्य-नियम पूजा, अनंतनाथ भगवान पूजा, वासुपूज्य भगवान पूजा दशलक्षण पूजा, सोलह कारण पूजा, रत्नत्रय पूजा, तत्त्वार्थसूत्र विधान के दसवें अध्याय के 9 अर्ध चढ़ाकर, वासुपूज्य भगवान के समक्ष निर्वाण लड्डू चढ़ाने का सौभाग्य लिना गोयल पत्नी डा. अनुज गोयल परिवार को प्राप्त हुआ। जैन समाज द्वारा नगर में परंपरागत भव्य जल कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। बच्चों ने इंद्रों का रूप धारण कर मंदिर जाकर सहस्त्र कलशों से श्रीजी का अभिषेक किया। अजय जैन, विपुल जैन, अखिल जैन, अंकित जैन, प्रयांशु जैन, पर्व जैन, मिलन जैन, अक्षय जैन, आदि जैन, संजय जैन, पारस जैन, नितिका जैन, स्वाति जैन, चंदन जैन आदि मौजूद रहे।



# छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान में दी प्रस्तुतियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। चेयरमैन साद सिद्दीकी ने शिक्षकों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक हमारे समाज के निर्माता हैं, वह न केवल हमें ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि हमारे चरित्र और मूल्यों को भी आकार देते हैं। को-चेयरमैन अहमद सिद्दीकी ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा शिक्षक वह रीढ़ हैं जो एक मजबूत समाज का निर्माण करती है और हमारे बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। मॉनिटरिंग हेड मलिक मोअज्जम, प्रिंसिपल सालेम राज, को-प्रिंसिपल शिप्रा सहगल ने विचार रखे। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को उनके अथक प्रयासों और शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुशीरउज्जमा, मोनिसा खालिद गुल व सोबिया आदि मौजूद रहे।



## महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

**नहटौर।** गांव टपरौला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत के कार्यक्रम में मुख्य यजमान विनोद चौहान सहपत्नी रहे। पूजा-अर्चना के साथ महिलाओं ने गांव के विभिन्न मार्गो से कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में मनोरमा, आशी, नेहा, आवेश, सुनीता, रीता, नूतन, रिंकी, बबीता, शिवानी, मंजू, प्रवेश, ममता, सीमा, उर्मि, भावना, गौरी, शिल्पी, अनीता, सुनीता, उर्मिला, कुसुम, ववेश नवीन, मदन, सौरभ, कोमल, लोकेंद्र, रूपेश, हिमांशु, शंकर, गौरव, राजन, निशांत, बलराम, सचिन, त्रिलोक, अरुण, कृष्णा, नरदेव, अभय, आशु, पुष्पेंद्र, संचित, रोहित, रोनित, नवनीत, काव्य, प्रिंस, कनिष्क, मनीकांत, चिराग आदि सम्मिलित रहे ।

## दशलक्षण महापर्व पर निकाला जुलूस

**नहटौर।** जैन समाज के तत्वावधान में चल रहे दशलक्षण महापर्व के समापन व अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर जैन समाज द्वारा जुलूस निकाला गया। शनिवार की प्रातः मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने अपने परिवारों की सुख समृद्धि के लिए कामना की गई। इसके पश्चात मंदिर से जुलूस शुरू होकर मुख्य बाजार, एजेंसी चौराहा से होती हुई जैन इंटर कालेज पहुचीं। जहां पर समाज के लोगों ने भजन गीत गाए। उसके बाद वापस मंदिर पर आकर सम्पन्न हुआ। यात्रा में जैन समाज के लोग जैन भजन गाते हुए चल रहे थे। जिससे नगर का माहौल भक्तिमय बना हुआ था। प्रबंधक राजीव जैन, जैन अल्पसंख्यक महासंघ अध्यक्ष ऋषभ जैन, पुनीत जैन, नितिन जैन, काका जैन, अवनीश जैन, सुरेंद्र जैन, डॉ. अंकुर जैन, मुकेश जैन, पंकज जैन बिट्टू, सन्नी जैन, हैप्पी जैन, शैलेंद्र जैन आदि रहे।

# स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन अभियान के अंतर्गत वार्ड में आयोजित किया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन अभियान के अंतर्गत वार्डो में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड वासियों को सफाइ के लिए किया जागरूक।

नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति व मोहल्ला समिति अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड नं0. 01 वाल्मिकि बस्ती में सभासद कुलदीप सैनी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पालिका अधिशासी अधिकारी राजपति बेस ने वार्ड वासियों को सूखा व गीला कूड़ा के सम्बंध में जानकारी देते हुए कहा कि मकानो के आसपास सफाई रखने से बिमारियो से बचा जा सकता हैं। इसलिए हमें स्वच्छता के लिए जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक पोपिन कुमार, सफाई लिपिक बिरला सूध, सफाई नायक नरेंद्र कुमार, कपिल, सुनिल, नंद किशोर आदि पालिका कर्मी शामिल रहे।



# सर्वपल्ली डा. राधाकृष्ण का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का जन्म दिन शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को उपहार भेंटकर चरण स्पर्श किए और अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विकास क्षेत्र कोतवाली के उच्च प्राथमिक विद्यालय रावलहेड़ी में छात्रों ने उत्साहपूर्वक शिक्षक दिवस मनाया। छात्र-छात्राओं द्वारा केक कटवाकर शिक्षक दिवस की वर्षगांठ मनाई और शिक्षकों का स्वागत किया। शिक्षकों को उपहार भेंटकर उनसे आशीर्वाद लिया गया।

# द एसडी पब्लिक में शिक्षक दिवस का किया भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** द0 एस0 डी0 पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर मृदुला मित्तल एक्स एसोसिएट प्रोफेसर को आमंत्रित किया गया जो डी0 ए0 वी0 डिग्री कॉलेज के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष पद से सेवा. निवृत हुई हैं और वर्तमान में स्पिक मैके की एक सक्रिय सदस्य हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम माहनाने पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर मृदुला मित्तल जी, श्रीमती सपना कुमार जी, निर्देशिका श्रीमती चंचल सक्सेनाएवं प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम माहनाद्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। शिक्षकों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें गुरु वंदना, नृत्य एवं लघु नाटिका ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि डॉक्टर मृदुला मित्तल जी, श्रीमती सपना कुमार जी, निर्देशिका श्रीमती चंचल सक्सेनाएवं प्रधानाचार्याद्वारा शिक्षकों को उनके विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ट्रॉफी, सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जूनियर व मिडल विंग में श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं सबसे कम अवकाश लेने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती चंचल सक्सेनाने कहा कि समय परिवर्तनशील है। वर्तमान समय में सब कुछ बदल रहा है, बच्चे बदल रहे हैं, हमें अपने में भी परिवर्तन लाना होगा। प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम माहनाद्वारा सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्एक उपलब्धि गुरु के श्री चरणों से ही प्राप्त होती है। शिक्षक समाज का निर्माता है और उसके कारण ही हम सुसभ्य व सुसंस्कृत समाज की छवि को निर्मित कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉक्टर मृदुला मित्तलने एक शिक्षक की अहम भूमिका बताते हुए कहा कि हम सब शिक्षक हैं, यह हमारे लिए गर्व और सम्मान की बात है। हमें अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का योगदान सराहनीय रहा।





# एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीबीए का परिणाम घोषित

**मुजफ्फरनगर।** आज एस।डी। कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर में बीबीए द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया । इस अवसर पर कॉलेज परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ। संदीप मित्तल ने की, जबकि बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने विशेष रूप से विद्यार्थियों को संबो. धित किया। परिणाम घोषणा समारोह में संपूर्ण बीबीए विभाग के सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान पर अंत्रा गुप्ता ने 82. 14% अंक अर्जित कर उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की । द्वितीय स्थान पर आस्था गर्ग ने 81% अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का प्रमाण प्रस्तुत किया। वहीं तृतीय स्थान आदित्य मित्तल ने 79.29% अंक अर्जित कर प्राप्त किया। इस अवसर पर तीनों मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

परिणाम घोषित होने के बाद मंच से संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ। संदीप मित्तल ने कहा किकृ आज हमारे विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर सफलता का नया आयाम स्थापित किया है। अंकों से अधिक महत्वपूर्ण है वह आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच, जो इस प्रकार की उपलब्धियों से विद्यार्थियों के जीवन में आती है। मुझे गर्व है कि एस।डी। कॉलेज के छात्र-छात्राएं न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि जीवन के हर पहलू में आगे बढ़ने की क्षमता रखते हैं । डॉ। मित्तल ने आगे कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें सफलता की ओर बढ़ने के लिए अनुभव के रूप में लेना चाहिए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा ष्आज का यह परिणाम केवल तीन विद्यार्थियों की उपलब्धि नहीं है, बल्कि पूरे विभाग के सामूहिक प्रयास और सहयोग का परिणाम है। हमारे शिक्षकगण ने निरंतर परिश्रम कर विद्यार्थियों को दिशा दी और विद्यार्थियों ने उस मार्गदर्शन को आत्मसात कर यह सफलता अर्जित की। उन्होंने आगे कहा कि जीवन की यात्रा लंबी है और यह सफलता उस यात्रा का पहला पड़ाव मात्र है। आने वाले समय में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध, और रोजगार के क्षेत्र में और अधिक मेहनत कर देश और समाज का नाम रोशन करना होगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंत्रा गुप्ता ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा यह सफलता मेरे परिवार, शिक्षकों और मित्रों के सहयोग के बिना संभव नहीं थी। मैंने अपने अध्ययन में अनुशासन और निरंतरता बनाए रखी। मेरा लक्ष्य आगे चलकर प्रबंधन क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करना और कॉर्पोरेट जगत में एक सशक्त पहचान बनाना है ।ष द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आस्था गर्ग ने कहा ष्मेरे लिए यह सफलता आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला क्षण है। मैं चाहती हूं कि भविष्य में उच्च शिक्षा लेकर समाज और उद्योग जगत में अपना योगदान दूं। मेरी सफलता का श्रेय मैं अपने माता-पिता और शिक्षकों को देती हूं जिन्होंने हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन किया।ष तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र आदित्य मित्तल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा ष्सफलता का कोई आसान मार्ग नहीं होता। निरंतर अध्ययन, धैर्य और कठिन परिश्रम ही सफलता का आधार हैं। मेरा सपना है कि मैं आगे चलकर प्रबंधन क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता की दिशा में कार्य करूं। इन तीनों मेधावी विद्यार्थियों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए और अन्य विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण डॉ. संगीता गुप्ता, मौ. अंजर, संजय शर्मा, अभिषेक, सो. निका, पूर्वी, प्राची, और दीपक गर्ग ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी शिक्षकों ने कहा कि यह उपलब्धियां आने वाले समय में विद्यार्थियों को और बेहतर करने की प्रेरणा देंगी। पूरे कार्यक्रम का संच. ालन विभाग के प्राध्यापकों द्वारा किया गया। परिणाम घोषणा एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के बाद कॉलेज प्रांगण में मिठाई वितरण हुआ। छात्रों और शिक्षकों के बीच उत्साह और आनंद का माहौल देखने को मिला । अंत में प्राचार्य डॉ। संदीप मित्तल और विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने पुनः सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि जीवन में लक्ष्य तय कर यदि निरंतर आगे बढ़ा जाए तो सफलता निश्चित है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने जीवन में सकारात्मक . ष्टिकोण अपनाएं, सामाजिक जिम्मेदारियों को समझें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनें। आज का यह दिन एस।डी। कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के इतिहास में एक विशेष दिन के रूप में याद किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र - छात्राएं अपने मेधावी साथियों से प्रेरणा लेकर भविष्य में और अधिक मेहनत कर कॉलेज, परिवार और समाज का नाम रोशन करने का संकल्प लेकर लौटे।



## शादीपुर में शिक्षक दिवस मनाया

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस अवसर पर धारा सिंह, मनजीत सिंह, गोल्डी सिंह ,आदर्श शर्मा, विनायक आदि मौजूद रहे।

## गोशालाओं का निरीक्षण किया

**बिजनौर।** दीपक गोयल सदस्य गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, लखनऊ का जनपद में भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत गौशालाओं का निरीक्षण किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल द्वारा सदस्य का स्वागत किया गया। दीपक गोयल द्वारा विकास खंड नूरपुर अंतर्गत आश्रय गौ आश्रय स्थल फीना का निरीक्षण किया गया। मौके पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव मौजूद रहे। गौ आश्रय स्थल का संपर्क मार्ग खराब है, जिसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। गोबर का निस्तारण ठीक प्रकार से करने एवं वर्षा के दृष्टिगत जल निकासी की व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए गए। नर गोवंश को छोटे गोवंश से अलग रखने के लिए शेड में बाढ़ कराकर उसमें रखा जाए। विकास खंड नूरपुर अंतर्गत अस्थाई गौ आश्रय किरतपुर का निरीक्षण किया गया। गौशाला का संचालन महिला समूह द्वारा किया जा रहा है एवं गौ उत्पाद जैसे अगरबत्ती दिये बनाए जा रहे है। जिसकी दीपक गोयल द्वारा प्रशंसा की गई। विकास खंड कोतवाली अंतर्गत उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग में पंजीकृत श्री कृष्णायन गौशाला का निरीक्षण किया गया। उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी नगीना मौके पर मौजूद रहे। गौ आश्रय स्थल में रेड सिंधी एवं साहीवाल नस्ल की गए। संरक्षित की गई है। दीपक गोयल द्वारा गौशाला का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया। इस्माइलपुर दमि गौशाला का निरीक्षण किया । गौ आश्रय संचालिका रजनी जौहर मौजूद रही। गौ आश्रय स्थल का संपर्क मार्ग बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए एवं गौबर का निस्तारण ठीक तरीके से करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अपेक्षा की गई कि गौ उत्पाद तैयार कर गौ आश्रय स्थलों को स्वाबलंबी बनाया जाए।

## विद्यालय में हुई वेश प्रतियोगिता

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर नगीना में वेश प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें शिशु वाटिका वर्ग में कक्षा अरूण के भैया युवराज, पुनीत सूर्य व बहिन सान्वी गौड़ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा उदय की बहिन दिव्यांशी, भैया समर व रेयांश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा प्रभात के भैया दक्षित्म, आदर्श व बहिन मानवी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा प्रथम की बहिन दिव्य, माही व आरोही ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा द्वितीय के भैया धनंजय, बहिन परिधि व भैया ऋषभ ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान पाया।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक संख्या 0727315 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0588749 (यू.पी. बोर्ड) प्रमाणपत्र, सह-अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**सन्नी कुमार पुत्र राजेश्वर दत्त**
निवासी- इशहाकपुर पोस्ट नागल, जिला सहारनपुर-247551.

# श्री सिद्धिविनायक मंदिर में गणेश उत्सव का दसवां दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गणपति महोत्सव के नौवें दिन की संध्या के पूजन के मुख्य यजमान गौरव माहेश्वरी और दसवें दिन सुबह के मुख्य यजमान आकाश कान्हा कर्णवाल को एवं उनके परिवारजनों को पंडित जितेंद्र डबराल व पंडित संजय डबराल ने पूरे विधि विधान से स्थापित गणपति की पूजा अर्चना कराकर गणपति बप्पा को भोग लगाया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। जिन्हें संबोधित करते हुए पंडित संजय डबराल ने कहा कि इस लोक में लोगों के मध्य जितने भी सुख, शांति, समृद्धि, रिद्धि और सिद्धि है वह सभी भगवान गणेश के प्रताप से होती है। जो श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान गणेश की आराधना करता है।

उसे जीवन में कभी निराशा का मुंह नहीं देखना पड़ता। क्योंकि भगवान गणेश जब एक बार किसी भक्त का हाथ संभाल लेते हैं, तो जीवन पर्यंत उस व्यक्ति को कभी हार का सामना नहीं करना पड़ता। वह अपने समस्त परिवारजनों के साथ सुख शांति और समृद्धि के साथ जीवन व्यतीत करता है। क्योंकि उसके सिर पर भगवान गणपति का हाथ होता है। पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि मनुष्य के जीवन में कितने भी कष्ट क्यों न हो, अगर भगवान गणपति हाथ थाम लेते हैं, तो सारी विपदाएं स्वत समाप्त हो जाती हैं। आगे उन्होंने कहा कि भगवान गणपति को यदि कोई भक्त सच्चे मन से पुकारता है, तो गणपति उस भक्त के कासन को दूर करने के लिए दौड़े चले आते हैं। इसलिए सदैव अपने सच्चे मन से प्रथम पूज्य देवता के रूप में भगवान गणपति की आराधना प्रत्येक शुभ कार्य के आरंभ में करनी चाहिए । दोनों विद्वान पंडितों ने मुख्य यजमानों के हाथों से स्थापित गणपति को मोदक का भोग लगवाया और सभी उपस्थित भक्तों को चरणामृत फल और अन्य मिष्ठानों का प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुल. वीर सिंह, अवनीश अग्रवाल टांडे वाले, विवेक अग्रवाल राज ज्वैलर्स, राकेश गोयल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ. एसके जौहर, उप मंत्री डॉ. राहुल वर्मा, आलोक अग्रवाल, राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉ. राजीव अरोड़ा, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एड., राजन टंडन गोल्डी, दीपक भारद्वाज, अरुण पाटिल, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नीतीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल और पंकज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### हरियाण-पं. बंगाल का दबदबा, गुजरात ने भी जीत दर्ज की

**बेंगलुरु, वार्ता।** 64वां सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के सब-जूनियर ब्वायज (अंडर-15) वर्ग के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबलों की भरमार रही। दिन में जहां हरियाणा और पश्चिम बंगाल ने बड़े अंतर से जीत हासिल कर दबदबा बनाया, वहीं गुजरात ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के साथ दिन का समापन किया। दिन की शुरुआत एक कड़े मुकाबले से हुई, जिसमें मिनर्वा पब्लिक स्कूल (सीआईएससीई) और श्री लीलानंद सेकेंडरी स्कूल (झारखंड) का मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। सीआईएससीई के लिए ममेश (30') और बिकसन (33') ने गोल किए, जबकि झारखंड के लिए संदीप (22') और आशीष (35') ने गोल किए।

### निखत जरीन का जीत ने शुरूआत की लवलीना हारीं

**लिवरपूल, वार्ता।** भारत की स्टार मुक्केबाज निखत जरीन ने शनिवार को लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 51 किलोग्राम भार वर्ग के पहले दौर में शानदार जीत के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी वापसी की घोषणा की जबकि टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगो. हेन महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में हार का सामना करना पड़ा। 29 वर्षीय निखत जरीन, जो पहले दो बार विश्व चैंपियन रह चुकी हैं और इस साल किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था, ने अपने प्रदर्शन में कोई कमी नहीं दिखाई और पहले मिनट से ही अमेरिका की जेनिफर लोजानो पर हावी होकर 5-0 से जीत हासिल की।

● भारत-पाकिस्तान मैच पर बीसीसीआई सचिव का खुलासा

# सरकार की तरफ से अब तक कोई पाबंदी नहीं: सैकिया

**केन्द्र सरकार ने बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी देश के खिलाफ खेलने से पाबंदी नहीं लगाई है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया का कहना है कि भारत सरकार की ओर से एशिया कप को लेकर किसी तरह की पाबंदी नहीं है और हमें सभी मैच खेलने होंगे।

इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को दुबई में मुकाबला होना है, लेकिन इसे लेकर विवाद चल रहा है। सैकिया ने हाल ही में बनाई गई नीति का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी देश के खिलाफ खेलने से पाबंदी नहीं लगाई है। भारत और पाकिस्तान के बीच अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद रिश्ते और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में मुकाबला कराने को लेकर कई पूर्व क्रिकेटरों ने आपत्ति जताई थी। अगस्त में खेल मंत्रालय ने भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में नई नीति का अनावरण किया था जिसे पाकिस्तान पर विशेष ध्यान रखकर बनाया गया था। इस नीति के अनुसार, भारत की टीमें पाकिस्तान में प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेंगी और ना ही पाकिस्तान की टीमों को भारत में खेलने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट प्रभावित नहीं होंगे। सैकिया ने न्यूज एजेंसी एएनआई के हवाले से कहा, जहां तक बीसीसीआई की बात है तो हम सरकार के निर्देश का पालन करेंगे। हाल ही में बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट को लेकर भारत की नीति बनी थी जिसके अनुसार, भारत किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट या अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले सकता है। सरकार की ओर से इसे लेकर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था कि हम उन देशों के खिलाफ नहीं खेलेंगे जिनसे हमारे रिश्ते अच्छे नहीं है। इसलिए भारत को बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में सभी मुकाबले खेलने होंगे। सैकिया ने कहा, एशिया कप एक बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट है जिसमें एशिया उपमहाद्वीप की टीमें शामिल होंगी, इसलिए हमें इसमें खेलना होगा। ऐसे ही आईसीसी टूर्नामेंट में भी जब किसी ऐसे देश से मैच होता है जिससे हमारे दोस्ताना रिश्ते नहीं है तो वहां भी हमें खेलना होता है। जहां तक द्विपक्षीय सीरीज की बात है तो हम ऐसे किसी भी देश के साथ नहीं खेलेंगे जिनसे हमारे मैत्रीपूर्ण रिश्ते नहीं है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई सरकार द्वारा बनाई गई नीति का पालन करता रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर भारत वैश्विक या बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं जिसमें प्रतिबंध लगना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हम भारत सरकार की नीति का पालन कर रहे हैं और बीसीसीआई को ऐसा करना भी होगा। यह नीति बहुत सोच-विचार कर बनाई गई है, जिसमें न केवल क्रिकेट, बल्कि अन्य खेलों को भी ध्यान में रखा गया है।

# बीसीसीआई के चुनाव 28 सितम्बर को मुंबई में होंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को निर्धारित की है। आम सभा की बैठक सुबह 11:30 बजे मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में होगी, जिसका महत्वपूर्ण एजेंडा चुनाव कराना है।

सचिव देवजीत सैकिया द्वारा राज्य संघों को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होंगे। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद और इंडियन प्रीमियर लीग तथा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की संचालन परिषदों का गठन भी एजीएम के एजेंडे में है। बीसीसीआई अपनी शीर्ष परिषद में बोर्ड की आम सभा के एक प्रतिनिधि और भारतीय क्रिकेटर संघ के दो प्रतिनिधियों को शामिल करेगा। इन नियमित मुद्दों के अलावा, वार्षिक आम बैठक का मुख्य उद्देश्य पदाधिकारियों का एक नया समूह बनाना होगा जो अगले तीन वर्षों तक या आगामी खेल विधेयक के वर्तमान संविधान का स्थान लेने तक भारतीय क्रिकेट का संचालन करेंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि छह महीने में खेल विधेयक लागू होने के बाद बीसीसीआई नए चुनाव कराएगा या नहीं, लेकिन फिलहाल बीसीसीआई ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित लोढ़ा समिति द्वारा अनुशंसित संविधान का पालन करने का निर्णय लिया है।

### पाक आईसीसी महिला विश्व कप उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान 30 सितंबर को गुवाहाटी में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा, क्योंकि टीम का कोई भी सदस्य इस आयोजन के लिए भारत नहीं जाएगा। जियो सुपर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाक टीम 2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सह-मेजबान भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी के क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट के पहले मैच से पहले एक भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाली टीमों के कप्तान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और सामान्य तौर पर एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ फोटोशूट भी करेंगे। हालांकि, जियो सुपर ने बताया कि न तो पाक कप्तान और न ही पाक का कोई अन्य प्रतिनिधि उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए भारत आएगा।

# ट्रायल 4 में नीरू, भवनीश शीर्ष छह की दौड़ में आगे

● **भवनीश ने कुल 99 स्कोर किया जिसमें तीन परफेक्ट राउंड और चौथे राउंड में 24 हिट शामिल है**

**चंडीगढ़, वार्ता।** भूचो एशियाई चैम्पियन नीरू धांडा और एशियाई रजत पदक विजेता भवनीश मेंदिरत्ता ने ट्रैप इवेंट के चार राउंड पूरे होने के बाद भी शीर्ष छह में जगह बनाने की दौड़ में अपनी बढ़त बरकरार रखी।

यह मुकाबला राष्ट्रीय चयन शॉटगन ट्रायल (टी4) के तहत भूचो विलेज भाई देविंदर सिंह सिद्धू गन क्लब, पंजाब में आयोजित किया जा रहा है। भवनीश ने कुल 99 स्कोर किया, जिसमें तीन परफेक्ट राउंड (25-25 हिट) और चौथे राउंड में 24 हिट शामिल हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप फाइनल सिल्वर मेडलिस्ट विवान कपूर और जोरावर सिंह संधू पर चार अंकों की बढ़त बनाई है, जिन्होंने 95-95 अंक बनाए। शार्दुल विहान और काइनन डेरियस चेन्नई अगली पोजीशन पर 93 अंकों के साथ हैं, जबकि सात शूटर - अर्शद हसन खान, फहद सुल्तान, करण, शपथ भारद्वाज, अली अमन इलाही, जसविंदर सिंह और लक्ष्य श्योरण - 92 अंकों के साथ छठे स्थान की दौड़ में बने हुए हैं। ट्रैप महिला वर्ग में, नीरू ने 22, 24, 23 और 23 के स्कोर के साथ कुल 92 अंक बनाकर चार राउंड पूरे होने के बाद बढ़त हासिल की। एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य पदक विज. ेता आशिमा 90 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि कीर्ति, राजेश्वरी व सबीरा हारिस ने 89-89 अंक बनाए।

# सिनर-अल्काराज में होगी खिताबी भिड़ंत

● **जैनिक सिनर और अल्काराज ने यूएस ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत दर्ज की**





**न्यूयार्क, वार्ता।** शीर्ष दो वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को यूएस ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत हासिल की और खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के अभियान को केवल दो घंटे से भी कम समय में 6-4, 7-6 (4), 6-2 से जीत के साथ समाप्त कर दिया। 2022 के विजेता अल्काराज ने कहा कि मैंने शानदार टेनिस खेला और यूएस ओपन में अपने दूसरे फाइनल में पहुंचकर खुश हूँ।मैंने एक शारीरिक मैच खेलने की कोशिश की और मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया।

फाइनल में स्पेनिश खिलाड़ी का सामना इटली की शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर से होगा, जिन्होंने कनाडा की फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। शुक्रवार को ही, कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और न्यूजीलैंड की एरिन रूटलिफ ने तीन साल में दूसरी बार महिला युगल खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त कैटरीना सिनियाकोवा और अमे. रिकी टेलर टाउनसेंड को एक घंटे 29 मिनट में 6-4, 6-4 से हराकर 2023 में जीता गया अपना पहला खिताब फिर से हासिल किया। मैच के बाद डाब्रोव्स्की ने रूटलिफ से कहा कि हमने साथ में बहुत कुछ सहा है, और आज एक चैंपियन के रूप में आपके साथ यहां खड़े होने के लिए मैं बेहद आभारी हूँ।

### 8वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी प्रतियोगिता नौ से

**हैदराबाद, वार्ता।** तेलंगाना कारागार विभाग नौ से 11 सितंबर तक राजा बहादुर वेंकटका राम रेड्डी (आर. बीवीआरआर) तेलंगाना पुलिस अकादमी में 7वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

कारागार महानिदेशक डा. सौम्या मिशा के अनुसार देश भर के विभिन्न राज्यों से जेल कर्मी, वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति और अन्य अतिथि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार 11 सितंबर को समापन समारोह में भाग लेंगे।



# अफगानिस्तान आखिरी ओवर में जीता

● **नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया**

**शारजाह, वार्ता।** अफगानिस्तान ने त्रिकोणीय श्रृंखला के आखिरी लीग मैच में यूएई को रोमांचक मुकाबले में चार रनों से हरा दिया, जिससे मेज़बान टीम अंत तक जीत से महरूम रही। यूएई को आखिरी ओवर में 17 रन चाहिए थे, और उसने पहली तीन गेंदों पर 12 रन बनाए, इससे पहले फरीद अहमद मलिक ने दो डॉट गेंदें फेंकी और आखिरी गेंद पर आसिफ खान का विकेट लेकर मेजबान टीम को मुश्किल में डाल दिया। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अलीशान शराफू, जिन्होंने पिछली रात 68 रन बनाए थे, ने एक शानदार चौका जड़ा। यूएई के लिए पावरप्ले बेहतरीन रहा क्योंकि शराफू और मुहम्मद वसीम ने लगातार बाउंड्री लगाकर स्कोलरग गति को बनाए रखा। उन्होंने पहले छह ओवरों में चार चौके और तीन छक्के लगाए और इस चरण के अंत तक यूएई का स्कोर 54/0 हो गया। मेजबान टीम के लिए दुर्भाग्य से, नूर अहमद ने शराफू को 27 रन पर आउट करके अफग़ानिस्तान के लिए रास्ता खोल दिया। नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया और उनकी चालाकी के कारण दूसरे छोर से दबाव बढ़ गया। वसीम 40 के पार पहुंच गए थे जब करीम जनत ने गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया , लेकिन अगली ही गेंद पर कैच आउट होकर 44 रन बनाकर आउट हो गए। मुहम्मद ज़ोहैब दो बार बाउंड्री पार करने के बाद आउट हुए और मेहमान टीम लगातार रन बना रही थी। आसिफ आउट हुए और अफग़ान स्पिनरों के सामने जूझते रहे। ऐसा लग रहा था कि वह कहीं नहीं जा पाएंगे क्योंकि 17वें ओवर की समाप्ति पर वह 13 गें. दों पर 7 रन बनाकर खेल रहे थे। लेकिन जैसे ही गति वापस आई, उन्होंने अपनी टाइलमग फिर से हासिल कर ली। आखिरी तीन ओवरों में 43 रनों की ज़रूरत थी, उन्होंने पहले 18वें ओवर में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए और फिर अगले ओवर में लॉन्ग-ऑफ पर चौका जड़ दिया। दूसरे छोर से हर्षित कौशिक ने एक चौका और एक छक्का लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 17 रन कर दिया। यूएई को 3 गेंदों में 5 रनों की जरूरत थी, इसलिए वे जीतना चाहते थे, लेकिन फरीद की चतुराई भरी डेथ बॉलिंग ने मेहमान टीम के लिए मैच तय कर दिया। इससे पहले, अफ़ग़ानिस्तान ने 170/4 का स्कोर बनाया, जिसकी शुरुआत इब्राहिम जादरान (48) और रहमानुल्लाह गुरबाज (40) के बीच 98 रनों की ओपनिंग साझेदारी से हुई। यूएई ने रन आउट का एक मौका गंवा दिया और एक कैच छोड़ दिया।

### गगन गौड़ा फिर चमके, हरियाणा स्टीलर्स से लड़कर हारे यूपी योद्धाज

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** गगन गौड़ा (13 अंक) ने एक बार फिर अपनी चमक दिखाई। गगन ने विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 16वें मैच में मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ सुपर रेड के साथ 13 अंक जुटाए लेकिन वह अपनी टीम यूपी योद्धाज की पांच अंक की कम अंतर वाली हार को बचा नहीं सके।

हरियाणा ने यह मैच 37-32 से जीता। शुरुआती 10 मिनट में यूपी का बोलबाला रहा। उसने मौजूदा चैंपियन को 10 मिनट के भीतर आलआउट कर 10-4 की लीड ले ली। यूपी के डिफेंस ने नवीन एक्सप्रेस को आलइन तक रिवाइव नहीं होने दिया। इस दौरान गगन गौड़ा, भवानी राजपूत और हितेश छाए रहे।

### पीजीटीआई नेक्सजेन से सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ की वापसी

● **शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई तीसरे और अंतिम राउंड के लिए कट हासिल करेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** 2025 प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) नेक्सजेन सीजन का सातवां आयोजन पीजीटीआई नेक्सजेन लखनऊ होगा, जो 9 से 11 सितंबर तक लखनऊ गोल्फ क्लब में खेला जाएगा।

इस टूर्नामेंट में 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि है और यह सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ और पीजीटीआई की वापसी का प्रतीक है। यह आयोजन तीन राउंड (54 होल) में खेला जाएगा, जिसमें कट दो राउंड (36 होल) के बाद लागू होगा। शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई तीसरे और अंतिम राउंड के लिए कट हासिल करेंगे। इस टूर्नामेंट में 72 पेशेवर खिलाड़ी शामिल हैं। इस क्षेत्र के लखनऊ स्थित पेशेवर खिलाड़ी संजीव कुमार, विजय कुमार, संजय, मनोज कुमार, भूप सिंह और आशीष कुमार गुप्ता हैं। इस क्षेत्र के प्रमुख विदेशी खिलाड़ी अमेरिकी जो हर्न और डोमिनिक पिकिरिलो, इटली के फेडेरिको जुचेटी, बांग्लादेश के एमडी मुआज और एमडी सोलायमन और नेपाल के सुबाश तमांग हैं। 2025 पीजीटीआई नेक्सजेन सीजन बेहद प्रतिस्पर्धी रहा है, जिसमें अब तक आयोजित छह प्रतियोगिताओं में छह अलग- अलग विजेता उभरकर सामने आए हैं। इस वर्ष के नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट के विजेता को 2026 सीजन के लिए मुख्य टूर पीजीटीआई में छूट मिलेगी। पीजीटीआई के सीईओ, अमनदीप ने कहा कि पीजीटीआई नेक्सजेन का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को निखारना है।

# सुआरेज पर छह मैचों का प्रतिबंध



● **कर्मचारी पर थूकने के लिए लगाया गया प्रतिबंध**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इंटर मियामी के फॉरवर्ड लुइस सुआरेज पर लीग्स कप फ़ाइनल के बाद सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के लिए छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया है, आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह घटना पिछले रविवार को सिएटल में साउंडर्स की फ्लोरिडा टीम पर 3-0 से खिताब जीतने वाली जीत के बाद हुई झड़प के दौरान हुई। लीग्स कप आयोजन समिति ने एक बयान में कहा कि उसने इंटर मियामी के सर्जियो बुस्केट्स और टॉमस एविलेस पर भी हाथापाई के दौरान लहसक व्यवहार के लिए क्रमशः दो और तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया है। साउंडर्स के सहायक कोच स्टीवन लेनहार्ट को भी इस झड़प में उनकी भूमिका के लिए पाँच मैचों का निलंबन दिया गया है।

सुआरेज की सजा का मतलब है कि वह अगले साल होने वाले लीग्स कप में पूरी तरह से हिस्सा नहीं ले पाएंगे, और चूंकि ग्रुप चरण में प्रति सीजन केवल तीन मैच खेलने की गारंटी होती है, इसलिए यह प्रतिबंध 2027 के संस्करण तक जारी रह सकता है। हालांकि इस प्रतिबंध का मेजर लीग सॉकर में उनकी उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन लीग्स कप समिति ने कहा कि एमएलएस संबंधित खिलाड़ियों और कोा. चंग स्टाफ पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह विवादों की एक लंबी सूची में नवीनतम है जो सुआरेज के 20 साल के पेशेवर करियर के दौरान उनके साथ रहे हैं, जिसमें लिवरपूल, बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लबों में उनके कार्यकाल शामिल हैं। उन्हें विरोधियों को काटने के लिए तीन बार निलंबन का सामना करना पड़ा है, जिसमें 2014 की एक घटना भी शामिल है जब उन्होंने ब्राज़ील में एक विश्व कप मैच के दौरान इटली के जियोर्जियो चिएलिनी के कंधे को पकड़ लिया था। सुआरेज ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी इस हालिया लापरवाही के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, ष्यह बहुत तनाव और निराशा का क्षण था, जहां खेल खत्म होने के तुरंत बाद ऐसी चीज़ें हुईं जो नहीं होनी चाहिए थीं, लेकिन यह मेरी प्रतिक्रिया को उचित नहीं ठहराती।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ भारत की कप्तानी करेंगे अय्यर



● **वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे**

**मुंबई, वार्ता।** सितंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो बहुदिवसीय मुकाबलों के लिए श्रेयस अय्यर को इंडिया ए का कप्तान नियुक्त किया गया है। के एल राहुल और मोहम्मद सिराज पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि दूसरे मुकाबले के लिए यह दोनों ही खिलाड़ी दल में शामिल होंगे। बीसीसीआई द्वारा मीडिया रिलीज में बताया गया है कि वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे। चयनित दल में ध्रुव जुरेल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं लंबे समय से भारत के लिए टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन को भी जगह दी गई है। तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भी शामिल किया गया है, जगदीशन को पंत के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड दौरे पर पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम का बुलावा भी आया था। जगदीशन ने हाल ही में दलीप ट्रॉफ़ी सेमीफाइनल में साउथ जोन के लिए खेलते हुए नॉर्थ जोन के खिलाफ 197 रनों की पारी भी खेली थी। इंग्लैंड दौरे पर भारत के लिए डेब्यू करने वाले साई सुदर्शन के अलावा पड़िक्किल, नीतीश कुमार और प्रसिद्ध भी दल में शामिल किए गए हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे और तनुष कोटियान को भी दल में जगह दी गई है। युवा चेहरों में आयुष बदोनी, यश ठाकुर, गुरनूर बराड़ और मानव सुथार को भी चुना गया है। वहीं तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में प्रसिद्ध का साथ देने के लिए खलील अहमद भी मौजूद रहेंगे। हालांकि चयनित दल में ऋतुराज का नाम नहीं है, गायकवाड़ ने दलीप ट्रॉफ़ी सेमीफ़ाइनल में सेंट्रल जोन के खिलाफ वेस्ट जोन के लिए 184 रनों की पारी खेली थी। वेस्ट जोन के कप्तान शार्दुल भी इस दल का हिस्सा नहीं हैं। ठाकुर इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट दल का हिस्सा थे। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहला मैच16 से 19 सितंबर और दूसरा मुकाबला 23 से 26 सितंबर तक चलेगा। यह दोनों ही मुक. ाबले लखनऊ में खेले जाएंगे। वहीं इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए और इंडिया ए के बीच 30 सितंबर, 3 अक्टूबर व 5 अक्तूबर को कुल तीन वनडे मुकाबले भी खेले जाएंगे।

**इंडिया ए टीम-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगद. ीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान और विकेटकीपर), हर्ष दुबे, देवदत्त पड़िक्किल, आयुष बदोनी, नीतीश कुमार रेढी, तनुष कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर

### मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र पर हासिल की 118 रन की बढ़त

**बेंगलुरु, वार्ता।** शुभम शर्मा (96), कप्तान रजत पाटीदार (77), उपेंद्र यादव (87) और हर्ष दुबे (75) की शानदार पारियों से मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन शनिवार को आठ विकेट पर 556 रन बनाकर पहली पारी में 118 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। पश्चिम क्षेत्र ने पहली पारी में 438 रन बनाए थे। मध्य क्षेत्र ने कल के दो विकेट पर 229 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसके बल्लेबाजों ने पूरे दिन शानदार बल्लेबाजी की। नाबाद बल्लेबाज शुभम शर्मा ने 60 और पाटीदार ने 47 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। शुभम अपने शतक से मात्र चार रन दूर थे कि तभी रन आउट हो गए। शुभम ने 241 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके लगाए। पाटीदार ने 84 गेंदों पर 77 रन में 14 चौके लगाए। उपेंद्र यादव ने 181 गेंदों पर 87 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

# संस्कृतियों का संगम है मेला गुघालः जसवंत

## भाजपा क्षेत्रीय मंत्री सतेन्द्र सिसौदिया, मंत्री जसवंत सैनी व मेयर डा. अजय ने किया मेला उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रीजाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में आयोजित मेला गुघाल का आज मुख्य अतिथि तथा भाजपा के पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह सिसोदिया, राज्य मंत्री जसवंत सैनी, महापौर डॉ. अजय कुमार ने मुख्य द्वार पर फीता काटकर तथा नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। विधायक राजीव गुंबर, देवेन्द्र निम, किरत सिंह, निवर्तमान महापौर संजीव वालिया, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा व प्रदीप चौधरी, जिला पंचायत चेयरमैन मांगेराम चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ महेन्द्र सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व मंत्री डॉ. धर्मसिंह सैनी व संजय गर्ग भी शामिल रहे।



समारोह को सम्बोधित करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा सामा. जिक धार्मिक कार्यों को सबको बढ़-चढ़कर संपन्न करना चाहिए। सामाजिक कार्यों के लोगों को जगाने का काम करें।

संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प में उत्तर प्रदेश भी विकसित उत्तर प्रदेश बनकर बराबर की भागीदारी करेगा। उन्होंने मेला गुघाल को विभिन्न संस्कृतियों का संगम बताया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत का संकल्प लिया है उसमें सहारनपुर अपनी भागीदारी करने के लिए शहर को लगातार विकास की ओर ले जा रहा है। मेला गुघाल में जहां विभिन्न संस्कृतियों का संगम देखने को मिलेगा वहीं अतुल्य भारत और सहारनपुर का गौरव जैसे कार्यक्रम भी देखने को मिलेंगे।

इसके अलावा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आजम ने श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की गाथा और मेला गुघाल के महत्व से अवगत कराया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने निगम की ओर से अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मेला चेयरमैन नीरज शर्मा व वाईस चेयरमैन के के बत्रा, अहमद मलिक व नूतन तोमर तथा पार्षदों ने अतिथियों को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। संचालन पार्षद ज्योति अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, उपसभापति मयंक गर्ग, पूर्व अध्यक्ष अमित गगनेजा, दिनेश सेठी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, मानवीर सिंह पुण्डीर के अलावा बड़ी संख्या में पार्षदगण मौजूद रहे।

# डीएम-एसएसपी का मेले का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने जनपद में 27 सितम्बर तक आयोजित होने वाले मेला गुघाल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने मेला के लेआउट को बारीकी से देखकर सभी को दिए निर्देश।



श्री बंसल ने निर्देश दिए कि खाद्य सामग्री की दुकानों को स्थान चिन्हित कर एक ही जगह लगाया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दुकान पर प्लास्टिक के तिरपाल का प्रयोग न हो। खाद्य सामग्री बनाने वाली दुकानों में टीन शेड का प्रयोग किया जाए। प्रसाद के विक्रेताओं को सवास्थ्य के दृष्टिगत प्रसाद को ढककर रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि दुकान का स्थान चिन्हित करते हुए यह भी ध्यान दिया जाए कि आपातकाल स्थिति में अग्निशमन सहित अन्य वाहनों की पंहुच आसानी से हो सके।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मौसम के दृष्टिगत कहीं पर भी जल भराव न हो, ऐसे इंतेजाम किए जाएं तथा सुरक्षा मानकों को पूरा किया जाए। उन्होने कहा कि दुकानों के बीच उचित गैप रखा जाए। मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे, बिजली, पेयजल, मजबूत बैरिकेटिंग, साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी विभाग सौंपी गयी जिम्मेदारियों का भली प्रकार से निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त प्रदीप कुमार, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शिक्षक के प्रति प्रेम का प्रतीक हैं उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** शिक्षक दिवस का अवसर डॉ अजय धीमान सहायक अध्यापक ने कहा की हर शिक्षक के लिए विशेष होता है, जब बच्चे अपने गुरु के प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त करते हैं। उनकी चरण स्पर्श, हस्तलिखित शुभकामना कार्ड या छोटे-छोटे उपहार उस प्रेम का प्रतीक हैं, जो किसी भी भौतिक वस्तु से कहीं अधिक मूल्यवान है। बच्चों का यह अनमोल स्नेह शिक्षक के दिल को छू जाता है, और मन में एक सवाल उठता हैख्इस प्यार के बदले बच्चों को क्या रिटर्न गिफ्ट दिया जाए?



शिक्षक का सबसे बड़ा उपहार है बच्चों को ऐसी शिक्षा और संस्कार देना, जो उनके सपनों को उड़ान दे सके। यदि हम उन्हें आत्मविश्वास, साहस और ज्ञान की रोशनी प्रदान करें, तो यह उपहार उनके जीवन में स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। भौतिक वस्तुएं तो क्षणिक होती हैं, लेकिन शिक्षक का मार्गदर्शन और स्नेह बच्चों की आत्मा में अमिट छाप छोड़ता है। यह वह रिटर्न गिफ्ट है, जो उन्हें जीवन की हर चुनौती से लड़ने की ताकत देगा।

इस शिक्षक दिवस पर, बच्चों को छोटी-सी डायरी, प्रेरणादायक किताब या स्टेशनरी देकर उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके साथ, उनकी प्रतिभा की सराहना और प्रोत्साहन के शब्द उन्हें आत्मविश्वास से भर सकते हैं। यह छोटे-छोटे प्रयास बच्चों को यह एहसास दिलाते हैं कि उनका शिक्षक न केवल उनका मार्गदर्शक है, बल्कि उनके सपनों का समर्थक भी है।

## आकाशीय बिजली गिरी

**चिलकाना।** फिरोजाबाद गांव में दो घरों पर आकाशीय बिजली गिरने से बिजली के सभी उपकरण फुंक गए, जिसके चलते पीडितों को लाखों का नुकसान हुआ है।

गांव फिरोजाबाद में मुस्तकीम व नसीम पुत्र सब्बीर के घर पर आक. ाशीय बिजली गिरने से घर में रखे बिजली के सभी उपकरण केबिल, फिटिंग, पंखा, कूलर, टीवी, फ्रिज व इंवर्टर बैंटरा आदि सभी उपकरण फुंक गये। ग्रामीणों ने बताया है कि दोपहर लगभग दो बजे तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई, उसी समय आकाशीय बिजली विद्युत पोल पर लगे तारों पर गिरी तथा मुस्तकीम व नसीम के केबिल से होकर घरों में रखे सभी विद्युत उपकरणों को फुंकते हुए मकान की छत के लैंटर को फाड़कर निकल गई। गनीमत यह रही कि आकाशीय बिजली गिरने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# देश का मुस्लिम असुरक्षितः चन्द्रशेखर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** आजाद समाज पार्टी के प्रमुख और नगीना सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने शनिवार को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत छुटमलपुर निवासी रिजवान के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। रिजवान धार्मिक विद्वेष का शिकार हुए थे। इस दौरान सांसद ने ऐसी घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि जब 15 अगस्त को देश आजादी का जश्न मना रहा था, तब कुछ संकीर्ण मानसिकता वाले लोग धार्मिक आधार पर वैमनस्य और सांप्रदायिकता फैलाने में जुटे थे।



चंद्रशेखर ने आईजी गढ़वाल से फोन पर बात कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। आईजी ने त्वरित और कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। सांसद ने आरोप लगाया कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग ऐसी घटनाओं को उकसाने का काम करते हैं, जिससे अल्पसंख्यक, खासकर मुस्लिम समुदाय, खुद को ठगा और असुरक्षित महसूस कर रहा है।

उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय को आश्वस्त किया कि आजाद समाज पार्टी उनके हर सुख-दुख में साथ है। उन्होंने कहा, ष्हम संविधान के दायरे में रहकर काम करते हैं और जो जैसी भाषा समझता है, उसे उसी भाषा में जवाब देना जानते हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन पर बोलते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार वे धोखेबाजों के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे।

इस अवसर पर भीम आर्मी संरक्षक सतीश रावत, विधिक सलाहकार संदीप कांबोज, विधानसभा अध्यक्ष बेहट विनोद पेग. वाल, नगर अध्यक्ष मोहम्मद सलमान, सचिन कुमार, सुबोध कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सांसद ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया और समाज में एकता व शांति बनाए रखने की अपील की।

# ईद मिलादुन्नबी पर नातिया नशिस्त का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर एक नातिया नशिस्त का आयोजन कर हजरत मुहम्मद (स.अ. व.) की शान में कलाम पढ खिराज ए अकीदत पेश की।



शायर फराज पानी के आवास पर रहनुमा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित नातिया नशिस्त की शुरुआत कुराने पाक पढ़ कर सलमान शाहीद ने की। मुशायरे में मुस्तकीम रोशन ने सुनाया- महशर में बक्शवा ऐंगे शाहे उमम जरूर खुद को बस इस उम्मीद पे मैं जन्नती कहूं। असीम पीरजादा का यह शेर- मेरे जैसा भी नाते सरवरे कौन नैन कहता है, अब होगी इससे बढ़कर क्या करामत मेरे आका की, ने खूब दाद बटोरी। शायर असलम मोहसीन ने पढा कि - फरिश्ते भी उतर आए जमी पर आसमानों से, गुलामाने मोहम्मद की जहां महफिल सजी देखी। अदील ताबिश ने सुनाया- हजार कोशिश करें कोई जमाने में, मजाल है के रुकु वह सूजूद रूक जाए। डॉक्टर रईस ने अकीदत पेश करते हुए पढा- फरिश्ते जिक्रे खुदा सुबह व शाम करते हैं, नबी के दर का बहुत एहतराम करते हैं। सैय्यद अनवर साबरी ने सुनाया आशिकों की अकीदत मिलादुन्नबी, अर्श की शान ए जीनत मिलाद मिलादुन्नबी। अंसर सहारनपुरी का यह शेर- यह देख के ऐ अकसर हैरान हुए दुश्मन, इस गार पे तो कायम मकड़ी का जाला है, काबिले ताईद रहा।

इनके अलावा मुरसलीन हैदर अब्दुल समी अंसारी सलमान शहीद फैसल सईद उस्मानी लताफत उस्मानी मोहम्मद ताहा इनामुल रहमान इमरान खान हारुन खान शाहिद सलमानी मोहम्मद अखलाक काजी साकिब अखलाक अहमद आदि ने भी अपने अशआर सुना अकीदत पेश की। अध्यक्षता मुस्तकीम रोशन और संचालन मशहूर शायर जनाब आसिम पीरजादा ने किया।

## राहत सामग्री भेजी

**गंगोह।** पंजाब के बाढ़ पीडितों की सहायता के लिए क्षेत्र के लोगों ने राहत सामग्री भेजने का अभियान आरंभ किया है।

इस दौरान वहां खाद्य सामग्री के अलावा दैनिक इस्तेमाल की आवश्यक सामग्री भी भेजी जा रही है। आर्य समाज गंगोह ने राहत सामग्री के लिए अभियान चलाया था। शनिवार को पहली खेप को रवाना कर दिया गया। इस कार्य में आर्य समाज के प्रधान देवेंद्र आर्य के अलावा योगेश कुमार, अमित कुमार, शेखर, अनिल आर्य, राकेश कुमार, अजय, रमेश चंद, जबर सिंह रामरिक्ष पाल, अनूप सिंह आदि का योगदान रहा। राहत सामग्री की पहली खेंप में गेहूं, चावल, पानी की बोतलें मच्छरदानी, टार्च, तेल, घी व अन्य आवश्यक सामग्री को रवाना किया जा रहा है। इससे पहले कई गांव के लोगों ने राहत सामग्री को भेजा है।

# रामलीला भवन में विधिवत झंडा पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री रामलीला भवन में आगामी श्री रामलीला महोत्सव का विधिवत झंडा पूजन का शुभारंभ भगवताचार्य पंडित अजय किरण द्वारा विधिवत गणपति पूजन कर सम्पन्न कराया गया।



कमेटी के प्रधान विनय जिंदल व मंत्री सजंय सिंघल, कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा और उत्सव संचालक वैभव बंसल, सह उत्सव संचालक ईशु जैन, देवेंद्र राणा, मोहित सैनी ने संयुक्त रूप से ध्वज पूजन कर, ध्वज यात्रा बेंड बाजो से मुख्य बाजारों से होते हुए वापसी श्री रामलीला भवन में परिक्रमा करके प्रधान व मन्त्री द्वारा नारियल फोड़ कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान विनय जिंदल, मंत्री सजंय सिंघल, कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान श्रीकांत गुप्ता, स्वागताध्यक्ष सजंय कर्णवाल, विश्वनाथ गोयल, प्रेस प्रवक्ता राजा जैन, अनिल अग्रवाल, मंच निर्देशक अमित गर्ग, मुकेश सिंघल, कार्यलय सचिव आयुष सिंघल, उपमंत्री विनीश सिंघल, मनुज तायल, विभोर जिंदल, एवं माई दयाल मित्तल, पवन गोयल, मुकेश सिंघल, मानसिंह जैन, अनिल गर्ग, नवीन महेश्वरी, किशन अग्रवाल, लक्ष्य कम्बोज, अमित सिंघल, सन्नी प्रधान, जतिन वर्मा, सुनील सक्सेना, मनोज गुप्ता, प्रथम कुमार, नितिन अग्रवाल, प्रांजल गर्ग, हरि शंकर गुप्ता, मनोज पण्डित, गुलशन शर्मा, अनुपम गर्ग, सागर गुप्ता, आयुष शर्मा, मोहित जैन, कमल चौरसिया, कपिल, आयुष मित्तल, राहुल जैन, सचिन गोयल, आदि मौजूद रहे।

## अनन्त चतुर्दशी मनाई

**गंगोह।** नगर में अनन्त चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया।

बाबा हरिदास मार्ग स्थित वैष्णो धाम पर प्रात काल में ही मा दुर्गा का पाठ आरंभ किया गया। इससे पूर्व पूजा-अर्चना की गई जिसमें अनेक लोग शामिल रहे जबकि पूजन पं. आशा राम ने संपन्न कराया। पाठ के बाद माता का श्रंगार किया गया तथा चुनरी अर्पण किया गया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया जिसमें अनेक लोगों ने भाग लिया। इसके अलावा अनन्त चतुर्दशी पर्व पर लोगों ने परंपरागत तरीके से पूजन किया तथा अनन्त सूत्र बांधे। जैन समाज द्वारा दस दिन से चलाया जा रहा कार्यक्रम भी अंबा विहार स्थित मंदिर में समाप्त हो गया। इस अवसर पर जैन समाज के मुकुल जैन, संदीप जैन, डा. मनोज जैन, विशाल जैन, मोहित जैन के अलावा समाज की महिलाएं आदि मौजूद रहे।

# सकल जैन समाज के तत्वाधान में सम्पन्न होगा गजरथ यात्रा महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इस वर्ष होने वाला गजरथ महोत्सव सकल जैन समाज के तत्वावधान में सम्पन्न होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने घोषणा की कि 10 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले इस महोत्सव को नगर के सभी जैन क्षेत्रों की सहभागिता से आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि परंपरा के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र का गजरथ महोत्सव क्रमवार आयोजित होता है, किन्तु इस बार नगर में आचार्य श्री विमर्शसागर जी महाराज ससंघ विरा. जित हैं और महोत्सव की भव्यता को देखते हुए इसे सम्पूर्ण जैन समाज स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया है। इस आयोजन में पैरामाउंट कॉलोनी, आवास विकास कॉलोनी, चंद नगर, जैन बाग, महावीर कॉलोनी, मदनपुरी, वर्धमान, बड़तला यादगार, संगियान, शौरमियान, छत्ता जम्बूदास, छत्ता बारूमल, भगवती कॉलोनी, राघवपुरम कॉलोनी सहित सभी क्षेत्रों के श्रावक-श्राविकाओं की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष में 363 दिन श्रद्धालु मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं, जबकि गजरथ यात्रा के दौरान मात्र दो दिन तीन लोकों के नाथ श्री जिनेंद्र प्रभु 17 फीट ऊंचे स्वर्णिम रथ पर विराजित होकर नगर परिक्रमा के लिए निकलते हैं।

इस अवसर पर सैकड़ों भक्त नंगे पैर चलकर भक्ति करते हैं। श्रीजी के रथ पर खव्यासी, सारथी, कुबेर और इंद्र के रूप में बैठने का सौभाग्य बोली के माध्यम से प्राप्त होता है, जिसे अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। यह परंपरा पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से निरंतर चल रही है। समाज का प्रत्येक बालक, युवा, स्त्री और वृद्ध इस यात्रा में सम्मिलित होकर अपने जीवन को धन्य करता है।

जैन बाग जिनालय में श्रीजी के मस्तकाभिषेक का दिव्य दृश्य अत्यंत अलौकिक होता है। इस भव्य आयोजन के साक्षी बनने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु सहारनपुर पहुंचेंगे।

# विश्व शांति के लिए की अभिषेक व शांतिधारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जैन समाज के दस दिवसीय दशलक्षण महा मांगलिक अनुष्ठान के अंतिम दिवस उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा बड़े श्रद्धा भाव से संपन्न हुई।



प्रात:काल जैन बाग स्थित जैन मंदिर में विश्व शांति और समस्त प्राणियों के सुख-समृद्धि के लिए अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। इसके बाद आचार्य विमर्श सागर महाराज के सानिध्य में संपूर्ण जैन समाज जैन फाटक पहुँचा, जहाँ इस वर्ष की वार्षिक गजरथ यात्रा की घोषणा की गई। श्री वीरोदय तीर्थ मंडपम् में धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि दशलक्षण धर्म की साधना करते-करते जब मानव परिग्रह का पूर्ण त्याग करता है और आत्मा में स्थिर हो जाता है, वही वास्तविक ब्रह्मचर्य है। यह सभी धर्मों का सार और धर्म का राजा है। उन्होंने कहा कि धर्म को जीवन में फलीभूत करने के लिए ब्रह्मचर्य में लीन रहना होगा और इंद्रियों पर नियंत्रण आवश्यक है। आचार्य श्री ने यह भी उल्लेख किया कि देशभर में सहारनपुर ही एकमात्र ऐसा नगर है, जहाँ सभी जैन मंदिरों का प्रबंधन और धार्मिक आयोजन श्री दिगंबर जैन पंचायती समिति के अंतर्गत होते हैं। समिति अध्यक्ष राजेश जैन ने अपने कार्यकाल में संत निवास, आधुनिक धर्मशाला, विशाल कार्यालय एवं स्वाध्याय भवन का निर्माण कर संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। कार्यक्रम के दौरान एक अद्‌भुत घटना भी देखने को मिली। आचार्य श्री का ससंघ जैन बाग से संगियान क्षेत्र तक विहार निर्धारित था, लेकिन अचानक तेज वर्षा से मार्ग में डेढ़ फीट तक पानी भर गया। आचार्य श्री ने संकल्प लेते हुए कहा कि सहारनपुर की परंपरा के निर्वहन हेतु वे विहार अवश्य करेंगे। आश्चर्यजनक रूप से जैसे ही संघ मार्ग पर बढ़ा, वर्षा थम गई, जिसे समा. जजनों ने प्रभु का चमत्कार मानकर करतल ध्वनि से स्वागत किया। धर्मसभा में समिति संरक्षक एवं पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, संगियान व फाटक क्षेत्र के चौधरीगण अजीत जैन, दिनेश जैन, महामंत्री संजीव जैन, कोषाध्यक्ष अरुण जैन, सीए अनिल जैन सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

# ढायकी को मिली किसान सेवा सहकारी समिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेडा अफगान।** गंगोह विधानसभा के गांव ढायकी को किसान सेवा सहकारी समिति के रूप में बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र के किसानों को इस सहकारी समिति से बड़ा लाभ होगा। इससे पहले किसानों को रंढेडी किसान सेवा सहकारी समिति में खाद लेने जाना पड़ता था। क्षेत्र वासियों को यह बडी सौगात दिलाने का काम किया है भाजपा विधायक चौधरी कीरत सिंह ने। इस सौगात से खुश होकर ग्रामवासियों ने विधायक के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें समिति का उद्घाटन भी हुआ और सड़कों का शिलान्यास भी हुआ।



सहकारी समिति के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री राजेश नागर ने शिरकत की। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद मंत्री राजेश नागर वरिष्ठ भाजपा नेता,भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री चौधरी पदम सिंह ढायकी के आवास पर पहुँचे जहां पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया तो वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता पदम सिंह ढायकी ने शॉल ओढाकर मंत्री का सम्मान किया। मंत्री राजेश नागर ने चौधरी पदम सिंह के पार्टी के प्रति समर्पण और उनकी ईमानदारी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसे ईमानदार और समर्पित लोगों की वजह से ही पार्टी केंद्र और कई प्रदेशों में सत्ता पर काबिज हुई है।

इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह, गन्ना समिति के चेयरमैन मनोज पुंडीर, डायरेक्टर सुशील कुमार, अजय प्रधान उनाली, डॉक्टर राजवीर सिंह उनाली, सोनू प्रधान ढायकी, तुषार चौधरी, मैनपाल, अमित चौधरी, बबलू, मनोज, मास्टर विक्रम सिंह, मनीष, सुरेंद्र, मास्टर कंवरपाल, सोनू, सन्नी, अजय चौधरी आदि सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पिकअप में लदी भैंस छोड़कर फायरिंग करते भागे बदमाश

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा में पशु चोरी करने आए चोरों में एक ग्रामीण की भैंस चोरी कर ली। पिकअप में लादते समय ग्रामीणों में जाग होने से बदमाशों का पीछा करने के दौरान वे पिकअप मे लदी भैंस छोड़ फायरिंग करते हुए जंगल के रास्ते फरार हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक गांव के अशोक पुत्र ताराचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात चोरों ने उसके घेर में घुसकर एक भैंस चोरी कर ली। चोर गांव के निकट भिक्कनपुर जाने वाले रास्ते पर चोरी की गई भैंस को पिकअप में लादने लगे।

मोहल्ले के लोगों को चोरों की आहट होने पर जाग हो गई, और ग्रामीण चोरों को पकडने के लिए दौड़ पड़े। पशु चोर ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख भैंस से लदी पिकअप वहीं छोड़कर ग्रामीणों पर फायरिंग करते हुए जंगल के रास्ते फरार हो गए। मौके पर इकठा हुए ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी तो वह भी घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों ने चोरों की पिकअप को पुलिस को सौंप दिया ।पीडित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनका पता लगाने में जुट गई है। एक बार फिर से पशु चोरों के सक्रिय होने पशु पालकों मे भय व्याप्त हो गया है।

# बाढ़ पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के धार्मिक संगठनों व संस्थाओं द्वारा पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री एकत्रित कर भेजी गई।

शनिवार को श्रीगुरु रविदास प्रबंध समिति सुल्तानपुर के महासर्. चव आकाश काशी ने बताया है संस्था के सभी सदस्यों व युवाओं ने मिलकर 2 दिन में रविदासिया समाज से राशन एकत्रित किया। व जरूरत का अन्य समान खरीद कर सभी सामान एक टेम्पो के माध्यम से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए रवाना किया है। राशन एकत्रित करने वालों में डॉ बीआर समिति के अध्यक्ष अजय कुमार, सोनित कुमार, सुशील लाम्बा, प्रमोद कुमार, अंकित, कल्याणी, सुमित, आशु, मोहित, दीपक, विशाल, अतुल आदि युवा शामिल रहे। वहीं चिलकाना नगर में इमाम जामा मस्जिद मौलाना मुअव्वज की अगुवाई में युवाओं ने भारी मात्रा में राशन, कपड़े, दवाईयां व जरूरत का अन्य सामान एकत्र करके पिकअप गाड़ियों के माध्यम से पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भिजवाया है। भिजवाने वालों में अहसान, अजहर, अतहर, सरफराज, हफीजुर्रहमान, फरमान, जावेद, अब्दुल मालिक, अब्दुल अजीज, मुकर्रम, डॉ जीशान, उमर दराज, शोएब, आबाद आदि सहित सैंकड़ो युवा शामिल रहे।

# रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने में असफल रहाः ट्रम्प

## पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया, नहीं कर पाया अपना वादा पूरा

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से संघर्ष चल रहा है और अभी भी इसके थमने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। कारण है कि पिछले दिनों इस संघर्ष को खत्म करने के सभी प्रयास विफल होते दिख रहे है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि वह अपने एक बड़े चुनावी वादे को पूरा नहीं कर सके। ट्रम्प ने माना कि वह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने में नाकाम रहे हैं, जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल का सबसे कठिन संघर्ष बताया।

ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले आधिकारिक डिनर पर कही। इस दौरान ट्रम्प ने ये भी दावा किया कि उन्होंने दुनिया के कई पुराने युद्धों को खत्म किया है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे बड़ी चुनौती बन गया। इस डिनर में अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य और अन्य वरिष्ठ मेहमान मौजूद थे। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैंने सोचा था रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे आसान होगा, क्योंकि मेरी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे संबंध है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सबसे मुश्किल निकला। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में कि एक युद्ध जो 31 साल से चल रहा था, 2 घंटे में खत्म हुआ, दूसरा 35 साल, और तीसरा 37 साल



**ट्रम्प ने यह बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले अधिकारिक डिनर पर कही**

पुराना संघर्ष भी उन्होंने सुलझा लिया। बता दें कि ट्रम्प ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि वे सत्ता में आते ही 24 घंटे में रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कर देंगे, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अगस्त में हुई अलास्का शिखर बैठक को उन्होंने उत्पादक बताया, लेकिन कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ। इस दौरान ट्रम्प ने ये भी कहा कि लोगों ने कहा था कि ये युद्ध खत्म नहीं हो सकते, लेकिन मैंने उन्हें खत्म किया। रूस और यूक्रेन वाला कठिन है, पर हम इसे भी हल करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को ट्रम्प ने अपने युद्ध रोकने के पहले के दावे में बदलाव करते हुए कहा कि उन्होंने सात नहीं, तीन युद्ध रोके हैं।

## रूस पर नई सख्ती की तैयारी

**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में अब अमेरिका और यूरोपीय देश इस संघर्ष को खत्म करने की योजना तैयार कर रहे हैं। इसके लिए यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अमेरिकी वित्त मंत्रालय से मुलाकात करेगा। मीडिया रिपोर्ट की माने तो इस टीम का नेतृत्व यूरोपीय संघ के प्रतिबंध दूत डेविड ओ सुलिवन कर रहे हैं। बैठक में रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंधों और अन्य दबावों पर चर्चा होनी है।

इस संघर्ष को जल्द खत्म करने के दावे को लेकर बैठे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रूस और यूक्रेन युद्ध को 3.5 साल बाद भी खत्म न कर पाने से नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच सीधी बातचीत करवाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इन प्रयासों के तहत पहले तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन से पिछले महीने अलास्का में एक शिखर बैठक की थी, हालांकि इसके बाद भी रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक अमेरिकी फैक्ट्री पर ड्रोन और मिसाइल हमला कर दिया। ऐसे में सोमवार को होने वाली बैठक पर सभी की नजरें हैं। बता दें कि इस बैठक

**अमेरिका-यूरोप साथ मिलकर तैयार कर रहे योजना**

में व्हाइट हाउस, विदेश विभाग और यूएस ट्रेड प्रतिनिधि के अधिकारी भी शामिल होंगे। यूरोपीय प्रतिनिधि मंडल में ऊर्जा, वित्तीय सेवा, व्यापार और प्रतिबंधों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। ट्रम्प ने हाल ही में यूरोपीय देशों से रूसी तेल की खरीद बंद करने को कहा है, जिससे रूस की जंग को फंडिंग मिल रही है। ट्रम्प ने कहा कि यूरोप ने एक साल में रूस से 1.1 बिलियन यूरो का तेल खरीदा, जो गलत है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि चीन पर भी आर्थिक दबाव बनाना जरूरी है, क्योंकि वह परोक्ष रूप से रूस की मदद कर रहा है। इस बीच, यूरोपीय देशों ने अलग से बैठक कर यूक्रेन में शांति सेना भेजने पर विचार किया है। लेकिन रूस ने चेतावनी दी है कि अगर विदेशी सैनिक यूक्रेन में तैनात हुए तो उन्हें रूस अपनी तरफ से वैध निशाना मानेगा। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। अमेरिका और यूरोप मिलकर रूस पर दबाव बढ़ाने की रणनीति बना रहे हैं, जबकि ट्रम्प की नाराजगी और असफल डिप्लोमैसी पर अब सख्त रुख अपनाने के संकेत मिल रहे हैं।



अनंतनाग। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को दौरा करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## ट्रम्प ने पेंटागन का नाम बदलने के आदेश पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रक्षा विभाग पेंटागन का नाम बदलकर युद्ध विभाग करने के एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए है। उन्होंने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि दुनिया की स्थिति को देखते हुए यह एक अधिक 'उपयुक्त' नाम है।

ट्रम्प ने आदेश पर हस्ताक्षर करने से पहले सीएनएन की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह एक अधिक उपयुक्त नाम है, खासकर दुनिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए। हमारे पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना है। सीएनएन द्वारा प्राप्त एक तथ्य पत्रक के अनुसार यह आदेश रक्षा मंत्री, रक्षा विभाग और अधीनस्थ

**पेंटागन के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय के बाहर लगे साइनेज बदल दिए**

अधिकारियों को कार्यकारी शाखा के भीतर आधिकारिक पत्रचार, सार्वजनिक संचार, औपचारिक संदर्भों और गैर-वैधानिक दस्तावेजों में 'युद्ध मंत्री', 'युद्ध विभाग' और 'युद्ध उप मंत्री' जैसे द्वितीयक पदों का उपयोग करने का अधिकार देता है। पेंटागन के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय के बाहर लगे साइनेज बदल दिए और विभाग की वेबसाइट का भी नवीनीकरण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुतिन ने किया यूक्रेन में पश्चिमी सुरक्षा प्रस्ताव को खारिज

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेरिस शिखर सम्मेलन के बाद युद्धविराम लागू होने के अगले ही दिन यूक्रेन में 'आश्वासन बल' के रुप में सैनिकों को तैनात करने के पश्चिमी प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन के 26 सहयोगी देशों ने लड़ाई रुकते ही सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'थल, जल या हवा' से सैनिकों को तैनात करने की औपचारिक प्रतिबद्धता जताई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मैक्रों ने इसमें शामिल किसी भी देश का विवरण नहीं दिया। रिपोर्ट के अनुसार पुतिन ने सहयोगियों की पहल को खारिज करने की कोशिश की और चेतावनी दी कि यूक्रेन में तैनात कोई भी सैनिक 'वैध निशाना' होगा, खासकर अगर वे अभी दिखाई देते हैं, हालांकि तत्काल तैनाती की कोई योजना नहीं है।

### पाकिस्तान में वर्षाजनित घटनाओं में 21 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम 21 लोगों की मौतें हुई हैं। रिपोर्टों के मुताबिक पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले में 13 मौतों की भी पुष्टि हुई है। ये लोग 15 अगस्त को अचानक आई बाढ़ के दौरान लापता हो गए थे और बाद में प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सत्यापन के बाद स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारियों के मुताबिक पूर्वी पंजाब प्रांत में आठ मौतें हुई, जिनमें से जयादातर नदी में आई बाढ़ और घर ढहने के कारण हुई।

### शेरपा वियतनाम में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी शेरिंग वांगचुक शेरपा को वियतनाम में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वह विदेश सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी हैं और अभी विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। इससे पहले वियतनाम में संदीप आर्य भारत के राजदूत थे। भारत और वियतनाम के बीच पारंपरिक रूप से घनिष्ठ संबंधों पर आधारित समग्र रणनीतिक साझेदारी है।

## थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर भागे

**बैंकाक।** थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर अपने प्राइवेट जेट से दुबई चले गए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी। थाईलैंड की कोर्ट 9 सितम्बर को थाकसिन के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन ने एक्स पर लिखा कि वे इलाज के लिए सिंगापुर जा रहे थे, लेकिन पायलट ने बताया कि जेट को वहां नहीं उतारा जा सकता है, इसलिए उन्हें दुबई जाना पड़ा।

हालांकि, थाकसिन ने लिखा कि वह कोर्ट के फैसले के लिए 9 सितम्बर को वापस लौटेंगे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि थाकसिन वापस नहीं आएंगे। 2006 में पद से हटाए जाने के बाद भ्रष्टाचार के आरोप में जब उन्हें 15 सालों की सजा हुई थी, तब भी वे विदेश भाग गए थे। थाकसिन 2023 में जब थाईलैंड

**इलाज के बहाने दुबई गए, कोर्ट नौ सितम्बर को सजा सुनाने वाली थी**

लौटें तब कोर्ट ने पुराने भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें फिर 8 सालों की सजा सुनाई। इस सजा को थाईलैंड के राजा ने घटाकर एक साल कर दिया।

थाकसिन पर आरोप है कि उन्होंने यह एक साल जेल में नहीं बल्कि पुलिस जनरल अस्पताल के एक कमरे में बिताया है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट जांच कर रही है और 9 सितम्बर को फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन शिनवात्रा ने थाईलैंड में फ्यू थाई पार्टी की स्थापना की। इस पार्टी ने दो दशक से सत्ता में अपना प्रभाव बनाए रखा। शिनवात्रा परिवार 2001 से 2006 तक, 2011 से 2014 और 2024 से 2025 तक शासन में रहा। थाकसिन की बेटी पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा भी थाईलैंड की पीएम रह चुकी हैं।

## तालिबान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा रद्द, पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी

**काबुल।** तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की इस महीने भारत आने की योजना रद्द हो गई। इसके पीछे की वजह है संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के यात्रा प्रतिबंध, जिनमें छूट नहीं मिल सकी। अगर यह यात्रा होती, तो 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से किसी मंत्री की भारत की पहली यात्रा होती। संयुक्त राष्ट्र की 1988 प्रतिबंध समिति तालिबान नेताओं पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति जब्ती और हथियारों पर रोक की निगरानी करती है। इसका अध्यक्ष वर्तमान में पाकिस्तान है, पाकिस्तान ने मुत्तकी को छूट देने से इनकार किया। इस समिति में सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य शामिल हैं, और अगर एक भी सदस्य आपत्ति जताए, तो छूट नहीं मिलती। पिछले महीने मुत्तकी की पाकिस्तान यात्रा भी अमेरिका की आपत्ति के कारण रद्द हुई थी।

## भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन

### नेपाली पीएम ओली ने मुद्दा उठाया, जिनपिंग बोलेः आपका आपसी मामला, मिलकर सुलझाएं

**बीजिंग/काठमांड।** चीन ने भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में पड़ने से इन्कार कर दिया है। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के मुताबिक जिनपिंग ने कहा है कि लिपुलेख एक पारंपरिक दर्रा है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन यह विवाद भारत और नेपाल का द्विपक्षीय मसला है।

इसे दोनों देशों को आपसी बातचीत से सुलझाना चाहिए। नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली ने कहा था कि यह इलाका नेपाल का हिस्सा है और भारत-चीन के बीच हुए हालिया सहमति पर नेपाल ने आपत्ति दर्ज कराई है। दरअसल, 19 अगस्त



**नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है**

को भारत और चीन ने लिपुलेख पास को ट्रेड रूट के तौर पर फिर से खोलने का फैसला किया था। इस पर नेपाल ने विरोध जताया था। नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है, जबकि भारत इन्हें लंबे समय से अपने हिस्से में मानता है। नेपाल के पीएम ओली 16 सितम्बर को भारत दौरे पर आएंगे। इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की थी। बैठक में भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत करने, कनेक्टिविटी, व्यापार और विकास सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी।

ओली के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौते होने की संभावना है। पिछले साल जुलाई में ओली के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनका भारत दौरा लगातार टलता रहा है। ब्रिटिश काल में भी भारत और चीन के बीच हिमालय का लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था।

साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपये का आयात और 96.5 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। धारचूला भारत-नेपाल सीमा पर बसा है और आदि कैलाश व मानसरोवर का पारंपरिक मार्ग भी यही है। यह मार्ग लिपुलेख दर्रे से तिब्बत को जोड़ता है। ब्यांस, दारमा और चौंदास घाटी के व्यापारी 10वीं सदी से इस दर्रे के जरिए कारोबार करते आ रहे हैं। 5,334 मीटर ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रा सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि सदियों पुरानी सांस्कृतिक और आर्थिक साझेदारी का प्रतीक भी है। पहले व्यापारी 1100 साल तक पैदल व खच्चरों से माल ढोते थे।

## अमेरिकी विशेषज्ञों ने ट्रम्प को कठघरे में खड़ा किया

### कहाः पीएम मोदी ने नोबेल पुरस्कार देने का समर्थन नहीं किया, तो ट्रम्प इसे दिल पर ले गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष विद्वान ने भारत और अमेरिका के संबंधों में आई खटास की संभावित वजह का कारण बताते हुए कहा कि ट्रम्प खुद को वैश्विक शांतिकार दिखाना चाहते हैं और इसी के चलते उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश की, लेकिन जब पीएम मोदी ने इससे इनकार किया और ट्रम्प के नाम का नोबेल शांति पुरस्कार के लिए समर्थन नहीं किया तो ट्रम्प इस बात को शायद निजी तौर पर ले गए और बुरा मान गए।

अमेरिकी शिक्षाविद् टेरिल जोंस ने कहा कि ट्रम्प की रणनीति दो पक्षों में बातचीत के लिए पहले बड़ी-बड़ी शर्तें लगाना और फिर उन्हें बातचीत के लिए मजबूर करना है और अभी भी वे यही कर रहे हैं। जोंस ने कहा कि ट्रम्प ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी

**ट्रम्प ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे**

उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे, लेकिन जब पीएम मोदी ने ऐसा नहीं किया तो ट्रम्प इस बात को दिल पर ले गए और इसी के चलते ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ लगाया। प्रोफेसर टैरिल जोंस ने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प वैश्विक नेता बनना चाहते हैं। न सिर्फ राजनीतिक, आर्थिक तौर पर बल्कि भू-राजनीतिक तौर पर भी।

इसलिए उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने में बहुत जल्दबाजी की। जबकि प्रधानमंत्री मोदी से इससे इनकार करते रहे और उन्होंने कहा कि हमें पाकिस्तान से बातचीत के लिए अमेरिका या किसी भी अन्य देश की कोई जरूरत नहीं है। जब ट्रम्प चाहते थे कि पीएम मोदी नोबेल शांति पुरस्कार के लिए उनके नाम का समर्थन करें, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो ट्रम्प ने इस बात को निजी तौर पर ले लिया। जब ट्रम्प कोई बात निजी तौर पर ले लेते हैं तो वे उस पर प्रतिक्रिया देते हैं और उन्होंने कई मौकों पर कहा भी है कि टैरिफ शब्द इंग्लिश भाषा का सबसे सुंदर शब्द है। अमेरिकी शिक्षाविद् टेरिल जोंस ने ये भी कहा कि अमेरिका, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात कर सकता है, अमेरिका रूस से भी बात कर सकता है, लेकिन हो सकता है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस पर ध्यान न दें, लेकिन भारत ऐसा देश है, जो दोनों देशों से बात कर सकता है और दोनों देशों के नेता, भारत की बात को ध्यान से सुनेंगे। ऐसे में अगर कोई बड़ा देश है तो ये देश मध्यस्थता की भूमिका निभा सकते हैं।

## रिपोर्ट में खुलासाः खालिस्तानी समूहों को कनाडा से मिल रही फंडिंग

**ओटावा।** कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें खुलासा किया गया है कि खालिस्तानी समूहों सहित कई आतंकी संगठनों को राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही है।

कनाडा सरकार की '2025 के धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों के आकलन' रिपोर्ट में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन सहित कुछ खालिस्तानी समूहों को राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद की श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट में खालिस्तानी समूहों और अन्य आतंकी संगठनों पर अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गैर-लाभकारी और धर्मार्थ क्षेत्रों सहित विभिन्न वित्तपोषण नेटवर्क का गलत फायदा उठाने का संदेह जताया गया है। रिपोर्ट में 'राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद' को नई राजनीतिक व्यवस्था या मौजूदा व्यवस्था के भीतर नए ढांचे और मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के उपयोग के रूप में परिभाषित किया गया है। इन चरमपंथी समूहों को कनाडाई कानून के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, जिसमें हमास और हिजबुल्ला भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह के उग्रवाद में धार्मिक तत्व शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह मुख्य रूप से राजनीतिक आत्मनिर्णय या प्रतिनिधित्व से जुड़ा मामला है। रिपोर्ट में कहा गया है, खुफिया जांच एजेंसियों को पता चला है कि कनाडा में हमास, हिजबुल्ला और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन आदि संगठनों को वित्तीय मिल रही है।

**कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की, राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही**

## किम जोंग उन की वारिस ने खींचा दुनिया का ध्यान

**बीजिंग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बेटी तेरह साल की हैं, लेकिन घुड़सवारी, तैराकी और स्कीइंग में निपुण हैं।


उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग को लेकर लोगों में उत्सुकता रहती ही है, लेकिन चीन की वार्षिक सैन्य परेड में शी जिनपिंग और पुतिन जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में भी अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की नजर अगर उनकी इस बेटी पर जमी रही, इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार जरूर गर्म हो गया है। हाल ही में हुई चीन की 75वीं वार्षिक सैन्य परेड वैसे तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन समेत करीब 25 राष्ट्र प्रमुखों की मौजूदगी की वजह से दुनिया भर में चर्चा के केंद्र में रही। लेकिन, परेड में शामिल होने आए किम जोंग के पीछे-पीछे चल रही एक किशोरी ने अनायास अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। पता चला कि यह किशोरी किम जोंग उन की करीब तेरह वर्षीय बेटी किम जू ऐ हैं। रहस्यों से भरे उत्तर कोरियाई तानाशाह 'किम' परिवार के बारे में जानने की उत्सुकता तो हर किसी की रहती है, लेकिन फिलहाल लोग किम जू ऐ के बारे में जानना चाह रहे हैं और उनके बारे में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## इमरान खान ने सेना प्रमुख पर बोला हमला

### कहाः मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे, अघोषित मार्शल लॉ लागू

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर करारा हमला बोला है। उन्होंने जेल से कहा कि मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे हैं ताकि अपनी हुकूमत लंबे समय तक चला सकें। इमरान ने यह भी दावा किया कि इस समय देश पर अघोषित मार्शल ला थोप दिया गया है। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान इस समय जेल में बंद हैं।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के चुनावों में धांधली करके शहबाज शरीफ की 'कठपुतली सरकार' बनाई गई। और अब आसिम मुनीर के इशारे पर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जुल्म ढाए जा रहे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में इमरान खान ने कहा कि आज असीम मुनीर अपने शासन को बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं, जिससे देश कमजोर हो



**इमरान ने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की**

रहा है। जिन लोगों (मुनीर एंड कंपनी) ने जनादेश चुराया है, वे डरे हुए हैं। इसी डर के कारण हमारे खिलाफ अत्याचार बढ़ रहा है। इमरान ने आगे कहा कि मुझे और मेरी बीवी बुशरा को 'एकांत कारावास' में रखकर ये लोग चाहते हैं कि मैं मानसिक रूप से टूट जाऊं। मुझे तोड़ने की इन लोगों की योजना का असली उद्देश्य यह है कि मैं अपनी विचारधारा छोड़ दूं और जनता की आवाज दबा दी जाए। आगे उन्होंने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की।

जब गृहयुद्ध के बाद पूर्वी पाकिस्तान अलग होकर बांग्लादेश बना था। इमरान खान ने कहा कि 1971 और आज के बीच एकमात्र अंतर यह है कि अब लोग ज्यादा जागरूक हैं। सोशल मीडिया के जरिए सभी तथ्य और जानकारी जनता के सामने रहती हैं। साथ ही लोगों ने अत्याचार के खिलाफ अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना सीख लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्दी ही यह दमनकारी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। साथ ही, इमरान खान ने सरदार अताउल्लाह मेंगल की पुण्यतिथि के अवसर पर बलूचिस्तान में आयोजित एक रैली में हुए बम विस्फोट की भी कड़ी निंदा की।

## रूस ने इंटरनेट ब्लैकआउट बढ़ने पर नया 'सुपर-ऐप' किया लांच

**मॉस्को।** रूस के मीडिया नियामक रोस्कोम्नाडज़ोर द्वारा अगस्त के मध्य में लगाए गए नए प्रतिबंधों का लाखों रूसी नागरिकों को सामना करना पड़ रहा है। ये प्रतिबंध रूस में सबसे लोकप्रिय मैसेजिग एप व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए की जाने वाली कॉल पर लगाए गए हैं। बीबीसी के मुताबिक इसी समय रूसी फर्म ने मैक्स नाम से एक नए राष्ट्रीय मैसेंजर एप को लांच किया है, जिसे क्रेमलिन नियंत्रित करता है। यदि देश में व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की आंकड़ों की बात करें तो कुल 14-30 करोड़ की आबादी में से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या क्रमशः 9-7 और नौ करोड़ होने का अनुमान है।



# फ्लाइट के साथ जुड़ी सान्या मल्होत्रा

**मुंबई।** रिलैक्सो फुटवेयर्स लिमिटेड के मशहूर फैमिली फैशन फुटवेअर ब्रांड, फ्लाइट ने बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही, ब्रांड ने त्यौहार और शादी के सीजन के लिए नई डिजाइन्स की शानदार रेंज भी लॉन्च की है, जिससे लोग हर मौके पर स्टाइलिश अंदाज अपना सकें। फ्रलाइट ने इस ऐलान के साथ ही एक जबरदस्त 360-डिग्री मार्केटिंग कैंपेन भी शुरू किया है, जो आत्मविश्वास, अपनी पहचान और स्टाइल के साथ आगे बढ़ने के संदेश को सामने लाता है।

सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्रलाइट की जीवंत सोच- सर उठा, कदम बढ़ा से बखूबी मेल खाती है। इस साझेदारी के माध्यम से फ्लाइट का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को यह एहसास दिलाना है कि स्टाइल सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान दिखाने का तरीका भी है। सान्या मल्होत्रा ने कहा कि मुझे फ्रलाइट परिवार का हिस्सा बनकर सचमुच बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि यह ब्रांड उन सब बातों को दर्शाता है, जिन पर मैं भरोसा करती हूं, जैसे कि आत्मविश्वास, आराम और अपनी राह खुद चुनना। ब्रांड की टैगलाइन सर उठा कदम बढ़ा आगे बढ़ने के जज्बे और अपनी पहचान के साथ जीने की बात करता है। यही वो बातें हैं, जो मुंबई आने से लेकर अभिनेत्री बनने तक की मेरी अपनी यात्रा से गहराई से जुड़ती हैं।

**सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्लाइट की जीवंत सोच- सर उठा, कदम बढ़ा से बखूबी मेल खाती है। इस साझेदारी के माध्यम से फ्रलाइट का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को यह एहसास दिलाना है कि स्टाइल सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान दिखाने का तरीका भी है।**



# युवा दिलों की धड़कन 'सैयारा' ने पूरे किए 50 दिन

**मुंबई।** यशराज फिल्मस यानि वाईआरएफ के बैनर तले बनी फिल्म सैयारा ने सिनेमाघरों में प्रदर्शन के 50 दिन पूरे कर लिए हैं। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी और वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी निर्मित सैयारा, 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्या की मुख्य भूमिका है। अहान और अनीता की रोमांटिक केमिस्ट्री को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर भारतीय बाजार में 330 करोड़ की कमाई की है। फिल्म सैयारा के रिलीज के 50 दिन पूरे हो गए हैं। फिल्म सैयारा के 50 दिन पूरे होने की खुशी में अनीत पड्या और अहान पांडे ने कुछ लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज के साथ दोनों ने लिखा, आज उस फिल्म के 50 दिन पूरे हो गए हैं जिसने हमें दुनिया के सामने लाया और दुनिया को हमारे सामने। जो प्यार हमें मिला वो प्रकृति के इस नियम को सच साबित करता है कि अगर आप करिश्में में विश्वास रखते हैं, यदि आप उसे महसूस करते हैं, तो दुनिया भी इसे आप के साथ महससू करने लग जाती है। हमारे लिए यह एक ऐसा समय है जब हम बस अपनी आंखें बंद करते हैं और हमें सिर्फ आप ही नजर आते हैं। हमारी तरह फिल्म को बिना जज किए देखने के लिए शुक्रिया-हमें एक अवसर देने के लिए शुक्रिया। हमें यह एहसास दिलाने के लिए शुक्रिया कि ईमानदारी और प्यार दुनिया में किसी भी और चीज से ज्यादा पावरफुल होते हैं, यही एक ऐसी खूबसूरत चीज है जिसे हम आप लोगों के साथ आगे लेकर जाना चाहेंगे।

# कंतारा: चैप्टर 1 की दिखी दमदार झलक

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स ने अपनी आने वाली फिल्म कंता. रा: चैप्टर 1 से दमदार झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। होम्बले फिल्म्स की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्म कंतारा: चैप्टर 1 इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक मानी जा रही है। कंतारा, वर्ष 2022 में प्रदर्शित हुई थी। यह फिल्म साल की सबसे सफल फिल्म बनने के साथ बॉक्स ऑफिस पर स्लीपर हिट बन गई। अब दर्शक बेसब्री से इसके प्रीक्वल को सिल्वर स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। मेकर्स ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कंतारा: चैप्टर 1 की एक झलक शेयर की है, जिसमें ऋषभ शेट्टी का इंटेंस अवतार देखने लायक है। इस पोस्ट के जरिए मेकर्स ने फिल्म की रिलीज में बचे सिर्फ 27 दिनों का काउंटडाउन शुरू कर दिया है और साथ ही एक दिलचस्प अपडेट आने की तरफ भी इशारा किया है, बीते समय की पवित्र गूंज 2 अक्टूबर 2025 को पूरी दुनिया में गूंजेगी। होम्बले फिल्म्स की कंतारा: चैप्टर 1 सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। होम्बले



फिल्म्स 2022 की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म की विरासत को आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मेकर्स ने कंता. रा: चैप्टर 1 के लिए नेशनल और इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट के साथ एक बड़ा वॉर सीक्वेंस तैयार किया है, जिसमें 500 से जडादा कुशल फाइटर्स और 3,000 लोग शामिल हैं। यह सीक्वेंस 25 एकड़ में फैले एक पूरे शहर में, ऊबड़-खाबड़ इलाके में 45-50 दिनों के दौरान फिल्माया गया था, जो इसे भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़े सीक्वेंसेज में से एक बनाता है।यह फिल्म 2 अक्टूबर को दुनिया भर में कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, मलयालम, तमिल, बंगाली और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी।

# सोनम ने ज़ोया ज्वैल्स के नए कलेक्शन में बिखेरा जलवा

**हैदराबाद।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने जोया ज्वेल्स के नए कलेक्शन व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली में जलवा बिखेर दिया। टाटा ग्रुप के लग्जरी ब्रांड घेया ने हैदराबाद में अपने प्रतिष्ठित व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली कलेक्शन का अनावरण किया। इस मौके पर ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर के साथ टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीजन के सीईओ अजॉय चावला मौजूद रहे। ग्लोबल फैशन आइकन सोनम कपूर ने एक बार फिर सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने राहुल मिश्रा कूचर का शानदार गाउन पहना था और जोया के नवीनतम कलेक्शन के स्प्रिंग सांग चोकर और इयररिंग्स से अपने लुक को पूरा किया। बर्फ की शांति और सेबों की हरियाली की झलक लिए ए ज्वेल्स सोनम के ग्लैमरस अंदाज को और भी निखारते नजर आए।



# मेधावी विमल ने जीता मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 अवार्ड

**नोएडा।** ग्रांड फिनाले मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 का आयोजन 12 जुलाई 2025 को द लीला एम्बीपेंश होटल गुरुग्राम में किया गया। इससे पूर्व हजारों की संख्या में ऑडिशन्स हुए, 1152 प्रतिभागियों जो कि इंडिया व विदेश से थे इस प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित हुए।

इनमें से डा. मेधावी विमल सिंह को उनकी ग्रेस कान्फिडेंस व पर्सनेलिटी के लिए मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 मेगनीफिसेंट पुरस्कार से नवाजा गया। डा. मेधावी विमल ने एमबीबीएस व एमडी की शिक्षा दिल्ली से प्राप्त की है। वह श्याम लाल विमल, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारी विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अनीता विमल जोकि एक कुशल होम मेकर हैं की पुत्री हैं। इनके पेरेंट्स वर्तमान में ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। इनकी शादी वर्ष 2019 में प्रशांत सिंह आईआरएसई अधिकारी के साथ हुई। इस समय वह चार साल की नितिशा की मां हैं। इनकी स्कूली शिक्षा उप्र से व उच्च शिक्षा दिल्ली से हुई है। वर्तमान में वह अपने पति के साथ अहमदाबाद गुजरात में रहती हैं। यह प्रतिस्पर्धा शो ग्लेमर गुरुग्राम जिसके हेड मिसेज बरखा व अभिषेक हैं, द्वारा कराया गया।







# सीमा पाहवा से ट्रेनिंग ले रही हैं निर्मित कौर अहलूवालिया

**मुंबई।** अभिनेत्री निर्मित कौर अहलूवालिया ने शिक्षक दिवस के मौके पर दिग्गज अभिनेत्री और निर्देशक सीमा पाहवा के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया। निमृत इस समय सीमा पाहवा के मार्गदर्शन में अपनी कला को निखार रही हैं। आने वाली एक अनटाइटल्ड फिल्म में, जिसे सीमा पाहवा निर्देशित कर रही हैं, निर्मित को उनसे सीखने और अभिनय की बारीकियों को समझने का मौका मिल रहा है।

अपने अनुभव साझा करते हुए निर्मित ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे सीमा पाहवा मैम के निर्देशन और मार्गदर्शन में काम करने का मौका मिला। वह न सिर्फ बेहतरीन अभिनेत्री हैं बल्कि एक शानदार टीचर भी हैं, जो अपने छात्रों से उनका बेस्ट निकलवाना जानती हैं।



इस प्रोजेक्ट के दौरान मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा, चाहे वह किरदार की गहराई समझना हो, परफॉर्मेंस में ईमानदारी लाना हो, या फिर यह देखना कि वह हर सीन को कितनी गंभीरता और बारीकी से अप्रोच करती हैं। उन्होंने मेरी सोच को और गहरा किया है और मुझे बतौर आर्टिस्ट निखारा है।

सबसे खास बात जो मैंने उनसे सीखी है, वह यह कि वह आपको अपनी सच्चाई खोजने के लिए प्रेरित करती हैं, न कि केवल उनके बताए अनुसार चलने के लिए। मेरे लिए सीमा मैम सिर्फ डायरेक्टर या मेंटर नहीं बल्कि एक प्रेरणा और मार्गदर्शक हैं। शिक्षक दिवस के मौके पर मैं दिल से उनका धन्यवाद करना चाहती हूं कि वह मेरी इस यात्रा का इतना अहम हिस्सा बनीं।

